समृद्धि न्यूज़

| सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|
| 57,527.10 | 16,945.05 |

तापमान



अधिकतम 31 °c

न्यूनतम 19 °c

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार





योगी सरकार के छह सालः नगर विकास में सफाई पर ध्यान... पेज-02

योगी का पशु पक्षियों से प्रेम छिपा नहीं हैः भूपेंद्र चौधरी पेज-03




वर्ष 10 | अंक 215 | लखनऊ, 27 मार्च सोमवार, 2023 | पृष्ठ 12 | मूल्य 2.00 | www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com




चौथा रोज़ा

| सुन्नी | शिया |
|---|---|
| इफ्तार 6.22 | इफ्तार 6.32 |
| सहरी 4.45 | सहरी 4.35 |

**मां कात्यायनी**



या देवी सर्वभूतेषु माँ कात्यायनी रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥ मां कात्यायनी का ध्यान मंत्र वन्दे वाञ्छित मनोरथार्थ चन्द्रार्धकृतशेखराम्।



### अतीक अहमद को साबरमती जेल से लेकर निकली यूपी पुलिस

# आज प्रयागराज पहुंचेगा काफिला

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

प्रयागराज के बहुचर्चित उमेश पाल अपहरण कांड मामले में पेशी के लिए माफिया अतीक अहमद को साबरमती सेंट्रल जेल से उत्तर प्रदेश लाया जा रहा है। यूपी पुलिस की एसटीएफ टीम का काफिला साबरमती से अतीक को यूपी लाने के लिए सड़क रास्ते का प्रयोग कर रहा है। साबरमती से प्रयागराज आने में तकरीबन 40 घंटे का समय लगेगा, इस बीच काफिला तकरीबन 1300 किमी का सफर पूरा करेगा। सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए काफिले में 6 गाड़ियां शामिल की गई हैं। उमेश पाल हत्याकांड मामले में 28 मार्च को कोर्ट में सुनवाई है, सुनवाई के दौरान अतीक को पेशी पर लाने की जिम्मेदारी यूपी पुलिस को मिली है। वहीं उमेश पाल मर्डर केस के आरोपी गैंगस्टर अतीक अहमद को यूपी एसटीएफ गुजरात के अहमदाबाद से प्रयागराज लाने की तैयारी में है। एसटीएफ शुक्रवार को प्रयागराज से निकली थी, और रविवार को अहमदाबाद के साबरमती जेल पहुंची। फिलहाल अतीक से जुड़ी कागजी कार्रवाई पूरी की जा रही है। इसके बाद कभी भी एसटीएफ प्रयागराज के लिए निकल सकती है। अतीक को बुधवार को प्रयागराज कोर्ट में पेश किया जाना है। प्रयागराज लाने के दौरान अतीक यूपी एसटीएफ की गाड़ी में करीब 1300 किलोमीटर का रास्ता तय करेगा। सफर 22 से 24 घंटे का हो सकता है।

### अखिलेश यादव ने अतीक को प्रयागराज लाए जाने के मामले में कहा-

## सीएम ने पहले ही बता दिया होगा गाड़ी कहां पलटेगी

**लखनऊ।** माफिया अतीक अहमद को अहमदाबाद की साबरमती जेल से प्रयागराज जेल में लाए जाने के मामले में जब अखिलेश यादव से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि सीएम योगी ने पहले ही बता दिया होगा कि गाड़ी कहां पलटेगी। अखिलेश यादव ने कहा कि सीएम (योगी आदित्यनाथ) ने उन्हें (यूपी के मंत्री जेपीएस राठौड़) पहले ही बता दिया होगा कि कार कहां और कैसे पलटेगी। सपा प्रमुख ने यह भी कहा के यदि आप गूगल और अमेरिका से मदद लेते हैं, तो वे दिखाएंगे कि कार कैसे और कब पलटी थी। अतीक अहमद को गुजरात की साबरमती जेल से यूपी की प्रयागराज जेल में स्थानांतरित किए जाने के मामले में जेपीएस राठौड़ के बयान तैयार रहें के बारे में पूछे जाने पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि उन्हें पहले से पता है। प्रयागराज के पुलिस आयुक्त रमित शर्मा ने बताया कि कोर्ट ने अपहरण के एक पुराने मामले में फैसला सुनाने के लिए 28 मार्च की तारीख तय की है। इस मामले में सभी आरोपितो को कोर्ट में पेश किया जाना है। इसी मामले में आरोपी माफिया अतीक अहमद को अदालत में पेश करने के लिए एक पुलिस टीम को साबरमती जेल भेजा गया है। इस मामले में अतीक के भाई अशरफ को भी बरेली जेल से प्रयागराज लाया जाएगा।

### दो दिन पहले एसटीएफ की टीम बनी, मिशन से सब अनजान थे

**अहमदाबाद/लखनऊ।** गैंगस्टर अतीक अहमत को साबरमती जेल से प्रयागराज ले जाने के लिए रविवार सुबह साढ़े नौ बजे क्षपुलिस की टीम अहमदाबाद साबरमती जेल पहुंची थी। इसमें करीब 40 पुलिसकर्मी शामिल थे। सूत्रों के मुताबिक दो दिन पहले बनी उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की इस टीम को साबरमती जाने की जानकारी नहीं थी। टीम को शुक्रवार दोपहर बड़े अफसरों का फोन आया था कि वह तुरंत प्रयागराज पुलिस मुख्यालय पहुंचे। यहां दो वैन पहले से तैयार थीं। स्ङ्मस्र के जवानों को हथियारों के साथ इसमें बैठाया गया। इस वैन के साथ एक बोलेरो भी थी। इसमें इंस्पेक्टर और सब-इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारी बैठाए गए। इन्हें फोन के जरिए बड़े अफसर रूट की जानकारी दे रहे थे।

### जैसा बताया जाए, वैसे ही रूट फॉलो करना

साबरमती के लिए रवाना हुए अफसरों को बस यही कहा गया था कि जैसा बताया जाए, वैसे ही रूट फॉलो करना है। स्पेशल टीम जब अहमदाबाद पहुंची तो उन्हें सीधे हाई सिक्योरिटी जोन वाले साबरमती जेल जाने का निर्देश मिला। यहां पहले से कुछ अधिकारी गैंगस्टर अतीक अहमद का ट्रांसफर वारंट लेकर मौजूद थे। कागजी कार्रवाई पूरी कर यूपी एसटीएफ की टीम अतीक को लेकर आज ही यहां से निकलेगी।

### 2019 में साबरमती जेल शिफ्ट किया गया था अतीक

अतीक को जून 2019 में साबरमती जेल शिफ्ट किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने 22 अप्रैल 2019 को आदेश दिया था कि अतीक को देवरिया जेल से गुजरात में उच्च सुरक्षा वाली जेल में शिफ्ट किया जाए। अतीक पर रियल एस्टेट व्यवसायी मोहित जायसवाल के अपहरण और हमले की साजिश रचने का आरोप था। सूत्रों के मुताबिक, अतीक को जबरन वसूली और दंगा भड़काने के केस में प्रयागराज की कोर्ट में पेश होना है। इसके लिए यूपी पुलिस अहमदाबाद पहुंची है। अतीक का नाम उमेश पाल की हत्या में भी शामिल है। इस केस में भी उसकी गिरफ्तारी की जा सकती है। पूछताछ के बाद ट्रांसफर वारंट पर अतीक को उत्तर प्रदेश लाया जा सकता है।

### राहुल गांधी की संसद सदस्यता जाने पर कांग्रेस का सत्याग्रहः सीएम योगी बोले-

# लोकतंत्र को कमजोर करने वाले सत्याग्रह नहीं करते

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

यूपी कांग्रेस के पदाधिकारियों ने राहुल गांधी की संसद सदस्यता जाने के बाद रविवार को शहीद स्मारक में प्रदर्शन किया। यहां पर प्रदेश अध्यक्ष समेत कांग्रेसियों ने गांधी की फोटो पर माल्यापर्ण कर रामधुन पर भजन-कीर्तन किए। वहीं सीएम योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस के सत्याग्रह पर तंज करते हुए कहा कि लोकतंत्र को कमजोर करने वाले सत्याग्रह नहीं करते। यूपी कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कहा कि देश का लोकतंत्र खतरे में है। सत्याग्रह जब सत्य पर आंच आती है तब सत्याग्रह किया जाता है। इस सत्याग्रह की वजह भाजपा है। जिसे राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता बर्दाश्त नहीं हुई। राहुल गांधी की सदस्यता जाना आजाद भारत और लोकतंत्र का पहला मामला है, जब आनन-फानन में किसी मानहानि के केस में फैसला लिया गया हो। हम लोग लोकतंत्र को बचाने के लिए सत्याग्रह कर रहे हैं। जब लोकतंत्र बहाल होगा हम लोग सत्याग्रह खत्म कर देंगे। इस दौरान कांग्रेस के प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे ने कहा कि कांग्रेस लोकतंत्र की बहाली के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी। इसके चलते कांग्रेस से जुड़े लोग सत्याग्रह आंदोलन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी को जमकर आड़े हाथों लिया। उन्होंने कांग्रेस के सत्याग्रह कार्यक्रम पर तंज कसते हुए कहा कि लोकतंत्र को कमजोर करने वाले सत्याग्रह नहीं कर सकते हैं। देश को भाषावाद, क्षेत्रवाद जैसे तमाम वादों में बांटने वाले भी सत्याग्रह नहीं कर सकते।



● असत्य के मार्ग पर चलने वाले सत्याग्रह की बात नहीं करते : योगी

### सीएम योगी ने कांग्रेस पर जमकर किया कटाक्ष

सीएम ने कहा कि मौन जीवों की बात तो दूर मनुष्य के प्रति भी जिनकी संवेदना न हो उन्हें सत्याग्रह का अधिकार नहीं है। सीएम योगी ने रविवार को एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी पर जमकर कटाक्ष किया। सीएम योगी ने कहा कि गांधी जी ने अपने जीवन में सदैव सत्य, अहिंसा और अस्तेय को स्थान दिया था। उनका इस बात के लिए आग्रह था। उनका आग्रह ही सत्याग्रह कहलाया। उन्होंने कहा कि देश के अंदर बहुत सारे लोगों को शासन करने का अवसर प्राप्त हुआ था, लेकिन मौन जीवों की बात दूर मनुष्य के प्रति भी जिनके अंदर भाव न हो वो क्या सत्याग्रह करेंगे। असत्य के मार्ग पर चलने वाला सत्याग्रह की बात नहीं कर सकता। आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे हुए लोग सत्याग्रह नहीं सकते हैं। सीएम योगी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्याग्रह की व्याख्या करते हुए कहा कि मन, वचन और कर्म पर चलना ही सत्याग्रह है। उन्होंने कांग्रेस नेताओं को उनके आचार और व्यवहार पर आड़े हाथ लेते हुए कहा कि जिसके आचरण और व्यवहार, आचार और विचार, कथनी और करनी में फर्क होता है वह सत्याग्रह नहीं कर सकता।

### राहुल ने ट्विटर पर खुद को डिस्क्वालिफाइड सांसद लिखा :राजघाट पर प्रियंका बोलीं-

# देश का पीएम कायर, लगा दो मुझ पर केस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द करने के खिलाफ कांग्रेस रविवार को देशभर में संकल्प सत्याग्रह कर रही है। प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, अधीर रंजन जैसे बड़े नेता सुबह-सुबह राजघाट पहुंचे। पुलिस ने यहां धारा 144 लगा दी, लेकिन नेता और कार्यकर्ता इसके बावजूद पहुंचे। उधर, राहुल गांधी ने रविवार को ट्विटर पर अपना बायो बदल दिया। उन्होंने अब खुद को डिसक्वालिफाइड सांसद लिखा है।

प्रियंका गांधी ने कहा कि आज तक हम चुप रहे हैं तो आप हमारे परिवार का अपमान करते गए। मैं पूछना चाहती हूं कि एक आदमी का कितना अपमान करोगे। मुझ पर केस लगा दो, लेकिन सच ये है कि इस देश का प्रधानमंत्री कायर है।

लोकसभा सेक्रिटेरिएट ने 24 मार्च को राहुल गांधी को डिसक्वालिफाइड कर दिया था। राहुल केरल के वायनाड से सांसद थे। यह एक्शन मानहानि केस में राहुल को 2 साल की सजा सुनाए जाने के बाद लिया गया। राहुल ने 2019 में कर्नाटक की सभा में मोदी सरनेम को लेकर बयान दिया था।

प्रियंका गांधी ने कहा- मेरे पिता का संसद में अपमान किया गया। ये लोग शहीद के बेटे को देशद्रोही कहते हैं, मीर जाफर कहते हैं। एक मुख्यमंत्री तो यहां तक कहते हैं कि राहुल को पता ही नहीं उनका पिता कौन है। आपके प्रधानमंत्री भरी संसद में कहते हैं कि हमारा परिवार नेहरू नाम क्यों इस्तेमाल करता है।



### हमारे पास नफरत की विचारधारा नहीं : प्रियंका

आज तक हम चुप रहे हैं, आप हमारे परिवार का अपमान करते गए। मैं पूछना चाहती हूं कि एक आदमी का कितना अपमान करोगे। मेरा भाई पीएम के पास गया, उन्हें गले लगाया और कहा कि मुझे आपसे नफरत नहीं है। हमारी विचारधारा अलग है, लेकिन हमारे पास नफरत की विचारधारा नहीं है। क्या भगवान राम और पांडव परिवारवादी थे। हमारा परिवार देश के लिए शहीद हुआ तो क्या हमें शर्म आनी चाहिए। आप हमें अपमानित करके ये सोचते हैं कि हम डर जाएंगे। हम और मजबूती से लड़ेंगे। हम आज भी देश की आजादी के लिए लड़ रहे हैं।

# सपा ने लोकसभा प्रभारी और जिलाध्यक्षों की सूची जारी की

**लखनऊ (समृद्धि न्यूज़)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर पार्टी की तैयारियों को तेज कर दिया है। रविवार को उन्होंने प्रदेश में जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष की घोषणा कर दी। इसके साथ ही अखिलेश ने बूथ कमेटियों के गठन को लेकर लोकसभा प्रभारियों का भी एलान कर दिया है।पार्टी की ओर से जारी सूची में अखिलेश यादव ने आगरा जिलाध्यक्ष आजाद सिंह जाटव, बाँदा मधुसूदन कुशवाहा, कानपुर ग्रामीण मुनीन्द्र शुक्ला, कानपुर नगर महानगर अध्यक्ष फजल महमूद, जालौन जिलाध्यक्ष दीप राज गुर्जर, जौनपुर डा0 अवधनाथ पाल, गाजीपुर गोपाल यादव, सन्तकबीर नगर अब्दुल कलाम, अम्बेडकरनगर जंग वहादुर, महराजगंज विद्या सागर, महोबा शोभा लाल, ललितपुर नेपाल सिंह, बिजनौर अनिल सिंह, एटा परवेज जुबेरी, एटा जिला महासचिव भूपेन्द्र प्रजापति, बलिया जिलाध्यक्ष राजमंगल, अमरोहा मस्तराम, अमरोहा जिला महासचिव चन्द्रपाल सैनी, बस्ती जिलाध्यक्ष महेन्द्र नाथ श्चिधायकश, कुशीनगर शुकरूल्लाह अंसारी, इलाहाबाद गंगापार अनिल यादव, मऊ दूधनाथ, कानपुर देहात अरूण कुमार बब्लू राजाश, इलाहाबाद जमुनापार पप्पू लाल निषाद, कासगंज विक्रम सिंह, गौतमबुद्धनगर सुधीर भाटी व उन्नाव राजेश यादव जिलाध्यक्ष बनाया गया है।

### कांग्रेस पर जमकर बरसे अमित शाह, बोले-

# कांग्रेस ने वोट के लिए किया आरक्षण का उपयोग

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एक दिवसीय कर्नाटक दौरे पर हैं। उन्होंने राज्य के बीदर जिले के गोरता गांव में 103 फीट ऊंचा तिरंगा फहराया। साथ ही उन्होंने रायचूर में अलग-अलग परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इसके बाद गृहमंत्री शाह ने रायचूर में चुनावी रैली को भी संबोधित किया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चुनावी सभा में संबोधन के दौरान कांग्रेस पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा अल्पसंख्यकों को दिया गया आरक्षण संविधान के अनुसार नहीं था। धर्म के आधार पर आरक्षण देने का संविधान में कोई प्रावधान नहीं है। कर्नाटक सरकार ने मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत ओबीसी आरक्षण को समाप्त कर दिया और इसे दो प्रमुख समुदायों, वीरशैव-लिंगायत और वोक्कालिगा में वितरित कर दिया। कर्नाटक में कांग्रेस की पूर्व सरकार ने राज्य में मुसलमानों को आरक्षण दिया था। लेकिन बीजेपी ने मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण को आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) श्रेणी में स्थानांतरित किया।



कांग्रेस हैदराबाद को आजादी दिलाने वाले लोगों को कभी याद नहीं किया है। उन्होंने बस वोट बैंक की राजनीति पर काम किया है। शाह ने कहा कि अगर सरदार पटेल न होते तो हैदराबाद को कभी आजादी नहीं मिलती। बीदर को भी आजादी नहीं मिली होती।

**अमित शाह**

# केंद्र ने बढ़ाई मनरेगा कार्यों में मजदूरी एक अप्रैल से होंगी नई दरें लागू

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम यानि मनरेगा के तहत मजदूरी दरों में बढ़ोतरी के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। सरकार के अधीन आने वाले केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने 24 मार्च को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत मजदूरी दरों में बदलाव के लिए अधिसूचना जारी की है। मालूम हो कि अभी हरियाणा में सबसे अधिक मनरेगा में हर दिन मजदूरी 357 रुपए, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में सबसे कम है 221 रुपए मिलते हैं। वहीं सरकार की ओर से जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक अधिसूचना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), 2005 की धारा 6 (1) के तहत जारी की गई है जिसमें कहा गया है कि केंद्र अधिसूचना द्वारा मनरेगा लाभार्थियों के लिए मजदूरी दरें तय कर सकता है।



### अखिलेश बोले- राहुल गांधी के साथ न्याय होगा

# दिल्ली की सरकारों ने हमेशा क्षेत्रीय दलों का नुकसान किया



लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा, मुझे यकीन है कि राहुल गांधी के साथ न्याय होगा। कांग्रेस को सत्याग्रह को और रफ्तार से आगे बढ़ाना होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि दिल्ली की सरकारों ने हमेशा ही क्षेत्रीय दलों का नुकसान किया है। क्षेत्रीय दल मिलकर ही भाजपा का मुकाबला कर सकते हैं। सपा कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके उन्होंने आरिफ को वन विभाग का नोटिस भेजे जाने पर भी भाजपा को घेरा। अखिलेश यादव ने आज एक बार फिर सारस का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि आरिफ ने बहुत अच्छा काम किया और एक घायल सारस की समय पर मदद की। उसका इलाज कराया और उसकी जान बचाई। इसके बाद सारस उनका मित्र बन गया। सरकार को तो आरिफ को सम्मानित करना चाहिए था लेकिन वो आरिफ को ही डरा रहे हैं। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा, मुझे सारस वाले वाकये की जानकारी मिली तो मैं आरिफ और सारस से मिलने वहां गया। इसके बाद भाजपा वाले घबरा गए। मैं सारस के साथ क्यों मिलने गया, मैंने सारस के साथ क्यों फोटो खिंचाई? इस बात से इनको परेशानी है।

### मेडिकल कालेजों में स्टाफ नहीं, विकास के नाम पर धोखा

अखिलेश यादव ने इस दौरान प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि मेडिकल कालेजों में स्टाफ नहीं है, विकास के नाम पर जनता से धोखा किया जा रहा है। सरकार झूठे बयान और आकंड़े पेश कर रही है। उन्होंने कहा, सरकार ने एक भी इंटरनेशल एयरपोर्ट नहीं बनाया है। जितनी हवाई पट्टी सपा सरकार में बनी, उसे तक ये पूरा नहीं कर पाए।

### जातीय जनगणना कराना जरूरी

जातीय जनगणना का मुद्दा उठाते हुए अखिलेश यादव ने कहा, बिना जाति जनगणना के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास जीतना मुश्किल है, इसलिए हम जाति जनगणना की मांग करते हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में गठबंधन को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, जो दल हमारे साथ गठबंधन में हैं उनको साथ लेकर चलेंगे। जो दल जिस क्षेत्र में मजबूत है उसके गाइडेंस में चुनाव लड़ना चाहिए।

### बेरोजगारों पर सरकार नहीं दे रही ध्यान

अखिलेश यादव योगी सरकार के छह साल के पूरे होने पर कहा कि सरकार रोबोटिक पार्क बनाने की बात कह रही है, लेकिन उन पर ध्यान नहीं है जिनके पास रोजगार नहीं है। सबका साथ सबका विकास की बात करने वाले जाति जनगणना पर बात नहीं करते हैं। जबकि बिना जाति जनगणना सबका साथ सबका विकास हो ही नहीं सकता। मुख्यमंत्री जी जब आप सांड नहीं पकड़ पाएंगे तो यूपी को हाईटेक बनाकर क्या करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्यपाल ने मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर को दिलाई शपथ

**प्रयागराज।** राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने आज यहां इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर को पद की शपथ दिलाई। समारोह में सभी न्यायमूर्तिगण, न्यायिक अधिकारी व रविवार अवकाश के बावजूद बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद थे। समारोह मुख्य न्यायाधीश के न्याय कक्ष में पूर्वाह्न 11बजे से शुरू हुआ। न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर से विधि स्नातक हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में प्रैक्टिस शुरू की थी। वह 2005 में वरिष्ठ अधिवक्ता नामित हुए। इसके बाद 2009 में छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में जज बने।

### भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे ने की आत्महत्या

**वाराणसी।** सारनाथ के बुद्धा सिटी कालोनी स्थित होटल सुमेन्द्रा के कमरा नंबर 105 में भोजपुरी अभिनेत्री आकांक्षा दुबे (25) ने रविवार की देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं फोरेंसिक टीम कमरे की जांच कर साक्ष्य जुटाने में जुटी है। आकांक्षा दुबे मूलरूप से पर्सिपुर, थाना-चोरी, जिला-भदोही की रहने वाली थी। वर्तमान में बसई, पालघर, नालासोपारा ईस्ट मुम्बई (महाराष्ट्र) में रहती थी।

### कांग्रेस का मतलब करप्शन, कमीशन और डिवीजन: नड्डा

**भोपाल।** बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस नेताओं को अहंकार में डूबा बताया। उन्होंने कहा कि इनके नेता अति पिछड़ों को जाति सूचक गाली देते हैं और फिर माफी भी नहीं मांगते। इनके लिए अहंकार बड़ा हो गया और समझदारी छोटी। उन्होंने कांग्रेस का मतलब करप्शन, कमीशन, डिवीजन, भाई-भजीतावाद, परिवारवाद बताया।

### सलमान खान को धमकी देने वाला जोधपुर से गिरफ्तार

**जोधपुर।** बॉलीवुड एक्टर सलमान खान का हाल सिद्धू मूसेवाला जैसा करने की धमकी देने वाले युवक को पुलिस ने जोधपुर से गिरफ्तार किया है। रविवार को उसे मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया। आरोपी ने ईमेल करके सलमान को 23 मार्च को धमकी दी थी। आरोपी का नाम धाकड़राम (21) है। वह लूणी थाना इलाके में सियागों की ढाणी रोहिचा कलां का रहने वाला है। पुलिस ने उसे रविवार सुबह करीब 8 बजे उसे घर से ही दबोचा।

समृद्धि न्यूज़

# राजधानी

2

लखनऊ, सोमवार, 27 मार्च, 2023

# योगी सरकार के छह साल: नगर विकास में सफाई पर ध्यान, ऊर्जा में आता रहा व्यवधान

- एके शर्मा ने नगर विकास में सफाई के लिए उठाये कई कदम, उसका दिख भी रहा है असर
- ऊर्जा विभाग में कई बार हुई परेशानियां, कामों की मानिटरिंग के लिए टेक्नालाजी का प्रयोग बढ़ाया

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

**मुख्यमंत्री** के रूप में योगी आदित्यनाथ के दूसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूरा हो गया। इस दौरान प्रदेश सरकार में सबसे भारी-भरकम दो विभागों के मंत्रालय संभाल रहे एके शर्मा ने मानिंटरिंग के लिए टेक्नालाजी पर विशेष जोर दिया। नगर विकास विभाग में उनके कामों का असर भी दिखा और पहले की अपेक्षा सफाई ज्यादा दिख रही है। वहीं ऊर्जा विभाग में यह चर्चा है कि पूरा वर्ष एक उच्चाधिकारी से अंतर्कलह में ही ज्यादा समय गुजर गया। हालांकि ऊर्जा विभाग में भी बिजली निर्बाध आपूर्ति बनाने और चोरी रोकने के बहुत सारे काम किये। इसका प्रतिफल भी दिखने लगा है। वर्तमान सरकार के गठन के साथ ही 1988 बैच के गुजरात कॉडर के आईएएस अधिकारी रहे ए.के. शर्मा को योगी आदित्यनाथ की सरकार में मंत्री के तौर पर शपथ ग्रहण कराई गई। ऊर्जा और नगर विकास दोनों सीधे जनता से जुड़े हुए विभाग हैं। इसके साथ ही इनके कर्मियों की लालफीताशाही से सूबे का हर नागरिक भली भांति परिचित है। लोगों की समस्याओं का निदान समय से हो सके, इसके लिए उन्होंने संभव पोर्टल लांच किया और सभी कामों की निगरानी स्वयं भी शुरु कर दी। इसका असर बहुत हद तक दिखने लगा है। ए.के. शर्मा ने नगर विकास विभाग एवं ऊर्जा विभाग को



जनता के लिए समर्पित करते हुए विभागीय अधिकारियों, कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि जनता को बेवजह कोई परेशान न करें। इसके साथ ही उन्होंने लोगों की समस्याओं का तय समय पर अपने स्तर पर निस्तारण न करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया है। नगर विकास विभाग में उनके अब तक के कार्यों पर नजर डालें तो सुबह 5 से 8 बजे तक नगरों में सफाई करने का निर्देश दिया गया। इसकी मानिटरिंग खुद भी मंत्री ने करना शुरू किया। नगर व महानगर की फोटो मंगायी जाती है। इसका असर यह रहा कि अधिकारी भी सुबह से ही सड़कों पर दिखने लगे। वहीं कर्मचारियों एवं अधिकारियों को मौके पर रहकर मशीनों का उपयोग करके सफाई कराने का निर्देश जारी किया गया। यूपी के इतिहास में पहली बार व्यवसायिक क्षेत्रों में दिन में कई बार सफाई, सड़कों की मशीनों द्वारा सफाई तथा उनकी धुलाई शुरू कराई गई। गर्मी के दिनों में राज्य के नगरीय क्षेत्रों में पर्याप्त जल आपूर्ति पर ध्यान देने के साथ ही बरसात के दिनों में जल जमाव ना हो इसपर विशेष ध्यान दिया गया। नगरों की स्वच्छता के लिए 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विशेष नगर स्वच्छता अभियान चलाया गया। एक से 15 नवंबर तक नगर सेवा पखवाड़ा अभियान चलाया गया। 16 से 30 नवंबर तक नगर सेवा अभियान चलाया गया। 75 घंटे, 75 जिले, 750 निकाय स्वच्छता अभियान चलाया गया। वहीं ऊर्जा विभाग में गर्मी के दिनों में बढ़ी बिजली की मांग की पूर्ति के लिए पॉवर प्लांट्स, विद्युत उपकेन्द्रों एवं कार्यालयों का रातों और दिनों में खुद जाकर निरीक्षण किया गया, लेकिन इसके बावजूद इस वर्ष लोगों को बिजली कटौती की मार झेलनी पड़ी। पॉवर प्लांट्स को अधिकतम पीएलएफ पर चलवाया गया। भारत सरकार से संपर्क करके अधिक कोयला मंगवाया गया। विद्युत समाधान सप्ताह में लाखों शिकायतों का निस्तारण कराया। शिकायतों के निस्तारण के लिए 1912 टोल फ्री नंबर पर काम करने वाले कर्मियों की संख्या को एक सप्ताह में दुगुना कराया गया। ऐसी चर्चा है कि ऊर्जा विभाग में एक उच्चाधिकारी के कारण वहां मंत्री के कामों में भी बांधा पहुंचती है।

# हरे रंग में रंगा 51 शक्तिपीठ



**लखनऊ।** नन्दना बीकेटी स्थित इक्यावन शक्तिपीठ में चल रहे नवरात्र महोत्सव में रविवार को मां स्कन्दमाता की पूजा अर्चना हुई। इस मौके पर मां का हरिताम्बर श्रंगार किया गया। मां के वस्त्र हरे रंग के थे तो पूरा मन्दिर हरे रंग की रोशनी से जगमगा रहा था। शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें पुष्पा दीक्षित ने 'स्वीकार करो जगदम्बे मां मेरी आरती' भजन सुनाया। मन्दिर की अध्यक्ष तृप्ति तिवारी ने बताया कि आज पीण्डी पूजन आचार्य मयंक पाण्डेय और वन्दना पाण्डेय ने किया।

## खबरें एक नजर में

### सुनहरी शाम सांवरिया के नाम का आयोजन 3 अप्रैल को

लखनऊ। श्री श्याम भक्त परिवार की ओर से सुनहरी शाम सांवरिया के नाम का आयोजन 3 अप्रैल को माधव सभागार, निराला नगर में किया जायेगा। मीडिया प्रभारी मोहित मित्तल ने बताया कि उत्सव की शुरुआत श्री श्याम प्रभु खाटू वाले के भव्य भजनोत्सव से होगी। भजनों की धमाल शाम 7 बजे शुरु होगी जो प्रभु की इच्छा तक चलेगी उन्होंने बताया कि माधुर्य रस धारा को प्रवाहित करने के लिए खलीलाबाद से श्याम जगत के विश्व विख्यात भजन प्रवाहक सरदार हरमहेंद्र सिंह रोमी, जयपुर के दलजीत सिंह और लखनऊ के पवन मिश्रा आ रहे हैं सभी अपने भजनों के रस से श्याम प्रभु का गुणगान कर भक्तों को भाव-विभोर कर झूमने पर मजबूर करेंगे। मीडिया प्रभारी मोहित मित्तल ने बताया कि 3 अप्रैल को होने वाले भजनोत्सव के लिए श्याम प्रभु का भव्य व मनोहारी दरबार बनाने के लिए कोलकाता के कारीगरों को बुलाया जा रहा है जो बाबा श्याम का भव्य व मनोहारी दरबार सजायेंगे। प्रेम अग्रवाल ने बताया कि दरबार में विराजमान बाबा श्याम के श्रंगार के लिए दिल्ली एवं कोलकाता के कारीगरों द्वारा देशी-विदेशी फूलों एवं विभिन्न प्रकार की मेवे की माला तैयार करायी जा रही है जिससे बाबा श्याम का श्रंगार होगा।

### आरिफ को सम्मानित करेगी अधिकार सेना

लखनऊ। अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने आज कहा कि उनकी पार्टी उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गौरीगंज, अमेठी निवासी आरिफ को सारस के साथ दोस्ती कर उसे सहारा दिए जाने के मामले में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर नोटिस दिए जाने की कड़ी भर्त्सना करती है और इसे पूरी तरह से गैरकानूनी मानती है।उन्होंने कहा कि आरिफ ने भारतीय विचारों में वसुधैव कुटुंबकम की भावना को वास्तविक मूर्त रूप प्रदान किया है।अधिकार सेना अमेठी की टीम उनके गांव जाकर उन्हें सम्मान पत्र देगी और उन्हे 2024 लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी होने का ऑफर भी देगी।

### प्रधानमंत्री के मन में महिलाओं के लिए उच्चतम स्थान: गीता शाक्य

**लखनऊ।** विद्यावती वार्ड तृतीय में प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा व सांसद राज्यसभा गीता शाक्य की उपस्थिति में प्रधानमंत्री के मन की बात सुनी। पीएम के मन की बात कार्यक्रम का 99 वा एपिसोड था। प्रधानमंत्री ने जनता का उद्बोधन करते हुए महिला सशक्तिकरण ,अंगदान और सौर ऊर्जा उपकरणों से देश की आर्थिक व्यवस्था को सुधारने के प्रयास की सराहना की गई। जनता को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य ने कहा कि प्रधानमंत्री के मन में महिलाओं के लिए उच्चतम स्थान है। जिस तरह से देश की अर्थव्यवस्था को सुधारने का प्रयास किया गया, उसी प्रकार सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर हर व्यक्ति को देश हित में अनेकानेक कार्यों को करना चाहिए। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा कल्पना तिवारी ,कार्यक्रम संयोजक रमां सिंह ,क्षेत्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा गोदावरी मिश्रा, पार्षद कमलेश सिंह ,पार्षद कौशलेंद्र ,मंडल अध्यक्ष नीता दीक्षित ,शक्ति केंद्र संयोजक प्रशांत दीक्षित ,बूथ अध्यक्ष प्रवीण शर्मा, आम जनता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### वीएचपी अध्यक्ष पर भू माफिया ने किया हमला

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ मे थाना गुडंबा के अंतर्गत सुरेंद्र सिंह विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष (भरत नगर पश्चिम) व पेशे से अधिवक्ता पर भू माफिया कमलेश यादव ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया। सुरेंद्र सिंह ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि उनके संगठन में कल्लू कोरी सह प्रमुख गो सेवक के पद पर है तथा कमलेश यादव कल्लू कोरी की जमीन पर कब्जा करने की नियत से कई बार प्रयास कर चुका है। जिसकी सूचना प्रशासन को दी जा चुकी है जिसकी जांच चल रही है इस क्रम में कमलेश यादव ने सुरेंद्र सिंह को पूर्व में धमकाया भी था कि कल्लू की मदद करने की कोशिश की तो अंजाम अच्छा नहीं होगा। कमलेश यादव खुद को भारतीय किसान श्रमिक जनशक्ति यूनियन का प्रदेश अध्यक्ष बताता है। आगे सुरेंद्र सिंह बताते हैं जब हम कमलेश की धमकी से नहीं डरे तो उसने अपने साथियों के साथ दिनांक 23 मार्चशाम लगभग 5रू50 पर मेरा मार्ग रोक कर हाथापाई करने लगे तथा मेरे गले की चेन छीन ली विरोध करने पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। जिसमें सुरेंद्र सिंह घायल हो गए तत्पश्चात उन्होंने लगभग शाम 7रू00 बजे अपना मेडिकल बलरामपुर अस्पताल में करा कर 24 मार्च को पूरे घटनाक्रम की जानकारी मुख्यमंत्री आदित्यनाथ को आईजीआरएस के माध्यम से एवं उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद, एवं जिलाधिकारी, पुलिस आयुक्त उत्तरी, पुलिस आयुक्त लखनऊ, सहायक पुलिस आयुक्त गाजीपुर लखनऊ, एवं प्रभारी निरीक्षक गुडंबा थाना लखनऊ को दी।

### साहू समाज ने प्रतिभा सम्मान देकर होली मिलन कार्यक्रम संपन्न

**लखनऊ।** शहीद स्मारक के सामने गांधी भवन में साहू समाज जिला लखनऊ के तत्वधान में प्रतिभा सम्मान एवम होली मिलन कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलन चेयरमैन रामचन्द्र साहू, उमाशंकर, गोविंद साहू, रामपाल साहू, अनुराग साहू, राजेश साहू द्वारा किया गया। महामंत्री अनुराग साहू ने बताया कि लखनऊ सुप्रसिद्ध भजन गौरव गोस्वामी ग्रुप से भजनों में राधे राधे बोलिए, फूलो में सज रहे हैं वृंदावन बिहारी, जग में सुंदर दो नाम चाहे कृष्ण कहो चाहे राम, गोविंद बोलो हरी गोपाल बोलो भजन सुनाए वही सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वजातीय बच्चों के ग्रुप ने फूलो की होली खेलकर कार्यक्रम भव्य बना दिया बतौर अतिथि पद्मश्री अशोक साहू कार्यक्रम में उपस्थित रहे विशिष्ट अतिथि माया आनंद, राजित लाल गुप्ता, अमृत लाल गुप्ता, बालकदास गुप्ता, संतोष कुमार साहू, सिद्ध गोपाल साहू, राधे श्याम साहू, डॉ पी के गुप्ता, सुरेंद्र माथुर, अश्वनी साहू, संदीप साहू, सतीश साहू, लक्ष्मण प्रसाद साहू, डॉ आशा साहू, बी एल गुप्ता, जैनेंद्र कुमार गुप्ता कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में हाई, इंटर, ग्रेजुशन में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण प्रतिभागियों को प्रतिभा सम्मान में पुष्प गुच्छ, प्रशस्ति पत्र, मेमोंटो अतिथियों द्वारा 140 प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। महेश साहू दद्दू, मनीष साहू ने लकी ड्रा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवम सात सांत्वना पुरस्कार का वितरण किया।

# मुशायरा का आयोजन

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास मंत्र की प्रेरणा से, हेल्प यू एजुकेशनल एण्ड चौरिटेबल ट्रस्ट के पूर्व संरक्षक पद्मश्री स्व. अनवर जलालपुरी को समर्पित, फखरूद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी तथा हेल्प यू एजुकेशनल एण्ड चौरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम मुशायरा का आयोजन ऑडिटोरियम, जयपुरिया इंस्टिट्यूट ऑफमैनेजमेंट, विनीत खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ में किया गया,मुशायरा का शुभारंभ राष्ट्रगान तथा तुरज जैदी, अध्यक्ष, फखरूद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी, हर्ष वर्धन अग्रवाल, संस्थापक एवं प्रबंध न्यासी, हेल्प यू एजुकेशनल एंड चौरिटेबल ट्रस्ट तथा डॉ रूपल अग्रवाल, न्यासी, हेल्प यू एजुकेशनल एंड चौरिटेबल ट्रस्ट ने दीप प्रज्वलन करके किया,फखरूद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी के अध्यक्ष तुरज जैदी तथा आमंत्रित शायरों को हेल्प यू एजुकेशनल एंड चौरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक एवं प्रबंध न्यासी, हर्ष वर्धन अग्रवाल तथा न्यासी डॉ रूपल अग्रवाल ने प्रतीक चिन्ह व कॉफी टेबल बुक अनवर जलालपुरी, मोहब्बत के सफीर देकर सम्मानित किया,मुशायरे में शायरों ने अपनी शायरी से सभागार में उपस्थित सभी श्रोतागणों को मंत्र मुग्ध कर दिया।इस मौके पर हेल्प यू एजुकेशनल एंड चौरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी श्री हर्ष वर्धन अग्रवाल ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि, पदम श्री स्वर्गीय अनवर जलालपुरी, हेल्प यू एजुकेशनल एंड चौरिटेबल ट्रस्ट के पूर्व संरक्षक थे वह उर्दू अदब के बड़े नामों में से एक थे प् अनवर जलालपुरी उर्दू शायरी के बगीचे का एक ऐसा गुलाब थे जिसकी खुशबू जलालपुर की सरहदों को पार कर पूरी दुनिया में फैली और अपनी शायरी की शाब्दिक जादूगरी से लोगों के दिलों को महकाया, आज का यह कार्यक्रम हेल्प यू एजुकेशनल एंड चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा अनवर जलालपुरी को समर्पित है।

# मेधावी छात्र छात्राओं को डाक विभाग ने दी छात्रवृत्ति

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

**आधुनिक** अद्योगिकी के युग में बच्चों के अन्दर अभिरुचि पैदा करने के उद्देश्य से डाक विभाग की दीन दयाल स्पर्श योजना स्कालरशिप फार प्रमोशन आफ एप्टीट्यूड एंड रिसर्च इन स्टैम्प एज ए हॉबी के नाम से एक छात्रवृत्ति योजना कक्षा 6 से 9 तक के बच्चों के लिए संपन्न हुई, शौक के तौर पर डाक टिकटों के प्रति अभिरुचि तथा इस क्षेत्र में शोध के प्रचार-प्रसार हेतु दीन दयाल स्पर्श योजना के तहत चयनित मेधावी छात्रों को रु 6000 रूपये वार्षिक छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। राज्य स्तर पर कक्षा 6 से 9 तक लखनऊ जीपीओ से चयनित 12 मेधावी छात्र छात्राओं क्रमशः लखनऊ के मॉडर्न स्कूल से ओजस कपूर, हमीदा हसन फरही, सूर्या पब्लिक स्कूल से अनन्या श्रीवास्तवा, नवयुग रेडिएंस स्कूल से सताक्शी तिवारी, अनुकृति, फरहा मोनिस, सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल से रुद्रांश गर्ग तथा महर्षि विद्या मंदिर से अभियोदय श्रीवास्तव, नितिन मिश्रा, अंश अवस्थी, अभिनव अवस्थी एवं दक्षिता जयसवाल को जीपीओ के सीपीएम सुशील कुमार तिवारी ने प्रमाणपत्र एवं वार्षिक छात्रवृत्ति प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में युवराज सिंह डिप्टी चीफ पोस्टमास्टर, अमित कुमार मेनेजर बीएनपीएल, तपस कुमार गौतम डिप्टी पोस्टमास्टर तथा विनोद कुमार राय सहायक पोस्टमास्टर तथा शरद कपूर जन संपर्क निरीक्षक, लखनऊ जीपीओ आदि उपस्थित रहे।




# मौसम ने आम की फसलों को पहुंचाया नुकसान, रोगों से बौर का करें बचाव

- विशेषज्ञों ने दी सलाह, फफूंद रोग की है ज्यादा संभावना

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

**इस** वर्ष आम पर बौर अच्छा आया है। इससे किसानों में बहुत खुशी थी, लेकिन इस बीच बारिश, ओले और आंधी ने आम की फसलों को काफी नुकसान पहुंचाया है। इसका असर अभी आने वाले दिनों में भी दिखने के आसार हैं। आम के बौर पर फंफूद रोग सहित कई रोगों का असर दिखने लगा है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार इसके लिए किसानों को दवा छिड़काव करना चाहिए।

उद्यान विभाग के उप निदेशक कौशल कुमार का कहना है कि इस समय खर्रा व फफूंद जनित रोगों का खतरा ज्यादा है। कुछ जगहों पर इसका असर भी दिखने लगा है। किसानों को इसके लिए दवाओं का छिड़काव करना चाहिए, जहां पर ओले पड़े हैं। वहां तो बौर ही झड़ गये हैं, लेकिन जहां बौर बचे हैं, उनकी रक्षा के उपाय करने चाहिए। उन्होंने कहा कि खर्रा, दहिया रोग के लिए घुलनशील गंधक दो ग्राम प्रति लीटर व हेग्जा कोना जोल एक प्रतिशत प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव किया जा सकता है। यदि आम के बौर पुरी तरह लदे हों तो रासायनिक दवा का छिड़काव न करें। इससे परागण प्रभावित होने की संभावना बढ़ जाती है। उद्यान अधिकारी डा. शैलेंद्र दुबे का कहना है कि आम के बौर के बढ़ने के समय फफूंदी के संक्रमण से फूल और फल झड़ने लगते हैं। इसका लक्षण दिखने पर मेन्कोजेब, कार्बेंडाजिम के घोल का छिड़काव करना चाहिए। उनका कहना है कि खर्रा रोग के लक्षण बौरों, पुष्पक्रम के डंठल, नई पत्तियों और फल आने के बाद फलों पर सफेद पाउडर के रूप में दिखायी देते हैं। उन्होंने कहा कि आम के गुजिया कीट की रोकथाम के लिए भी उपाय करने चाहिए। इन कीटों की वजह से पत्तियों और बौर चिपचिपा पदार्थ बढ़ता है, जिससे फफूंद की बढ़ने लगते हैं। अगर ये कीट पत्तियों और बौर पर दिखायी दें तो इनके प्रबंधन के लिए कार्बोसल्फान 25 ईसी का दो मिली प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करना उपयुक्त होता है। वहीं केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के आम पर शोध करने वाले विनीत सिंह का कहना है कि तापमान परिवर्तनशीलता ने आम में फूलों के पैटर्न को प्रभावित किया है। इसलिए फूलों के निकलने के समय, फूलों में लिंग अनुपात, फूल के अन्दर दैहिक क्रिया और जैव रासायनिक प्रक्रिया पर जलवायु परिवर्तनशीलता के प्रभाव को समझाना अतिआवश्यक है ताकि एक समान फल उत्पादन एवं अच्छी उपज प्राप्त हो सके।



# एलडीए ने दुबग्गा में अवैध प्लाटिंग व हुसैनगंज में अवैध निर्माण को किया ध्वस्त

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

**लखनऊ** में अवैध निर्माण पर एलडीए का अभियान जारी है। वीसी इंद्रमणि त्रिपाठी के आदेश के बाद दुबग्गा थानाक्षेत्र में दो स्थानों पर की जा रही अवैध को ध्वस्त किया गया। इसके अलावा हुसैनगंज में एक अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। जोन-7 के जोनल अधिकारी अरविंद त्रिपाठी ने बताया कि फुरकान अहमद की ओर दुबग्गा में शेखपुरवा रोड पर मस्जिद के बगल में लगभग 25000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में पूना सिटी फेज-2 नाम से अवैध प्लाटिंग का कार्य कराया जा रहा था। इसके खिलाफ विहित न्यायालय में वाद संख्या -309 ध् 2022 योजित किया गया था। इसके अतिरिक्त जुबैर व फकीले लाल द्वारा जेहटा माल रोड पर लगभग 6000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग का कार्य कराया जा रहा था। इसके खिलाफ विहित न्यायालय में वाद संख्या-266ध्2022 योजित किया गया था। विपक्षी द्वारा कोई स्वीकृत मानचित्र,तलपट मानचित्र प्रस्तुत नहीं किया गया। स्थल पर अवैध रूप से कच्ची-पक्की सड़क, नाली, बाउंड्रीवॉल , कार्यालय, गेट आदि का निर्माण कराते हुए प्लाटिंग का कार्य कराया जाता रहा। पर ध्वस्तीकरण आदेश पारित किए गये थे। इस दौरान सहायक अभियंता उदयवीर सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता शिव प्रताप सिंह चौहान, सत्यवीर सिंह व शशिभूषण मिश्रा द्वारा प्राधिकरण पुलिस बल के लोग मौके पर थे। जोन-6 के जोनल अधिकारी रामशंकर ने बताया कि सचिन चौरसिया द्वारा हुसैनगंज की नई बस्ती में हैवलक रोड पर भवन संख्या-14ध्343 पर अवैध निर्माण कार्य कराया जा रहा था। इसमें विपक्षी द्वारा निर्माण के सम्बंध में कोई स्वीकृत मानचित्र नहीं दिखाया गया था।

# दिव्यांग छात्रों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को जागरूक करने के लिए कार्यशाला

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

**नेशनल** सेंटर फॉर प्रोमोशन ऑफ एंप्लॉयमेंट फॉर डिसेबल्ड पीपुल (एनसीपीईडीपी) ने दिव्यांग छात्रों के लिए छात्रवृत्ति कार्यक्रम की पेशकश करने के उद्देश्य से भारत की अग्रणी वित्तीय सेवा प्रदाता बजाज फिनसर्व लिमिटेड के साथ भागीदारी की है। एनसीपीईडीपी की ओर से रविवार को दिव्यांग छात्रों, उनके माता-पिता और शिक्षकों के लिए एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें निःशक्त व्यक्तियों के अधिकारों और उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से लागू कल्याणकारी नीतियों की जानकारी दी गई। एनसीपीईडीपी-बजाज फिनसर्व छात्रवृत्ति कार्यक्रम का उद्देश्य उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के कुल 100 दिव्यांग छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करना है, जो माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक तथा उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।इसके लिए चयनित दिव्यांग छात्रों को छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी तथा उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार श्री अवनीश कुमार अवस्थी ने कहा, श्दिव्यांग छात्रों के लिए छात्रवृत्ति कार्यक्रम शुरू करने के लिए एनसीपीईडीपी और बजाज फिनसर्व लिमिटेड सराहना के पात्र हैं। दिव्यांग जनों का समावेशी सशक्तिकरण हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस मौके पर एनसीपीईडीपी के कार्यकारी निदेशक अरमान अली ने कहा, श्बजाज फिनसर्व के साथ मिलकर दिव्यांग छात्रों के लिए छात्रवृत्ति कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए हमें बेहद प्रसन्नता है। शिक्षा सशक्तिकरण की कुंजी है, और हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि प्रत्येक दिव्यांग छात्र के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हासिल करना सुलभ हो।

# आईटीएफ वर्ल्ड टूर एविगेनी डॉन्सकॉय ने जीता खिताब

- ज्यादा बड़े टूर्नामेंट्स कराने का मिला हौसला: नवनीत सहगल

लखनऊ। समृद्धि न्यूज

**उत्तर प्रदेश** की राजधानी लखनऊ के इकाना स्पोर्ट्स सिटी (इकाना स्टेडियम) में चल रहे अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट आईटीएफ 25 हजार डालर वर्ल्ड टूर के एकल मुकाबले में फाइनल में एविगेनी डॉन्सकॉय ने खिताब पर कब्जा जमा लिया। उन्होंने सातवीं वरियता प्राप्त यूक्रेन के खिलाड़ी एरिक वैनशेलबोइम को सीधे सेटों 6-2,7-5 में हरा दिया। डॉन्सकॉय का भारत में ये लगातार दूसरे हफ्ते में दूसरा आईटीएफखिताब है। इससे पहले के हफ्ते में वो आईटीएफ दिल्ली के चौंपियन भी बने थे। डॉन्सकॉय ने अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां लखनऊ में भी शानदार खेल दिया। आज हुए फाइनल





मुकाबले में पहले सेट में एविगेनी डॉन्सकॉय ने अपने प्रतिद्वंदी को टिकने ही नहीं दिया। उन्होंने एक के बाद एक विनर की झड़ी लगाते हुए पहला सेट 6-2 से जीत लिया। दूसरे सेट में युक्रेन के खिलाड़ी ने जबरदस्त वापसी की। उन्होंने दूसरे सेट की शुरुआत से अपना खेल ही बदल दिया। डिफेंस की जगह अटैकिंग खेलते हुए 10वें गेम तक स्कोर बराबरी का रखा। मैच के आखिरी दो गेम में डॉन्सक्काय ने अपने अनुभव और मानसिक दृढ़ता का परिचय दिया और दोनों गेम जीतकर मैच और खिताब अपने नाम कर लिया। डॉन्सक्काय ने जीत के बाद अपने प्रतिद्वंदी यूक्रेन के एरिक वैनशेलबोइम की तारीफकी और कहा कि वो एक शानदार खिलाड़ी हैं। लखनऊ में हुए इस टूर्नामेंट की तारीफ की। उन्होंने कहा कि लखनऊ के लोगों की मेहमाननवाजी ने उनका दिल जीत लिया। उन्होंने बार-बार यहां आने का वादा भी किया। विजेता और उपविजेता को विनर और रनर अप की ट्रापी देकर प्रदेश सरकार के अपर मुख्य सचिव खेल और यूपी टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने सम्मानित किया। नवनीत सहगल ने कहा कि इस टूर्नामेंट की सफलता को देखते हुए अब यूपीटीए को और भी बड़े अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट आयोजित कराने का हौसला मिला है। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रदेश सरकार प्रदेश में खेल के बड़े आयोजन और खेल के प्रोत्साहन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस मौके पर आईएएफ अफसर भूपेंद्र चौधरी, उत्तर प्रदेश सरकार के गृहसचिव बी.डी.पॉल्सन भी मौजूद रहे। टूर्नामेंट के डायरेक्टर और यूपीटीए सचिव पुनीत अग्रवाल ने सफल टूर्नामेंट के आयोजन के लिए सभी आटीएफ अधिकारियों, अपनी टीम के सदस्यों समित केसरी, उजैर अहमद आजमी, कोमल श्रीवास्तवस समेत पूरी टीम का आभार व्यक्त किया।

# योगी का पशु पक्षियों से प्रेम छिपा नहीं है: भूपेंद्र चौधरी

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

**अखिलेश यादव को नहीं दिखता छह साल में यूपी खुशहाल**



लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पशु-पक्षियों से प्रेम प्रदेश की जनता से छिपा नहीं है। गाय और सारस का अंतर सपा प्रमुख को समझना होगा।चिड़ियाघर में सारस को कैद नहीं किया गया, बल्कि संरक्षित किया गया है। सपा प्रमुख सारस की आड़ में आरिफके नाम पर राजनीति कर रहे हैं। सपा के जनप्रतिनिधियों द्वारा जनता पर किए जुल्म किसी से छिपे नहीं हैं। योगीराज में आम और खास का फर्क मिटा दिया गया तो सपा प्रमुख को परेशानी हो रही है। योगी आदित्यनाथ सभी 75 जनपदों में जाकर विकास करते हैं तो सपा प्रमुख को नहीं दिखता, लेकिन बतौर सीएम खुद नोएडा नहीं जाते थे तो भेदभाव कौन करता है। यह जनता को पता है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सपा प्रमुख ने कांग्रेस को पहले भी साइकिल पर बिठाया था, जिसे जनता ने पंक्चर कर दिया। कांग्रेस-सपा, सपा-बसपा मिलकर भी भाजपा के खिलाफ चुनाव में साथ खड़े हुए पर जनता ने उन्हें नकार दिया। जनता उन्हें पहले भी हरा चुकी है, आगे भी हराएगी ही। यह लोग गठबंधन भी सिर्फ लाभ देखकर ही करते हैं जबकि भाजपा सरकार में किया गया विकास ही 25 करोड़ यूपी वालों का विश्वास है। भाजपा ने सबका साथ, सबका विकास किया। सपा प्रमुख के मन में विकास नहीं, सत्ता की लोलुपता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जाकी रही भावना जैसी ,सपा प्रमुख अखिलेश यादव को छह साल में खुशहाल यूपी नहीं दिखता। उन्हें पक्षी नहीं, पक्षी की आड़ में राजनीति की चिंता है। समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अपने मुख्यमंत्रित्व कार्यकाल की बदहाली पर चर्चा नहीं करते। अपने कार्यकाल में पैदा हुए माफिया की बात नहीं करते। उन्हें अपने राज में हुए उपद्रव से चिढ़ नहीं है, लेकिन भाजपा राज में दीपोत्सव, रंगोत्सव व देव दीवाली के प्रति आस्था और जुड़ता जनमानस उनसे देखते नहीं बन रहा है। नित्य महोत्सव, सुमंगल की भूमि बन चुकी उत्तर प्रदेश की संस्कृति भी अच्छी नहीं लग रही है। उन्हें काशी विश्वनाथ, दिव्य कुंभ और देश के महापुरुषों का सम्मान नहीं दिखता। जनता-जनार्दन ने जिन्हें खारिज कर दिया, उन्हें यहां की उत्सवधर्मिता भी समझ में नहीं आ रही। हमने संकल्पों को सिद्धि में बदला है और आगे भी बदलते रहेंगे।प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि सपा प्रमुख के लिए एक क्षेत्र विशेष ही सब कुछ है, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए पूरा प्रदेश ही परिवार है। सपा प्रमुख बिल्डिंग की बात करते हैं पर योगी सरकार के रोग नियंत्रित करने की सफलता नहीं पच रही है। इंसेफेलाइटिस के कहर से आए दिन पूर्वी उत्तर प्रदेश के बच्चे काल के गाल में समा रहे थे। तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव तब कहां थे, उन्हें मां के आंसू नहीं दिखते थे। इंसेफेलाइटिस से मरने वाले बच्चे इनकी प्राथमिकता में नहीं थे। इंसेफेलाइटिस पर होने वाली मौतों पर योगी सरकार के कुशल मार्गदर्शन में 96 प्रतिशत तक नियंत्रण आया है।भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि योगी सरकार ने 2017 से अब तक दो लाख दो हजार करोड़ रुपये से अधिक का गन्ना भुगतान किया। जबकि 5 वर्ष 2012-17 में महज 95 हजार 215 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया था। उन्होंने जो विरासत हमें दी है, उसमें यह सुधार उन्हें नहीं दिख रहा। यह सुधार योगी सरकार में बढ़ता ही जाएगा। हमने वीआईपी जिले का कल्चर समाप्त कर समान बिजली दी, समान रूप से युवाओं को रोजगार-नौकरी दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार ने हर हाथ को काम और काम को पूरा दाम दिया। यह निरंतरता बनी है और 35 लाख करोड़ का निवेश प्रस्ताव जमीनी धरातल पर उतरते ही यहां के युवाओं को उड़ान मिलेगी जो उन्हें पच नहीं रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में भाजपा सरकार ने अभूतपूर्व कार्य किए हैं। इस बार के बजट में हमने मीरजापुर, देवीपाटन और मुरादाबाद में नए विश्वविद्यालय की सौगात दी है। कुशीनगर में हम महात्मा बुद्ध कृषि व प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भी शुरू करने जा रहे हैं।

# लखनऊ सुपरजाइंट्स का रोड शो, 10 गाड़ियों में बैठकर खिलाड़ी शहर घूमने निकले

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

लखनऊ,26 मार्च 2023 (यूएनएस)। लखनऊ सुपरजाइंट्स की टीम ने रविवार शाम को राजधानी में रोड शो निकाला। इसकी शुरुआत चौक से हुई। 10 गाड़ियों में बैठकर खिलाड़ी शहर घूमने निकले। क्रिकेटर्स को देखने के लिए फैंस पहले से ही वहां पर पहुंच गए थे। गाड़ियों का काफिला जैसे ही फैंस के बगल से गुजरा। वे खुशी से झूम उठे। उन्होंने हाथ हिलाकर खिलाड़ियों का जोश बढ़ाया। जवाब में खिलाड़ियों ने भी गर्दन हिलाकर उनका अभिवादन स्वीकार किया। उन्होंने फैंस से आईपीएल मैच देखने की अपील की।

शहर घूमने के बाद खिलाड़ी अम्बेडकर पार्क पहुंचे। यहां पर रोड शो खत्म हुआ। इस दौरान आसमान में गुब्बारे भी छोड़े गए। उसके बाद खिलाड़ियों के मनोरंजन के लिए सिंगिंग प्रोग्राम शुरू हुआ। जिसमें रैपर पैंथर ने एक के बाद एक कई फिल्मी गानों पर परफॉर्म किया।





## खबरें एक नजर में

### विधायक जय देवी कौशल ने वृहद पशु आरोग्य मेले का किया उद्घाटन

**लखनऊ।** मलिहाबाद क्षेत्र के ग्राम सरावां स्थित मैदान मे पशुपालन विभाग द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय वृहद पशु आरोग्य मेले का शुभारम्भ विधायक जयदेवी कौशल व ब्लाक प्रमुख निर्मल वर्मा ने गौपूजन कर किया। वृहद पशु आरोग्य मेले मे लगे स्टालों का भ्रमण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वृहद पशु आरोग्य मेले को सम्बोधित करते हुये विधायक जयदेवी कौशल ने कहा कि पशुपालकों के लिये सरकार अनेकों योजनाएं चला रही हैं। जिनका उन्हें लाभ लेना चाहिए। ब्लाक प्रमुख निर्मल वर्मा ने मेले को सम्बोधित करते हुये कहा कि पशुपालकों के लिये सरकार पशु बीमा योजना चला रही है। पशुपालकों को अपने पशुओं का बीमा कराना चाहिए। पशु बीमा होने से पशुपालकों को बड़ा लाभ मिलता है। पशुपालन विभाग अनेकों प्रकार की योजनाएं चला रही है। जिस पर इच्छुक लोग सब्सिडी पर लोन लेकर पशुपालन कर सकते हैं। इस अवसर पर पशुपालन विभाग के डाक्टर, प्रधानसंघ अध्यक्ष प्रतिनिधि अखिलेश उर्फ अंजू सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मीनू वर्मा, गोपेश्वर गौशला के प्रबन्धक उमाकान्त गुप्ता, पारख महासंघ के प्रदेश सचिव कुंवर अरूण प्रताप सिंह उर्फ बंटी, सर्वेश रावत प्रधान, ज्ञानी पाल, डा0 विनीत कुमार, शैलेन्द्र सिंह सहित क्षेत्र के दर्जनों पशुपालक मौजूद रहे।

### एफआईआर दर्ज कराने के लिये दर-दर भटक रही महिला

**लखनऊ।** अपने साथ हुयी मारपीट व जान से मारने की धमकी देने वालों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने के लिये पीड़ित महिला एसीपी व थाने के चक्कर काटने को मजबूर है। लेकिन अभी तक महिला की एफआईआर दर्ज नहीं की गयी है। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम गदियाखेड़ा मजरा महदोईया निवासिनी खातूना व मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम ढ़ेढ़ेमऊ निवासिनी देवरानी शन्नों को ग्राम गदियाखेड़ा निवासी सलीम ने अपने पुत्रों अरकान व मन्नान के साथ मिलकर विगत 17 फरवरी को मारा पीटा था। जिसकी शिकायत पीडिता ने रहीमाबाद थाने पर दी थी। जिसमे पुलिस ने एफआईआर दर्ज न कर दोनों पक्षों मे समझौता करा दिया। लेकन दबंग सलीम ने समझौता होने के बाद से लगातार प्रताड़ित कर फर्जी मुकदमें मे फंसाने के थाने मे तहरीर देते हुये पीड़िता के परिवार के पुरूषों को महिला आरोपों मे फंसाने की धमकी देने के साथ जान से मारने की धमकी दे रहा है। उक्त पीड़िता ने विगत 24 मार्च को एसीपी को भी प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी थी। लेकिन न ही एसीपी की तरफ से कोई कार्यवाही गयी, और न ही रहीमाबाद थाने पर महिला की एफआईआर दर्ज की जा रही है। जिससे पीड़ित महिला एसीपी व रहीमाबाद थाने के चक्कर काटने को मजबूर है।

### किसान गोष्ठी में कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

**गोसाईगंज लखनऊ।** क्षेत्र के मस्तेमऊ गांव में आयोजित किसान गोष्ठी में कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात। भारतीय जनता पार्टी द्वारा मोटे अनाजों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पार्टी द्वारा जगह जगह किसान गोष्ठियाँ आयोजित की जा रही है।इसी क्रम में रविवार को क्षेत्र के मस्तेमऊ गाँव मे किसान गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री संजय राय व विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा उत्तर प्रदेश के मंत्री राम निवास यादव पहुंचे। चूँकि संजय राय को पार्टी द्वारा शनिवार देर रात ही प्रदेश महामंत्री बनाया गया है जिसके चलते रविवार को बतौर प्रदेश महामंत्री यह उनका पहला कार्यक्रम था।इससे उनके कार्यक्रम में पहुँचते ही वहां उपस्थित लोगों ने उनका व रामनिवास यादव का जोरदार स्वागत किया।अपने स्वागत से गदगद श्री राय ने वहाँ पर उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।और अपने उदबोधन में संजय राय ने मोटे अनाजों(मिलेट्स) जैसे जौ बाजरा रागी चना आदि की विशेषताओं को बताते हुए लोगों से इन्हें प्रयोग करने का आह्वान किया।वही राम निवास यादव ने अपने उदबोधन में सरकार की मंशा के अनुरूप किसानों से मोटे अनाजों की भी खेती करने की बात कही। इसके पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने प्रत्येक माह के अन्तिम रविवार को होने वाली प्रधानमंत्री के मन की बात की 99 वीं कड़ी भी रेडियो पर सुनी।

## हर्षोल्लास के साथ गोरखा समाज ने मनाया होली मिलन

लखनऊ। लालबाग कंपाउंड स्थित कार्यालय पर भारतीय गोरखा सेवा समाज उत्तर प्रदेश लखनऊ का होली मिलन समारोह रंग-उमंग के साथ पारम्परिक रिति-रिवाज के साथ मनाया गया। समारोह में उपस्थित गोरखा भाइयों-बहनों ने रंग-गुलाल उड़ा पुष्प वर्षा कर रंग बिरंगी होली खेली। साथ ही महिला-पुरुषों ने नेपाली लोक-संगीत का मनोहारी प्रदर्शन किया। उपस्थित लोगों को अध्यक्ष वीबी.थापा व महामंत्री जीवेश उपाध्याय ने केसरिया गुलाल का तिलक कर सबका स्वागत किया। साथ ही सब पर पुष्प वर्षा की गयी। समारोह में उपाध्यक्ष एन. बी.क्षेत्री,रमेश थापा, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी गौरव सिंह,महिला अध्यक्ष अमृता शाह,मंदिर अध्यक्ष चन्दन सिंह, बीर बहादुर बिष्ट, निशा आचार्य,दीपीका सेन खत्री, डा. सुशीला छेत्री लोगों ने होली मिलन समारोह में हिस्सा लिया।

# किताबें लिखना पढ़ना बढ़ाती हैं उम्र: डा.दिनेश शर्मा

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

**मेले में बिकीं लगभग 33 लाख रुपये की पुस्तकें**

**उम्र** शिक्षकों की ज्यादा होती है। साहित्यकारों और लेखकों की ज्यादा होती है। पुस्तक हमें एक सम्बल प्रदान करती है। पुस्तक अपनी अभिव्यक्ति को दर्शाने में एक सहायक की भूमिका निभाती है। किताबें मन और मस्तिष्क को स्वच्छ और स्वस्थ रखने का कारक बनती हैं। उक्त विचार पूर्व उपमुख्यमंत्री व महापौर डा.दिनेश शर्मा ने सन दो हजार में अमेरिका के एक विश्वविद्यालय में अपने सामने पढ़े गये शोध के हवाले से लखनऊ पुस्तक मेला समापन समारोह में व्यक्त किये। रवींद्रालय चारबाग में 17 मार्च से चल रहे 10 दिवसीय लखनऊ पुस्तक मेले आज अगले वर्ष के लिए विदा हो गया। समारोह में मेले का भ्रमण करने के बाद पूर्व उपमुख्यमंत्री और महापौर डा.दिनेश शर्मा ने पुस्तक मेले से 20 वर्षों के अपने जुड़ाव और प्रदेश के विकास का उल्लेख करते हुए आगे कहा कि जो लोग किताबें पढ़ते हैं, लिखते हैं उनका मस्तिष्क क्रियाशील होता है। और जिनका मस्तिष्क क्रियाशील होता है, उनकी आयु लम्बी होती है, शरीर स्वस्थ रहता है। इसलिए पढ़ना जहां बुद्धिमत्ता प्रदान करता है, वहीं स्वास्थ्य के लिए भी मददगार होता है। इससे पहले आयोजक मनोज सिंह चंदेल ने पुस्तक मेलों की स्थापित की गयी परम्परा पर अपनी बात अतिथियों का स्वागत करते हुए रखी। मेले के निदेशक आकर्ष चंदेल ने डा.दिनेश शर्मा को स्मृति चिह्न प्रदान किया, जबकि डा.शर्मा ने स्टाल धारकों और




मेले के प्रमुख सहयोगियों को स्मृति चिह्न प्रदान किये। आकर्ष चंदेल ने बताया कि मेले में लगभग 33 लाख रुपये की पुस्तकों की बिक्री हुई। मेला दो दिन वर्षा से बाधित न हुआ होता तो बिक्री के आंकड़े कुछ और ही होते। रविवार के अंतिम दिन आज मेले में पुस्तक प्रेमियों की संख्या खूब रही। स्टाल धारक राहुल ने मेले के अपने अनुभव और बिक्री को अच्छा बताया। अभिनव छाबड़ा ने बताया कि साहित्य के संग अध्यात्मिक पुस्तकें ज्यादा बिकीं। मेले में आज सुबह युवाओं के कार्यक्रम सूरज में मोहक प्रस्तुतियों के बाद नेचर क्लब और विश्वम फाउण्डेशन का सम्मान समारोह हुआ। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। युवाओं को जागरूक करते कार्यक्रम में कल आशीष शुक्ला के संयोजन में नवोन्मेष टीम के कुछ तो कहो सत्र 18 का अयोजन किया था। यहां साइबर क्राइम के बारे में एसएच आदिल, अजय प्रताप सिंह, सौरभ मिश्रा प्रशांत शर्मा आदि ने अपने विचार सामने रखे। आज दोपहर बाद डा.अजय प्रसून की अध्यक्षता, डा.रेनू द्विवेदी के संयोजन और संचालन राजीव वर्मा वत्सल के संचालन में आयोजित चारु काव्यांगन के कवि सम्मेलन में वर्षा श्रीवास्तव, सरोजबाला सोनी, डा.निर्भय नारायण गुप्त, मनमोहन बाराकोटी, श्रीशचन्द्र दीक्षित, प्रवीण कुमार शुक्ल, अलका अस्थाना, जितेंद्र मिश्र भास्वर, वंदना विशेष, प्रतिभा श्रीवास्तव, मधु पाठक, अनिता सिन्हा, उमा लखनवी, अमर श्रीवास्तव, शशि नारायण त्रिपाठी, शुभेन्द्र सिंह, प्रिया सिंह, अजय त्रिवेदी आदि ने रचनाएं पढ़ीं। की। मुख्य अतिथि डा.सत्यदेव पथिक और विशिष्ट अतिथि कुँवर कुसुमेश रहे।

# सहकारिता मंत्री ने ई-लॉबी का किया शुभारंभ

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

प्रदेश के सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर ने जनपद अमरोहा में उत्तर प्रदेश को ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड में भुगतान कार्यालय वेव इंस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड यूनिट धनौरा स्थापित ई लॉबी का शुभारंभ किया। उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक चीनी मिलों को लगभग 3000 करोड़ रुपए का वित्तपोषण कर रहा है। एथेनॉल सेक्टर को बढ़ावा देने हेतु बैंक प्रतिबद्ध हैं, क्योंकि यह भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना में से है। इससे चीनी मिलें किसानों को समय परभुगतान हो रहा है, ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा मिला है। उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक लोन सेक्टर का 251 शुगर सेक्टर और एथेनॉल सेक्टर में दे रहा है इससे ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा मिलेगा।टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश को ऑपरेटिव बैंक ने आईएमपीएस और यूपीआई जैसी सुविधाओं को अपने ग्राहकों तकपहुंचाना शुरू कर दिया है जो कि केंद्र सरकार की बहुत बड़ी योजना है।सहकारिता विभाग की प्रथम बैठक में सहकारिता मंत्री द्वारा 100 शाखाएं खोली जाने का वादा किया गया था जिसमें 13 शाखाएं खोली जा चुकी हैं और 14 की खोलने का प्रस्ताव आरबीआई को भेजा जा चुका है। उत्तर प्रदेश को ऑपरेटिव बैंक द्वारा धनौरा की वेव इंडस्ट्रीज के पे ऑफिस के साथ अपनी पहली की लॉबी को खोल कर इस दिशा में सार्थक कदम उठाया है। ई-लॉबी के खुलने से लगभग 32000 किसानों को सीधे फायदा मिलेगा साथ ही साथ 650 करोड़ के टर्न ओवर के ट्रांजैक्शन हो सकेगा, जो सहकारिता विभाग के लिए बड़ी उपलब्धि है।उत्तर प्रदेश को ऑपरेटिव बैंक की 40 शाखाओं आगामी 6 माह में 40 एक्सटेंशन काउंटर और 25 ई-लॉबी हो जाएगी, अधिकाधिक लोग बैंक से जुड़ेंगे और बैंक व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा। यूपीसीबी को नाबार्ड द्वारा ए श्रेणी का बैंक घोषित किया गया है ।भारत सरकार में सहकारिता के नए मंत्रालय के गठन के पश्चात सहकारिता विभाग का भविष्य उज्जवल हो गया है।

# एलयू में जनसंख्या नियंत्रण व नशा मुक्त को लेकर किया गया जागरूक



**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

**लखनऊ** विश्वविद्यालय एलयू में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के छठे दिन स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसमें फिलॉस्फी डिपार्टमेंट के आस-पास सफाई किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ममता सिंह के साथ आचार्य नरेंद्र देव हॉस्टल की तरफबने कर्मचारियों के आवास के सामने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करने हेतु गए। वहां दो तरह के नुक्कड़ नाटक जनसंख्या नियंत्रण व नशा मुक्त भारत का प्रस्तुतिकरण किया गया। सभी ने प्रस्तुतिकरण कर कर्मचारियों के परिवार से संवाद किया। उन्हें नशा करने के होने वाले हानिकारक प्रभाव के साथ नशा उन्मूलन के तरीके भी बताए और जनसंख्या वृद्धि के कारण और निवारण की चर्चा की। नाटकों का प्रस्तुतिकरण करने के पश्चात कर्मचारियों के परिवारों से बातचीत की गई। उन सभी ने विश्वास दिलाया कि इस कार्य हेतु वे भी लोगों को जागरूक करेंगे और बढ़ रही जनसंख्या की रोकथाम हेतु बताए गए नियमों का पालन करते हुए देश की उन्नति में भागीदारी निभाएंगे। वहीं फिलॉस्फी डिपार्टमेंट के सामने सभी स्वयं सेवक एकत्रित हुए और लक्ष्य गीत गाकर राष्ट्रीय सेवा योजना के छठे दिन के विशेष शिविर का समापन किया गया।

## एलयू के द्वितीय परिसर में इंटर सेमेस्टर मूट कोर्ट प्रतियोगिता का हुआ समापन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में इंटर सेमेस्टर मूट कोर्ट प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस प्रतियोगिता कि मूट प्रॉब्लम नोटबंदी पर आधारित थी। जिस पर छात्र-छात्राओं द्वारा अपने विचार रखे रखे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति मनीष कुमार रहे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए, बताया कि सफलता प्राप्त करने के लिए दृढ़ता और प्रतिभा की आवश्यकता है। अपने जीवन काल की कुछ महत्वपूर्ण घटनाएं भी छात्रों के साथ सांझा कर, उनको विधि क्षेत्र में नए आयामों को स्पर्श करने की प्रेरणा दी।इसके साथ ही इंटर सेमेस्टर मूट कोर्ट कंपटीशन की विजेता टीम अंचल वर्मा, हर्षिता पटेल एवं देवेश यादव को पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही प्रतियोगिता के द्वितीय विजेता टीम ऋतुराज सिंह, शैलजा सिंह और वंशिका गौर का मनोबल बढ़ाते हुए पुरस्कृत किया गया।

# भाजपा चाहे जितना जुल्म कर ले, कांग्रेस जन विरोधी मामले उठाती रहेगी: बृजलाल खाबरी

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

**राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त किये जाने के खिलाफ कांग्रेस ने किया संकल्प सत्याग्रह**

**उत्तर** प्रदेश कांग्रेस ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त किए जाने को पूर्णतया मोदी सरकार का षड्यंत्र और लोकतंत्र पर घातक हमला बताया है। रविवार को शहीद स्मारक पर आक्रोशित हजारों कांग्रेसियों ने देर शाम तक ''संकल्प सत्याग्रह'' आयोजित कर विशाल धरना दिया। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कहा कि आज हमारे नेता पूर्व कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को निडरता व तथ्य के साथ सच बोलने की और जनता की आवाज बुलंद करने की कीमत चुकानी पड़ी है। हम कांग्रेसजनों का हौसला इससे पस्त होने वाला नहीं है। कांग्रेस पार्टी इस भ्रष्ट सरकार के जनविरोधी मामलों को सदैव उठाती रहेगी। मोदी सरकार की एक-एक नाकामियों को जनता के बीच प्रत्येक ब्लाक, ग्राम स्तर तक जमीन पर ले जाने के लिए उत्तर प्रदेश कांग्रेस संगठन व्यापक जन आंदोलन के लिए कमर कस चुका है। सरकार कितना भी जुल्म कर ले। ''ना हम डरे हैं ,ना कभी डरेंगे'' हम इन भ्रष्टाचारियों से बेखौफ डटकर मुकाबला करेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार विघटनकारी नीतियों के आधार पर दो हिंदुस्तान बना रही है, एक अमीरों का, एक गरीबों का। कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार ने देश को फूड सिक्योरिटी बिल के तहत मुफ्त राशन मुहैया कराने का संवैधानिक अधिकार दिया था। परंतु आज मोदी काल में मुफ्त सरकारी राशन के नाम पर अति पिछड़ों ,दलितों के आत्मीय स्वालंबन पर लगातार कुठाराघात की खबरें मीडिया,सोशल मीडिया में देखने को मिल रही है। पिछड़े वर्गों को संवैधानिक अधिकार के तहत मिलने वाले सरकारी राशन का वास्ता देकर स्वयं प्रधानमंत्री मोदी को भी चुनावी रैलियों में वोट मांगते हुए समूचे देशवासियों ने सोशल मीडिया एवं मीडिया में देखा है। कांग्रेस विधानमंडल दल नेता आराधना मिश्रा ने कहा कि नीरव मोदी, ललित मोदी और मेहुल चौकसी इन आर्थिक भ्रष्टाचारियों में से कोई भी पिछड़ी जाति का नहीं है। फिर भी बीजेपी पिछड़े की दुहाई देकर इन आर्थिक घोटालेबाजों की केंद्र सरकार के साथ साठगांठ को छुपाने का कुत्सित प्रयास कर रही है। प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे ने कहा कि बीजेपी की मोदी सरकार अति पिछड़े दलितों को उनके सामाजिक राजनैतिक उत्थान से वंचित रखना चाहती है। प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि बीजेपी की सोच है कि आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े तबके को भारतीय राजनीति में केवल वोट बैंक तक ही सीमित रखना। उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने बताया कि आज आयोजित हुए संकल्प सत्याग्रह के दौरान उत्तर प्रदेश कांग्रेस के समूचे नेतृत्व ने व्यापक विचार विमर्श कर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष श्री राहुल गांधी जी की सदस्यता समाप्त किये जाने के पीछे मोदी सरकार की मंशा एवं षड्यंत्र को जनमानस के बीच बेनकाब करने के लिए व्यापक रणनीति तय किया है। लखनऊ, शहीद स्मारक स्थल पर आयोजित ''संकल्प सत्याग्रह'' में पूर्व एमएलसी दीपक सिंह पूर्व मंत्री डा मसूद, पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, सतीश अजमानी, इंदल रावत, धीरेंद्र सिंह धीरू, जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, महानगर अध्यक्ष दिलप्रीत सिंह आदि ने भी सभा को संबोधित किया।

## स्वास्थ्य जागरूकता के लिए साइकिल रेस, सीनियर वर्ग में पूनम यादव रहीं अव्वल

लखनऊ। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए साइकिल रेस प्रतियोगिता हुई, जिसमें 320 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। बच्चों के वर्ग में तीन किलोमीटर की साइकिल रेस हुई। वहीं जूनियर व सीनियर वर्ग में छह किलोमीटर साइकिल रेस की प्रतियोगिता आयोजित हुई। इंटरनेशनल स्पोर्ट्स एंड मार्शल आर्ट्स स्कूल इंडिया द्वारा स्वास्थ्य के प्रति जन जागरूकता हेतु गवर्नमेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज रोड सेक्टर 11 इंदिरा नगर में साइकिल रेस का आयोजन किया गया। किड्स वर्ग श्रीयास्त त्रिपाठी प्रथम, अथर्व सिंह दूसरे और नितिशी गिरी तीसरे स्थान पर रहे। वहीं जूनियर वर्ग में विवेक तंवर अव्वल रहे, जबकि शौर्य दूसरे और रूद्र तीसरे स्थान पर रहे। वहीं सीनियर वर्ग में पूनम यादव प्रथम, संदीप वर्मा दूसरे और विवेक रावत तीसरे स्थान पर रहे। जिला साइकिल एसोसिएशन से अनुराग बाजपेयी सहित उपस्थित निर्णायक मंडल द्वारा विजय प्रतिभागियों की घोषणा की गई।

# लखनऊ के कपूरथला बाजार की बदलेगी तस्वीर

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

**लखनऊ** के कपूरथला बाजार को सेन्ट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट की तर्ज पर पुनर्विकसित कर उसकी तस्वीर बदलने की तैयारी शुरू हो गयी। कपूरथला पर मल्टीलेवल पार्किंग, पिंक टॉयलेट का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही फुटपाथ से अवैध कब्जों को हटाकर पैदल यात्रियों के लिए बैरियर फ्री पेवमेंट तैयार कराया जाएगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी ने रविवार को कपूरथला मार्केट के स्थानीय व्यापारियों की समस्याओं को सुना। पार्किंग, अवैध कब्जों व महिलाओं के लिए टॉयलेट न होने की समस्या को व्यापारी वर्ग ने सबके समक्ष रखा। इस पर उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पार्किंग एरिया से हर प्रकार के अवैध अतिक्रमण, कब्जों को तुरंत हटाया जाए। इसके साथ ही मार्केट के लीज प्लान का परीक्षण करके अवैध कब्जेदारों को चिन्हित किया जाए तथा सम्बंधित के खिलाफ नोटिस जारी करते हुए जगह खाली करायी जाए। उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि ने अभियंताओं से कहा कि मार्केट में मल्टीलेवल पार्किंग व पिंक टॉयलेट बनाने के लिए स्थान चिन्हित किया जाए। इसके लिए मार्केट के पीछे स्थित पार्क में अंडरग्राउंड पार्किंग विकसित किये जाने के विकल्प का भी परीक्षण करा लिया जाए। फुटपाथ से अवैध कब्जों, अतिक्रमण को हटाकर पैदल यात्रियों के लिए बैरियर फ्री पेवमेंट विकसित किया जाएं। कपूरथला में ट्रैफिक जाम की समस्या को दूर करने के लिए वन-वे ट्रैफिक एवं टाइम बेस्ड वेन्डिंग के विकल्पों पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। उपाध्यक्ष ने आर्किटेक्ट रजनीश अग्रवाल को स्थानीय व्यापारियों के साथ बैठक करके कपूरथला बाजार को सीबीडी की तर्ज पर विकसित करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये। मौके पर अधिशासी अभियंता नवनीत शर्मा, सहायक अभियंता प्रवीण कुमार, सहायक अभियंता अनिल कुमार, अवर अभियंता जाकिर अली समेत व्यापार मण्डल के पदाधिकारी उपस्थित रहे। चारबाग रेलवे स्टेशन के सामने बने फुटओवर ब्रिज पर यात्रियों की सुविधा के लिए लिफ्टें लगायी जाएगी।



# मंगलवार को बहाल हो जायेगा सरयू पुल पर आवागमन





**कर्नलगंज/ गोण्डा ,समृद्धि न्यूज।**

तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत गोंडा लखनऊ राजमार्ग स्थित सरयू नदी पर बने कटराघाट पुल की मरम्मत का कार्य धीमी गति से चलकर अब सम्पन्न हो गया है। पुल के मरम्मत कार्य के चलते लोगों को करीब दो माह तक भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। जिसका सीधा असर लोगों की दिनचर्या पर देखने को मिला। चाहे स्कूल जाने वाले बच्चे हों या राजधानी लखनऊ से होकर अन्य स्थानों को जाने वाले यात्री और या राजधानी तक इलाज कराने जाने वाले मरीज सभी परेशान दिखे। फिलहाल अब पुल का मरम्मत कार्य पूर्ण हो जाने के बाद इंतजार की घड़ी खत्म हो गई है और विभागीय अधिकारियों के मुताबिक मंगलवार को सरयू पुल पर आवागमन बहाल हो जायेगा।

आपको बता दें कि बीते वर्ष मरम्मत के दौरान एंबुलेंस व इमरजेंसी वाहनों को निकलने की व्यवस्था थी पर इस बार समझदार अधिकारियों ने अपनी समझदारी का परिचय देते हुए सरयू पुल पर बैरिकेडिंग का निर्माण कुछ इस प्रकार कराया कि जिसमें इमरजेंसी वाहनों के आवागमन में बड़ी दिक्कतें आई और उन्हें भी वैकल्पिक मार्गों का सहारा लेना पड़ा। यह तो गनीमत है कि अब तक कोई अप्रिय घटना किसी मरीज के साथ नहीं घटी नहीं तो इसका जिम्मेदार कौन होता ? बहरहाल जिम्मेदारों द्वारा मरम्मत कार्य को एक माह में पूरा हो जाने को बताया गया था उस कार्य को करीब दो माह व्यतीत होने के बाद पूरा कराया जा सका। अब यह सवाल उठता है कि पुल के मरम्मत के दौरान आवागमन हेतु सहारा बने वैकल्पिक मार्गों के क्षतिग्रस्त होने की भरपाई कब और कैसे होगी और आखिर इसका जिम्मेदार कौन होगा। फिलहाल अब पुल का मरम्मत कार्य पूर्ण हो जाने के बाद इंतजार की घड़ी खत्म हो गई है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता विनोद त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि पुल के मरम्मत का कार्य पूर्ण हो चुका है और आगामी 28 मार्च मंगलवार से पुल पर पुनः आवागमन बहाल हो जायेगा।

# पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक संपन्न

- कोषाध्यक्ष पद पर आज्ञाराम गुप्त को चुना गया तथा बलबीर श्रीवास्तव को किया गया पद मुक्त



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

रविवार को पूर्वोत्तर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन गोंडा शाखा की बैठक हाजी सैयद हाकिम अली की अध्यक्षता में राजा देवी बक्श सिंह पुस्तकालय मालवीय नगर गोंडा में पूर्वान्ह 11ः00 से प्रारंभ हुई जिसमें एस एम सिंह ,आज्ञाराम गुप्ता ,दिनेश श्रीवास्तव ,मोहम्मद अली ,खत्री जी ,जगदंबा प्रसाद एवं केसी मिश्र आदि तमाम पेंशनर्स उपस्थित हुए सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत शाखा मंत्री आरके पाठक ने किया और उन्होंने अध्यक्ष जी को प्राप्त बलवीर श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष पूर्व कर्म कर्मचारी डीजल शेड गोंडा के पत्र पर प्रकाश डालने का अनुरोध किया इस पर गंभीरता पूर्वक विचार करने के पश्चात हिसाब किताब के गबन को ध्यान में रखते हुए उन्हें उनके पद से मुक्त करते हुए कहा कि बलवीर श्रीवास्तव को अब एसोसिएशन से हटाया जा चुका है और इनके स्थान पर आज्ञा राम गुप्त को सर्वसम्मति से कोषाध्यक्ष नियुक्त किया जा रहा है अब ये ही बलवीर श्रीवास्तव का कार्यभार देखेंगे ।

# डीएम ने हरी झंडी दिखाकर वेटरनरी यूनिट को किया रवाना

- किसान 1962 नंबर डायल कर पशुओं के उपचार हेतु एम्बुलेंस बुलायें
- 1962 नंबर डायल करें, पशु चिकित्सक घर आकर पशु का करेंगे उपचार



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण योजना के तहत रविवार को 520 मोबाइल वेटनरी यूनिट को अपने सरकारी आवास से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इन मोबाइल यूनिट की लागत 201 करोड़ है। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पशुओं के स्वास्थ्य को लेकर काफी गंभीर है। इसी को लेकर प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से यह कार्यक्रम शुरू किया गया है। सभी वेटरनरी यूनिट को पांच जोन में बांटा गया है। मुख्यमंत्री जी ने पशुपालन विभाग की हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1962 की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि कोई भी किसान हेल्पलाइन नंबर पर अपनी समस्या दर्ज करा कर पशु उपचार हेतु निशुल्क सुविधा प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर पशुपालन, डेयरी अमर और मत्स्य पालन विभाग के केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला व पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह भी चौधरी मौजूद रहे। इस पूरे कार्यक्रम का एनआईसी सभागार में जिलाधिकारी डॉ उज्ज्वल कुमार, अपर जिलाधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी व उनकी पूरी टीम द्वारा देखा गया। इसके बाद जिलाधिकारी द्वारा दो वेटरनरी यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होंने सीवीओ को पशुविभाग के हेल्पलाइन नंबर 1962 के प्रचार प्रसार कराने के निर्देश दिए। इसके बाद जिलाधिकारी दुल्लापुर निकट कटहाघाट में पशु आरोग्य मेला में पहुंचे और पशुपालन विभाग द्वारा लगाए गये स्टालों का निरीक्षण किया व आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## मंदिर के पुजारी ने नौ दिनों के लिए लगाई समाधि

**कर्नलगंज/ गोण्डा ,समृद्धि न्यूज।** तहसील क्षेत्र के विकास खण्ड कर्नलगंज अन्तर्गत ग्राम कटरा सहबाजपुर स्थित मेला बगिया में प्राचीन सदाशिव मंदिर है। यहां के पुजारी बाबा धर्मराज ने नवरात्रि के अवसर पर नौ दिन के लिए समाधि लगाई है। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि समाधि लेने से पूर्व बाबा ने बताया था कि वह नौ दिनों तक बिना अन्न जल ग्रहण किए ही देवियों की आराधना करेंगे। बाबा ने 22 मार्च से 30 मार्च तक अन्न जल ग्रहण न करने का व्रत लिया है। इस त्याग के साथ जल से भरे नौ कलश अपने सीने पर रखकर समाधि में लीन हैं। नवरात्रि के समापन पर 31 मार्च को विशाल भंडारे का आयोजन होगा। मंदिर पर बाबा की समाधि आराधना के साथ पूजन अर्चना चल रही है।

# शादी के पवित्र बंधन में बंधे 358 जोड़े

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**





न्यू मैरिज हॉल नवाबगंज गोंडा में तहसील तरबगंज के समस्त विकासखंड एवं तहसील मनकापुर के समस्त विकासखंड के लाभार्थियों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम के अंतर्गत विवाह कराया गया जिसमें 8 अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की इस्लामिक पद्धति द्वारा निकाह कराया गया तथा 350 जोड़ों का हिंदू रीति-रिवाज से विवाह कराया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रेम नारायण पांडे विधायक तरबगंज, वेद प्रकाश दुबे प्रतिनिधि विधायक मनकापुर ,बाबूलाल शास्त्री एवं राजेश चौधरी जिला समाज कल्याण अधिकारी गोंडा ,खंड विकास अधिकारी नवाबगंज राघवेंद्र प्रताप सिंह ,खंड विकास अधिकारी वजीरगंज विजय कांत मिश्र व रमेश कुमार सहायक विकास अधिकारी आईएसबी तथा समाज कल्याण विभाग के अरुणेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य कर्मचारी गण उपस्थित थे इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में अनुसूचित जाति के 177, पिछड़ी जाति के 101, सामान्य जाति के 72 एवं अल्पसंख्यक वर्ग के 8 जोड़ों की शादी कराई गई।

गोन्डा जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी ने कहा की नवाबगंज में में 07 ब्लाकों के द्वारा चयनित लाभार्थी वर-वधू की संख्या 350 हिन्दू रीति रिवाज तथा 08 मुस्लिम रीति रिवाज से शादियों का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ है।प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ गरीब बेटियों के शादी का कार्यक्रम मानक अनुसार करावाकर सरकार और सरकार के द्वारा संचालित गरीब कल्याण योजनाओ को जन जन तक पहुंचाया जाऐगा।


# खबरें एक नजर में

## भारतीय नववर्ष पर निकाली गई बाईक रैली



**कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** रविवार को भारतीय नव वर्ष विक्रमी संवत् 2080 के पावन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा एक मोटर साइकिल रैली निकाल कर जन जागरण किया गया। कर्नलगंज नगर के सामाजिक संगठनों और नगरवासियों की सहभागिता से रविवार को करनैलगंज डाक बंगले से निकाली गई बाइक रैली बस स्टॉप चौराहा,मौर्यनगर चौराहा से होते हुए गुड़ मण्डी, गाड़ी बाजार, घंटाघर,गुरूद्वारा, सर्वामाई थान, सुक्खा पुरवा चौराहा, अस्पताल मोड़ से सकरौरा चौराहा होते हुए गायत्री मंदिर पहुंची। इस दौरान भारत माता की जय और वंदेमातरम के खूब नारे लगे।

## ओवर ब्रिज तथा रानी बाजार के खस्ताहाल सड़क से राहगीर परेशान



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा है कि प्रदेश में सभी सड़कें हों गड्ढा मुक्त किंतु ऐसा प्रतीत हो रहा है कि गोंडा जिले में शासन का आदेश ही बेमानी है क्योंकि जिले में लगभग 3 दशक पहले बने ओवर ब्रिज के सारे जोड़ खुल चुके हैं कभी भी दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है कभी भी यदि आप किसी गाड़ी से ओवरब्रिज से गुजरते हैं तो इतने झटके लगते हैं कि शरीर के सारे जोड़ खुल जाते हैं इसी प्रकार जिले का मुख्य बाजार रानी बाजार है जहां सड़कों में गड्ढे हैं या गड्ढे में सड़क इस बात का ही अंदाजा नहीं हो पाता कई बार इस बात की जिला अधिकारी महोदय से चर्चा भी की जा चुकी है किंतु परिणाम ढाक के तीन पात ही दिखाई देते हैं इसलिए आज लिखना पड़ रहा है कि जिलाधिकारी महोदय कृपया एक बार इनोवा से यात्रा ना कर किसी स्कूटर या मोटरसाइकिल पर भी बैठ कर रानी बाजार व ओवरब्रिज की सैर कर लें तो शायद जनता के कष्ट का आपको एहसास हो जाएगा ।

## बाल गृह शिशु व विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण गोण्डा में संरक्षित बच्चों का मनाया गया जन्मोत्सव

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के तहत बाल गृह शिशु व विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण संस्था में संरक्षित बच्चों का जन्मोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम शुभारंभ जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी द्वारा संस्था में संरक्षित बच्चों से केक कटवा कर किया। उन्होंने कपड़े, फल आदि का वितरण किया। श्री सोनी ने कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने के लिए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना संचालित है। समाज में बेटी-बेटा का भेदभाव खत्म करना, कन्या भ्रूण हत्या रोकना, बाल विवाह पर रोकथाम आदि हेतु महिला कल्याण विभाग सदैव तत्पर है। उन्होंने संस्था में रह रहे बच्चों का स्वास्थ्य, शिक्षा, खान पान आदि की जानकारी ली। इस दौरान संरक्षण अधिकारी चन्द्र मोहन वर्मा, संस्था प्रमुख उपेंद्र श्रीवास्तव, अधीक्षिका अर्चना श्रीवास्तव, अधीक्षिका सपना श्रीवास्तव, प्रोबेशन कार्यालय से दीपक दूबे, न्याय पीठ सीडब्लूसी से स्टेनो मनोज उपाध्याय, चाइल्ड लाइन प्रभारी आशीष मिश्रा व संस्था के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तांत्रिक के कहने पर चचेरे भाई ने फावड़े से काटकर की थी हत्या

- बालक के हत्याकांड में शामिल चचेरा भाई, तांत्रिक समेत तीन गिरफ्तार
- खुलासा करने वाली टीम को 10 हजार का इनाम



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के परसा गांव निवासी कक्षा चार के छात्र की गुरुवार को उसके चचेरे भाई ने ही फावड़े से काट कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए मृतक छात्र के चचेरे भाई, आरोपी का चाचा और तांत्रिक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाली नानपारा क्षेत्र के ग्राम परसा अगैया निवासी कक्षा चार के छात्र विवेक वर्मा (10) की गुरुवार को गेहूं के खेत में गला रेत कर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने कृष्णा वर्मा की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

एसपी ने घटना के खुलासे के लिए कोतवाल हेमंत कुमार गौड़ की अगुवाई में तीन टीम लगाई थी। पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा और अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी ने घटना का खुलासा किया। एसपी ने बताया कि गांव निवासी मृतक छात्र के चचेरे भाई अनूप वर्मा के बेटे की तबियत खराब रहती है। जिसके चलते चचेरे भाई ने तांत्रिक जंगली पुत्र कल्लू से बात की। एसपी ने बताया कि इलाज करने के बजाए अनूप झाड़ फूंक के चक्कर में पड़ा रहा। तांत्रिक ने किसी बालक को बलि देने की बात कही। अनूप ने अपने पुत्र की सलामती के लिए अपने चचेरे भाई विवेक को गुरुवार को घर से बुलाकर ले गया। इसके बाद खेत में ले जाकर फावड़े से काटकर हत्या कर दी। एसपी ने बताया कि हत्या की वारदात को अंजाम देने में अनूप का चाचा चिंता राम भी शामिल रहा। जिस पर चचेरे भाई अनूप कुमार, तांत्रिक जंगली पुत्र कल्लू और चिंताराम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। एसपी ने घटना का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को 10 हजार का इनाम देने की घोषणा की है। इस दौरान सीओ राहुल पांडेय, कोतवाल हेमंत कुमार गौड़, एसओजी प्रभारी अनुज त्रिपाठी समेत अन्य शामिल रहे।

# ट्रक ने बाइक और आटो में मारी टक्कर, युवक की मौत, सगे भाई समेत पांच घायल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के नानपारा-लखीमपुर मार्ग पर अनियंत्रित ट्रक ने रविवार को बाइक और आटो में टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि मृतक के सगे भाइयों समेत पांच लोग घायल हुए हैं। दो घायलों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने दुर्घटना ग्रस्त ट्रक को पकड़ लिया है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुड़वा निवासी प्रदीप कुमार (28) पुत्र रंग लाल रविवार को अपने सगे भाई राहुल (22) और नायब (26) के साथ बाइक से घर जा रहे थे। बाइक पर नानपारा लखीमपुर मार्ग पर कुड़वा पेट्रोल पंप के निकट पहुंचे। तभी सुबह 11 बजे लखीमपुर की ओर से नानपारा जा रही ट्रक ने टक्कर मार दी। बाइक में टक्कर मारने के बाद ट्रक ने आटो में भी टक्कर मारी। हादसे में बाइक और आटो सवार पांच लोग घायल हो गए।दुर्घटना की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। यहां पर डॉक्टर ने प्रदीप को मृत घोषित कर दिया। जबकि आटो सवार दो लोगों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि दुर्घटना ग्रस्त ट्रक को राय बोझा में पकड़ लिया गया है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर किया जायेगा। युवक की मौत से परिवार के लोग रो रहे हैं।

# पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में पयागपुर थाना नं. 1

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश शासन के दिशा निर्देशों के तहत पब्लिक अप्रूवल रेटिंग को लेकर ए डी जी जोन गोरखपुर द्वारा हर महीने पब्लिक से ट्विटर पर वोटिंग कराया जाता है । ताकि जिले के प्रत्येक थानों की जनता के बीच लोकप्रियता का पता लगाया जा सके कि थाना के द्वारा किए गए कार्यों से जनता कितनी संतुष्ट नजर आती है। इसी के तहत जिले के पयागपुर थाने को लेकर पिछले फरवरी महीने में पब्लिक के बीच ट्विटर के माध्यम से फीडबैक जानने के लिए लोगों को डायरेक्ट ट्वीट या लिंक के जरिए ट्वीट करने को कहा गया। लोगों ने ज्यादा से ज्यादा पयागपुर थाने के पक्ष में कार्यशैली थाना पयागपुर का देखते हुए फीडबैक दिया। जिससे जिले में थाना पयागपुर पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में नंबर वन रैंक प्राप्त किया। थाना पयागपुर के प्रभारी राजकुमार पांडेय की कार्यशैली जनता के बीच बहुत ही लोकप्रिय है क्योंकि जनता की समस्या का उचित समाधान समय रहते ही इनके द्वारा कर दिया जाता है और इन्हीं के नेतृत्व में पयागपुर की पुलिस भी काफी अच्छा कार्य कर रही है। छोटे एवं बड़े बुजुर्ग जब कोई अपनी समस्या लेकर इनके पास आते हैं तो यह लोगों के दर्द को समझते हुए उचित समाधान करते हैं ताकि जनता असंतुष्ट ना होने पाए।

# जनपद को मिली 08 मोबाइल वेटनरी यूनिट की सौगात

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

- घायल व बीमार पशु को उपलब्ध होगी त्वरित चिकित्सा सुविधा



गांव या शहर में अगर मवेशी बीमार है तो पशु पालक या मोहल्ले के लोगों अब परेशान होने की जरूरत नहीं है। अब टोल फ्री नंबर 1962 पर फोन करते ही मोबाइल वेटनरी यूनिट मौके पर पहुंच कर मवेशियों का इलाज करेगी। रविवार को सजीव प्रसारण के उपरान्त एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, नानपारा के राम निवास वर्मा, सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड के प्रतिनिधि डॉ. आनन्द गोंड, जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र, पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा व अन्य ने संयुक्त रूप से हरी झण्डी दिखाकर जनपद को प्राप्त हुए 08 वेटनरी मोबाइल वाहनों को कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने बताया कि शासन स्तर से प्राप्त हुए 08 वाहनों में से जिले की प्रत्येक तहसील पर एक-एक तथा जिला मुख्यालय पर दो वाहन मौजूद रहेंगे। टोल फ्री नम्बर 1962 के माध्यम से प्राप्त होने वाली सूचना पर पशुपालकों के द्वार पहुंच कर उनके मवेशियों को चिकित्सा सुविधा प्रदान करेंगी। डीएम डॉ. चन्द्र ने बताया कि मोबाइल वेटनरी यूनिट उपलब्ध होने से गोवंशों के संरक्षण एवं संवर्धन में काफी मदद मिलेगी तथा जनपद में पशुओं के घायल अथवा बीमार होने पर उन्हें त्वरित व समुचित चिकित्सा की सुविधा सुलभ हो सकेगी। । जिले के विभिन्न हिस्सों में मवेशी इलाज के अभाव में दम तोड़ देते हैं। इससे सड़ांध उठने के साथ गांव या शहर के लोगों को दिक्कत होती है। लेकिन अब सरकार ने इसके लिए भी सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

## 102 और 108 की तरह ही होगा संचालन

एंबुलेंस सेवा के जिला प्रभारी सुधीर मणि त्रिपाठी ने बताया कि जिस तरह 102 और 108 एंबुलेंस का संचालन मरीजों को अस्पताल और घर ले जाने के लिए किया जा रहा है। ठीक उसी तरह गांव और गोशाला पहुंच कर यूनिट के कर्मी मवेशियों का इलाज करेंगे।

प्रदेश सरकार की ओर से द्वार पर ही मवेशियों को इलाज मिले मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि यूनिट में डॉक्टर, वेटनर और एंबुलेंस चालक हमेशा मुस्तैद रहेंगे। इस दौरान एंबुलेंस के जिला प्रभारी सुधीर मणि त्रिपाठी, विधायक प्रतिनिधि अखंड प्रताप सिंह, अमित सिंह समेत अन्य शामिल रहे।

# सदर विधायक ने बूथ पर उपस्थित होकर सुना पीएम की मन की बात

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

- विधायक ने सुनी जन समस्याएँ, निस्तारण के लिए दिया आश्वासन



रविवार को प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम के अन्तर्गत सदर विधायक अनुपमा जायसवाल ने बशीरगंज वार्ड के बूथ संख्या 84 आजाद इंटर कालेज पर स्वयं उपस्थित रहीं। विधायक ने मन की बात कार्यकम को सुनने के साथ ही कार्यकर्ताओं के साथ संवाद भी किया। साथ ही उन्होंने जन समस्याएँ भी सुनी एवं उनके त्वरित निस्तारण के लिए आश्वासन देते हुए सम्बंधित अधिकारियों से वार्ता कर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। मन की बात कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री ने राजनीति के साथ-साथ खेल, शिक्षा, कृषि आदि विषयों पर महत्वपूर्ण बातें की। उन्होंने नागालैंड की राजनीतिक चर्चा भी की जहां पहली बार महिला विधायक चुनी गई और उसमें दो मंत्री भी बनाई गई। प्रधानमंत्री ने महिला टी 20 विश्व कप विजय प्राप्त करने वाली खिलाड़ियों को भी संबोधित करते हुए उन्हें बधाई देते हुए उनकी सराहना की। कश्मीर पर भी चर्चा की गई प्रधानमंत्री ने कश्मीर के लोगों से संबंधित कार्यों की भी चर्चा की। प्रधानमंत्री ने कश्मीर के परंपरागत खेती मक्के के अतिरिक्त फूलों की खेती किए जाने एवं उनके द्वारा प्राप्त आमदनी का भी तुलनात्मक अध्ययन करते हुए लोगों को उनसे प्रेरणा लेने की बात कही । प्रधानमंत्री ने कश्मीर में शारदा माता मंदिर के जीर्णोद्धार एवं उनके मान्यता की बात कही। प्रधानमंत्री ने लोगों को अपने सुझाव देने की भी बात कही एवं आगामी रामनवमी, महावीर जयंती, गुड फ्राइडे के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने महात्मा ज्योतिबा फुले एवं बाबा साहेब अंबेडकर की आने वाली जयंती के विषय में भी बात की जिन्होंने समाज में भेदभाव मिटाने के लिए अभूतपूर्व योगदान दिया। उन्होंने कहा आजादी के अमृत काल में हमें महान विभूतियों के जीवन सर सीखने और प्रेरणा लेने की जरूरत है। आज यह मन की बात का 99 वां एपिसोड था। प्रधानमंत्री ने अगले महीने के 100 वें एपिसोड में नई ऊर्जा के साथ चर्चा करने की बात कही। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री मनीष आर्य, नगर अध्यक्ष अजय सिंह अज्जू, नगर महामंत्री सुनील श्रीवास्तव एवं अजय जयसवाल, नगर उपाध्यक्ष अखिलेश श्रीवास्तव, पंकज केवट,नगर मंत्री मनीष रस्तोगी, सभासद प्रतिनिधि हर्षित राज श्रीवास्तव, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष शिवान्कर शुक्ला, युवा मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी सतीश सिंह, सेक्टर संयोजक राकेश श्रीवास्तव, बूथ अध्यक्ष अंकित श्रीवास्तव, दुर्गेश ,राकेश यादव के साथ भाजपा नेता सुभाष पाण्डेय, आकाश सोनी, अर्पित श्रीवास्तव, आलोक आर्या एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पुलिस लाइन में पारिवारिक मामलों की हुई काउंसिलिंग

- परिवारों में विघटन न हो इस कारण से परामर्शदाताओं का सहयोग लेकर समझौता कराया जाता है : शीला यादव



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा के निर्देशन में पुलिस लाइन परिवार परामर्श केन्द्र पर रविवार को काउंसलर फहीम किदवई, सर्वजीत सिंह, डीपी सिंह ,अनुराधा श्रीवास्तव, रंजना उपाध्याय व प्रभारी निरीक्षक महिला थाना शीला यादव व महिला आरक्षी निशा सिंह, महिला आरक्षी निहारिका वर्मा, महिला आरक्षी राशि शुक्ला, महिला आरक्षी किरन दुबे व अन्य परामर्शदाताओं की उपस्थिति में पारिवारिक मामलों में सुलाह-समझौते का प्रयास किया गया। महिला थाना पर प्रत्येक रविवार को पारिवारिक विवादों की प्राप्त शिकायतों में परामर्शदाताओं के माध्यम से परिवारों को पुनः जोड़ने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक महिला थाना शीला यादव ने बताया कि उनके समक्ष काफी ऐसी शिकायत थाने पर एवं उच्च अधिकारियों से प्राप्त होती हैं, जिनमें पति-पत्नी में घरेलू कलह होने कारण मुकदमें शुरू हो जाते हैं, पति एवं अन्य ससुरालीजनों के विरूद्ध दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, साक्षी गृहस्थी में निवास को लेकर शिकायतें प्राप्त होती रहती हैं परिवारों में विघटन न हो इस कारण से परामर्शदाताओं का सहयोग लेकर प्रत्येक रविवार को थाना परिसर में पक्षकारो के मध्य समझौता कराया जाता है। 03 मामलों में पति-पत्नी उनके सगे संबंधियों को बुलाया गया था। प्रभारी निरीक्षक महिला थाना शीला यादव व टीम के अथक प्रयास से 03 परिवारों को बिखरने से बचाया गया हैं व उनकी साथ-साथ में विदाई करायी गयी है। 03 प्रकरण में सुलह समझौता किया गया, जिन पति-पत्नी की विदाई करायी गयी उनको भी अगले रविवार को कुशलक्षेम पूछने के लिए पुनः बुलाया गया है जिससे सुलह की स्थिति से अवगत करा सकें। इस तरह से सुलह कराने से परिवारों को बिखरने से बचाने के लिए किये जा रहे प्रयास का सराहनीय कार्य किया गया है।

# बजट भी पारित हो गया

संसद के बजट सत्र के दौरान ही भारत की संसदीय प्रणाली का जो फजीता हो रहा है उसकी भारत के संसदीय इतिहास में दूसरी मिसाल मिलना कठिन है, बेशक पिछले बीस सालों के दौरान ऐसे कई मौके आये हैं जब बजट बिना बहस के ही पारित हुआ है। बजट सत्र की शुरूआत प्रायः राष्ट्रपति के अभिभाषण से होती है जिसके लिए संसद के दोनों सदनों का संयुक्त अधिवेशन बुलाया जाता है जिसमें राष्ट्रपति 'अपनी' सत्तारूढ़ सरकार की नीतियों के बारे में बताते हैं। संसदीय लोकतन्त्र में इसका विशेष महत्व होता है क्योंकि राष्ट्रपति ही लोकसभा में बहुमत पाने वाली पार्टी या विभिन्न दलों के समूह को सरकार बनाने की अनुमति व स्वीकार्यता देते हैं। यह सरकार संसदीय नियमावली के तहत लोकसभा व राज्यसभा के भीतर जनता के प्रति अपने उत्तरदायित्व को निभाते हुए सरकार चलाती है और विपक्ष द्वारा उठाये गये विभिन्न सवालों का जवाब देती है। इसके द्वारा जो भी विधायी कार्य सदन के भीतर किया जाता है उसे विपक्ष की तसदीक के लिए प्रस्तुत किया जाता है और इस सम्बन्ध में विभिन्न पहलुओं पर खुल कर चर्चा होती है। सरकार का वित्तीय कार्य लोकसभा का विशेषाधिकार होता है जिसे 'मनी बिल' के रूप में माना जाता है। बजट या वित्त विधेयक इसका सबसे बड़ा हिस्सा होता है। अतः जब बजट ही लोकसभा में बिना किसी बहस या शोर- शराबे के बीच पारित कर दिया जाता है तो संसद की सार्थकता के बारे में देश की जनता के मन में सन्देह उठने लगते हैं और वह सोचने पर मजबूर होने लगती है कि हर पांच साल बाद होने वाले लोकसभा चुनावों के जरिये वह अपने जिन 543 प्रतिनिधियों को चुन कर भेजती है उनका वहां पहुंचने के बाद क्या काम होता है। इस सन्दर्भ में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि अल्पमत में बैठे विपक्षी सांसदों को संसद के भीतर वे ही अधिकार मिले होते हैं जो सत्तारूढ़ दल के सांसदों के पास होते हैं। विपक्षी सांसदों का चुनाव भी देश के मतदाता ही करते हैं अतः संसद के भीतर जो बहुमत की सरकार बनती है उसमें उनकी भी हिस्सेदारी होती है क्योंकि प्रजातन्त्र के राज को जनता का राज कहा जाता है। अतः उनके पास पूरे अधिकार होते हैं कि वे सरकार द्वारा संसद में रखे गये किसी भी विधेयक की ऊपर से लेकर नीचे तक जम कर तसदीक करें और सरकार को अपनी राय से अवगत करें जिससे वह किसी भी विधेयक की खामियों को जनहित में संशोधित या ठीक कर सके। पहले रेल बजट पृथक रूप से रखे जाने की भी परंपरा थी जिसे अब समाप्त कर दिया गया है। इसके साथ ही बजट के माध्यम से कोई भी सरकार देश की अर्थव्यवस्था को सकारात्मक दिशा देने की कोशिश करती है और लोगों को विश्वास दिलाती है कि उसकी नीतियों से जन मानस का जीवन अधिक सुखमय होगा और समाज के आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों का जीवन स्तर सुधरेगा। इन मुद्दों पर जब संसद में बहस होती है तो जनता यह समझने में कामयाब होती है कि उसने देश की बागडोर जिन राजनैतिक लोगों या दलों के हाथ में दी है वे जन कल्याण के प्रति कितने संवेदनशील हैं। बजट पर बहस न होना लोकतन्त्र में एक प्रकार से सत्तारूढ़ दल के खिलाफही जाता है। इसलिए हर सरकार कोशिश करती है कि उसका जो भी बजट हो उस पर संसद में खुलकर चर्चा की जाये जिससे आम जनता समझ सके कि जन कल्याण के ध्लिए किये जा रहे उसके कार्यों को जनता का कितना समर्थन है। इसी वजह से वित्त विधेयक में विपक्षी सांसद अपने-अपने संशोधन प्रस्ताव यह जानते हुए भी रखते हैं कि उन पर मतदान होने की स्थिति में उनके संशोधन गिर जायेंगे क्योंकि उनके पक्ष का बहुमत नहीं है। मगर इस बहाने वे सरकार को सचेत करते हैं। खैर हम सभी जानते हैं कि 1 अप्रैल से शुरू होने वाला बजट लोकसभा में पारित हो गया है जिस पर राज्यसभा केवल विचार करने के बाद इसे लौटा देगी। मगर वित्त मन्त्री ने इस दौरान केन्द्रीय कर्मचारियों की पेंशन स्कीम के बारे में पुनर्विचार करने का आश्वासन भी दिया। जाहिर है कि सरकार का इरादा पुरानी पेंशन स्कीम की तरफ लौटने का नहीं है क्योंकि वित्तमन्त्री ने वित्त सचिव के नेतृत्व में नई पेंशन स्कीम में सुधारों की सिफारिश करने के लिए एक समिति गठित करने का ऐलान किया है। इसका स्वागत किया जा सकता है क्योंकि रिटायर होने के बाद कर्मचारियों की सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा का मुद्दा उनकी पारिवारिक स्थिति तक से जाकर जुड़ता है। बुढ़ापे में उन्हें आर्थिक सुरक्षा की सबसे ज्यादा जरूरत होती है जिससे उनके परिवार में ही उनका मान-सम्मान बना रहे और वे अपने ही लोगों की उपेक्षा का शिकार न हों।

# भूकंप की तैयारी सिर्फ इमारतों के बारे में नहीं है

डॉ. सत्यवान सौरभ

**भारतीय भूभाग का लगभग 58: भूकंप की चपेट में है। भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा तैयार किए गए भारत के भूकंपीय जोनिंग मानचित्र के अनुसार, भारत को चार जोन में विभाजित किया गया है। वैज्ञानिकों ने हिमालयी राज्य में संभावित बड़े भूकंप की चेतावनी दी है। भारत का भू-भाग बड़े भूकंपीय तथ्य प्रतिक्रिया व्यक्त करता है, विशेष रूप से हिमालयी प्लेट सीमा, जिसमें बड़ी भूकंपीय घटना (7 और अधिक परिमाण) की क्षमता है। भारत में भूकंप का मुख्य कारण इंडियन प्लेट के यूरेशियन प्लेट से टकराने के कारण होते हैं। इस अभिसरण के परिणामस्वरूप हिमालय पर्वत का निर्माण हुआ है, साथ ही इस क्षेत्र में लगातार भूकंप आ रहे हैं। भूकंप की तैयारी पर भारत की नीति मुख्य रूप से संरचनात्मक विवरण के पैमाने पर संचालित होती है। यह नेशनल बिल्डिंग कोड द्वारा निर्देशित है। इसमें स्तंभों, बीमों के आयामों को निर्दिष्ट करना और इन तत्वों को एक साथ जोड़ने वाले सुदृढीकरण के विवरण शामिल हैं। यह उन भवनों की उपेक्षा करता है जिनका निर्माण 1962 में ऐसे कोड प्रकाशित होने से पहले किया गया था। ऐसी इमारतें हमारे शहरों का एक बड़ा हिस्सा हैं। यह प्रवर्तन की प्रक्रियाओं में अचूकता मानता है। यह केवल दंड और अवैधताओं पर निर्भर करता है। यह भूकंप को व्यक्तिगत इमारतों की समस्या के रूप में मानता है। यह मानता है कि इमारतें मौजूद हैं और उनके शहरी संदर्भ से पूर्ण अलगाव में व्यवहार करती हैं। मौजूदा ढांचों की रेट्रोफिटिंग और अधिक दक्षता के साथ भूकंपीय कोड लागू करने के लिए कर-आधारित प्रोत्साहनों की एक प्रणाली बनाने की आवश्यकता है। यह अच्छी तरह से प्रशिक्षित पेशेवरों और सक्षम संगठनों का एक निकाय तैयार करेगा।**

सोशल मीडिया, टीवी चौनलों और अखबारों के जरिए आम लोगों के जान-माल को भूकंप से बचने के लिए सतर्क और सजग किया जा सकता है। भूकंप से जान-माल से बचाव न हो पाने की वजह यह भी है कि भूकंप आने का वक्त और अंतराल के बारे में वैज्ञानिक कुछ बता पाने की हालात में नहीं हैं। भूकंप आता है, तो लोग मनाते हैं कि वे बचे रहें, लेकिन कुछ साल गुजरता है और फिर भूल जाते हैं कि भूकंप फिर आ सकता है और उससे उनकी जान जा सकती है या गंभीर रूप से घायल हो सकते हैं। इसलिए मानसिक और आर्थिक दोनों तरह से भूकंप से बचने के लिए तैयार रहना जरूरी है। यह सोच कर हम नहीं बच सकते हैं कि ईश्वर जैसा चाहोगे वैसा ही होगा। और यह सोच बनाना भी ठीक नहीं कि इंसान के हाथ में कुछ भी नहीं है। यह सब खुद को तसल्ली देने के लिए तो हम कर सकते हैं, लेकिन प्राकृतिक आपदाओं से बचने के लिए सजगता और छद्म अभ्यास के जरिए बेहतर बचाव का उपाय हो सकता है। भारतीय भूभाग का लगभग 58: भूकंप की चपेट में है। भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा तैयार किए गए भारत के भूकंपीय जोनिंग मानचित्र के अनुसार, भारत को चार जोन में विभाजित किया गया है। वैज्ञानिकों ने हिमालयी राज्य में संभावित बड़े भूकंप की चेतावनी दी है। भारत का भू-भाग बड़े भूकंपीय तथ्य प्रतिक्रिया व्यक्त करता है, विशेष रूप से हिमालयी प्लेट सीमा, जिसमें बड़ी भूकंपीय घटना (7 और अधिक परिमाण) की क्षमता है। भारत में भूकंप का मुख्य कारण इंडियन प्लेट के यूरेशियन प्लेट से टकराने के कारण होते हैं। इस अभिसरण के परिणामस्वरूप हिमालय पर्वत का निर्माण हुआ है, साथ ही इस क्षेत्र में लगातार भूकंप आ रहे हैं। भूकंप की तैयारी पर भारत की नीति मुख्य रूप से संरचनात्मक विवरण के पैमाने पर संचालित होती है। यह नेशनल बिल्डिंग कोड द्वारा निर्देशित है। इसमें स्तंभों, बीमों के आयामों को निर्दिष्ट करना और इन तत्वों को एक साथ जोड़ने वाले सुदृढीकरण के विवरण शामिल हैं। यह उन भवनों की उपेक्षा करता है जिनका निर्माण 1962 में ऐसे कोड प्रकाशित होने से पहले किया गया था। ऐसी इमारतें हमारे शहरों का एक बड़ा हिस्सा हैं। यह प्रवर्तन की प्रक्रियाओं में अचूकता मानता है। यह केवल दंड और अवैधताओं



पर निर्भर करता है। यह भूकंप को व्यक्तिगत इमारतों की समस्या के रूप में मानता है। यह मानता है कि इमारतें मौजूद हैं और उनके शहरी संदर्भ से पूर्ण अलगाव में व्यवहार करती हैं। मौजूदा ढांचों की रेट्रोफिटिंग और अधिक दक्षता के साथ भूकंपीय कोड लागू करने के लिए कर-आधारित प्रोत्साहनों की एक प्रणाली बनाने की आवश्यकता है। यह अच्छी तरह से प्रशिक्षित पेशेवरों और सक्षम संगठनों का एक निकाय तैयार करेगा।


सोशल मीडिया, टीवी चौनलों और अखबारों के जरिए आम लोगों के जान-माल को भूकंप से बचने के लिए सतर्क और सजग किया जा सकता है। भूकंप से जान-माल से बचाव न हो पाने की वजह यह भी है कि भूकंप आने का वक्त और अंतराल के बारे में वैज्ञानिक कुछ बता पाने की हालात में नहीं हैं। भूकंप आता है, तो लोग मनाते हैं कि वे बचे रहें, लेकिन कुछ साल गुजरता है और फिर भूल जाते हैं कि भूकंप फिर आ सकता है और उससे उनकी जान जा सकती है या गंभीर रूप से घायल हो सकते हैं। इसलिए मानसिक और आर्थिक दोनों तरह से भूकंप से बचने के लिए तैयार रहना जरूरी है। यह सोच कर हम नहीं बच सकते हैं कि ईश्वर जैसा चाहोगे वैसा ही होगा। और यह सोच बनाना भी ठीक नहीं कि इंसान के हाथ में कुछ भी नहीं है। यह सब खुद को तसल्ली देने के लिए तो हम कर सकते हैं, लेकिन प्राकृतिक आपदाओं से बचने के लिए सजगता और छद्म अभ्यास के जरिए बेहतर बचाव का उपाय हो सकता है। जापान इस मामले में एक अच्छा उदाहरण है। इसने अक्सर होने वाले भूकंपों से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए तकनीकी उपायों में भारी निवेश किया है। भूकंप के प्रभाव को कम करने के लिए गगनचुंबी इमारतों को काउंटरवेट और अन्य उच्च तकनीक प्रावधानों के साथ बनाया गया है। छोटे घर लचीली नींव पर बनाए जाते हैं, और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को स्वचालित ट्रिगर के साथ एकीकृत किया जाता है जो भूकंप के दौरान बिजली, गैस और पानी की लाइनों को काट देते हैं। नीति को सर्वेक्षणों और लेखापरीक्षाओं से शुरू होना चाहिए जो भूकंप सभ्यता मानचित्र तैयार कर सकते हैं। ऐसे नक्शे का उपयोग करके, प्रवर्तन, प्रोत्साहन और प्रतिक्रिया केंद्रों को शहरी इलाकों में आनुपातिक रूप से वितरित किया जा सकता है। भूकंप की तैयारी पर एक नीति के लिए दूरदर्शी, क्रांतिकारी और परिवर्तनकारी दृष्टिकोण की आवश्यकता होगी। भूकंप के विभिन्न खतरों के प्रति भारत की भेद्यता के लिए स्मार्ट हैंडलिंग और दीर्घकालिक योजना की आवश्यकता है। भारत ने भूकंप प्रतिरोधी निर्माण के लिये बिल्डिंग कोड और मानक स्थापित किये हैं। यह सुनिश्चित करने के लिये इन कोड और मानकों को सख्ती से लागू करना महत्त्वपूर्ण है कि भूकंप का सामना करने हेतु नई इमारतों का निर्माण किया जाए। इसके लिये नियमित निरीक्षण एवं मौजूदा बिल्डिंग कोड के प्रवर्तन की भी आवश्यकता होगी। पुरानी इमारतें वर्तमान भूकंप प्रतिरोधी मानकों को पूरा नहीं करती हैं और उनमें से कई को उनके भूकंपीय प्रदर्शन में सुधार के लिये पुनः संयोजन या सुदृढीकरण किया जा सकता है। भूकंप के प्रभाव को कम करने के लिये आपातकालीन प्रतिक्रिया योजना महत्त्वपूर्ण है। इसमें निकासी योजना विकसित करना, आपातकालीन आश्रयों की स्थापना और भूकंप का सामना करने के तरीके पर कर्मियों को प्रशिक्षित करना शामिल है। अनुसंधान एवं निगरानी में निवेश किये जाने से भूकंप तथा उसके कारणों की हमारी समझ में सुधार करने में मदद मिल सकती है और प्रभाव का अनुमान लगाने एवं उसे कम करने हेतु बेहतर तरीके विकसित करने में भी मदद मिल सकती है। भूमि-उपयोग नीतियों की योजना बनाने और उन्हें विकसित करते समय भूकंप के संभावित प्रभावों पर विचार करना महत्त्वपूर्ण है। इसमें भूकंप की संभावना वाले क्षेत्रों में विकास को सीमित करना शामिल है तथा यह सुनिश्चित किया जाना चाहिये कि नए विकास को इस तरह से डिजाइन एवं निर्मित किया जाए जो क्षति के जोखिम को कम करता हो।

## विचार

# बुजुर्ग जाएं तो जाएं कहां

जिन्दगी में हर इंसान अच्छा कार्य करके पुण्य कमाना चाहता है और अगले जन्म को सुधारना चाहता है। बहुत से लोग करते भी हैं। कोई गऊ दान को बड़ा मानता है, कोई कन्यादान को बड़ा मानता है, परन्तु पिछले 20 वर्षों में बड़ो के लिए काम करते हुए मैंने जाना है कि इससे बड़ा पुण्य नहीं है और इससे बड़ी निःस्वार्थ सेवा नहीं है। क्योंकि लड़कियों और गऊदान या स्पेशल चिल्ड्रन के लिए सभी आगे आते हैं, परन्तु बुजुर्गों के लिए कोई बिरले ही आगे आते हैं, क्योंकि इसमें कोई नाम नहीं है। यहां सिर्फ आशीर्वाद हैं दुआएं हैं, क्योंकि आज बुजुर्ग हैं कल नहीं हैं और इस उम्र की पीड़ा का अहसास कोई-कोई कर सकता है। यह उम्र सब पर आती है। इसीलिए पिछले 20 वर्षों में हमने अच्छे घरों के बुजुर्ग और जरूरतमंद बुजर्गों के लिए सेवा का काम शुरू किया हुआ है, क्योंकि पीड़ा दोनों वर्गों में अकेलापन, बीमारी जिसके पास पैसे हैं वो भी दुरूखी। उन्हें पैसों के लिए नौकर मार देते हैं या बच्चे लड़ पड़ते हैं और जिनके पास नहीं वह दवाई और खाने को तरसते हैं, जिसके लिए हमने जरूरतमंदों के लिए एडोप्शन की प्रथा चलाई गई है। जो बहुत से लोग कर रहे हैं और बहुत से लोगों को फायदा होता है। परन्तु एक बात मेरे सामने आई है कि बुजुर्गों को एडोप्ट कई लोग बड़े खुशी से शान से करते हैं, परन्तु जब उन्हें लगता है उनका नाम नहीं हो रहा तो वह उन्हें बीच में छोड़ देते हैं तो ऐसे में बुजुर्ग कहां जाएं। मेरी ऐसे लोगों से हाथ जोड़कर प्रार्थना है कि झूठी शान के लिए आगे आकर बुजुर्गों को एडोप्ट न करें, दिल से आशीर्वाद पाने के लिए और अपना अगला जीवन सुधारने के लिए करें, नहीं तो यह बुजुर्ग कहां जाएंगे।कई तो इतने अच्छे व्यक्ति हैं जो अपने माता-पिता की एडोप्शन को भी आगे लेकर चल रहे हैं। जैसे महाशय जी ने जीते जी वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब को बहुत सपोर्ट किया, क्योंकि वो इस अवस्था के दर्द को जानते थे। हर स्थान पर फिजिकल मौजूद रहते थे और सहायता भी करते थे। उनके जाने के बाद भी यह काम रुका नहीं, इस काम को उनका बेटा राजीव गुलाटी कर रहे हैं, जो अपने पिता के आशीर्वाद के साथ-साथ इन बुजुर्गों का आशीर्वाद भी ले रहे हैं। ऐसे ही मालती सिंगल जी ने बुजुर्ग एडोप्ट किए हुए थे। उनके जाने के बाद अब उनके बेटे मनोज सिंघल उनका काम आगे बढ़ा रहे हैं। वो बुजुर्गों की सहायता कर रहे हैं। सिटी पार्क होटल के मालिक राजेन्द्र अग्रवाल जो हर साल महामृत्युंजय मंत्र का जाप के लिए स्थान व बुजुर्गों की सहायता भी करते थे। अब बेटे विजय अग्रवाल ने उनकी सेवा को रुकने नहीं दिया। वो वैसे ही सेवा देने को तैयार हैं भगवान ऐसे पुत्र सबको दें। तलवाड़ परिवार तो तीन पीढियों से सहायता कर रहा है और कुछ ऐसे भी लोग हैं जो शौंक से एडोप्ट कर अपनी फोटो खिंचवा कर बीच में छोड़ देते हैं। उनको लगता है इन बुजुर्गों का क्या वे उम्र भुगत चुके हैं। इनकी क्या सहायता करनी। ऐसे लोगों को तो ध्यान रखना चाहिए की यह उम्र तो उन पर भी आनी है। पिछले 20 वर्षों से वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब अपने बुजुर्गों को खुशियां बांट रहा है। महीने की हर 6 तारीख को उन जरूरतमंदों का प्रोग्राम होता है जिनको आर्थिक सहायता और जरूरत का सामान दिया जाता है। अडोप्शन हमने पहली बार वर्ल्ड में प्रथा चलाई कि बच्चों को तो सब अडोप्ट करते हैं परन्तु सीनियर सिटीजन को एडोप्ट करने की पहल हमने कराई। दरअसल बहुत से बुजुर्गों के बच्चे हमारे पास आते हैं कि हम अपने बुजुर्गों को अपने पास नहीं रख सकते। महंगाई का जमाना है। हम अपने बुजुर्ग पालें या अपने बच्चे। तो मुझे पहले तो बड़ी हैरानगी होती थी कि यह क्या मां-बाप ने कितने प्यार से अपने बच्चों को पाला बड़ा किया पढ़ाया-लिखाया। जब उनका समय आया तो यह बात सोच रहे हैं वो मां-बाप जिन्होंने ऊंगली पकड़ उन्हें चलना सिखाया जिन्होंने तंगी में कभी बच्चे को मालूम नहीं पडने दिया। उन माता-पिता के अन्दर रोटी नहीं जाती थी जब तक बच्चे के अन्दर न जाये। वह मां-बाप जो अपना सब कुछ बेच कर बच्चे को पढ़ाते हैं कि यह बच्चा बड़ा होकर हमारे दुःख काट देगा। हमारे बुढ़ापे का सहारा होगा, वो बच्चे जिनके मुंह में दांत नहीं थे तो वह उन्हें मुलायम चीजें बना कर खिलाते थे। विटामिन टॉनिक देते थे ताकि उनकी अच्छी तरह ग्रोथ हो। आज जब उनके माता-पिता के मुंह में दांत नहीं तो वह मुलायम चीज क्या उन्हें दो वक्त खिचड़ी, दलिया भी नहीं खिला सकते। बचपन में जिन बच्चों को हल्का बुखार भी हो जाता था माता-पिता सारी रात नहीं सोते थे और आज मां-बाप बुढ़ापे में शुगर, बी.पी. जोड़ों के दर्द की बीमारियों से जूझ रहे हैं तो उनको प्यार से पूछ भी नहीं सकते। तब मैं उनको समझाती हूं कि वृद्ध आश्रम छतए रोटी तो दे सकते हैं परन्तु अपनापन नहीं, प्यार और अहसास नहीं। उन्हें इस समय दो शब्द प्यार के अपनापन और आपका साथ चाहिए। हम उनके खाने और दवाई का खर्च देते हैं। आप उन्हें साथ रखिये। हम सम्पन्न लोगों को प्रार्थना करते हैं और कहते हैं कि आप इन्हें एडोप्ट कीजिए। एक-दो या अपनी क्षमता अनुसार 10, 15, 50, 100 बुजुर्ग एडोप्ट कीजिए। उनको घर ले जाने की जरूरत नहीं आप उन्हें खाने और दवाइयों का खर्च दो ताकि जो अपने ही घर अपने बच्चों के साथ एक ही छत के नीचे अपने पोते-पोतियों के साथ अपनेपन के अहसास से रह सकें। इस तरह हर महीने जो हमें दानकर्ताओं से राशि आती है या जो लोग एडोप्ट करते हैं उन्हें पैसों से सभी सहायता होती है और वह बुजुर्ग दुआएं देते हुए अपने घरों में रह सकते हैं। बहुत से बुजुर्ग 6 तारीख को सहायता पाते हैं और बहुत से इंतजार की कतार में हैं क्योंकि जैसे ही राशि आती है उतने बुजुर्ग एडोप्ट होते जाते हैं और कई बुजुर्ग इस दुनिया से चले जाते हैं तो दूसरे उनका स्थान ले लेते हैं। हम एक दिन में जहां हमारे बच्चे एक सैकेंड में 2,000, 5,000 या 10,000 खर्च कर देते हैं क्यों न हम यह पुण्य कमायें। अपने जीवन की कमाई से किसी एक न एक बुजुर्ग या क्षमता अनुसार अधिक बुजुर्गों को एडोप्ट करें और अपना अगला जीवन भी सुधार लें। मंदिर, गुरुद्वारे, मस्जिद में भगवान को कुछ नहीं चाहिए वो तो देने वाले हैं। अगर हम इन साक्षात भगवानों की तरह पूजा करें, इनकी सेवा करें तो हमें सफलता मिलेगी। आशीर्वाद मिलेगा। आओ आगे बढ़ें, ज्यादा से ज्यादा बुजुर्गों को एडोप्ट करें। इन्सान को लोगों की भलाई के लिए जिन्दगी का कुछ समय और कुछ राशि खर्च करनी चाहिए। किसी की मुस्कुराहटों पे हो निसार किसी का गम मिल सके तो ले उधार। जीना इसी का नाम है।

## साहित्य



# बरगद सुनो युगों से तुम रहे हो पूजनीय...

अलका 'सोनी'

बरगद सुनो
युगों से तुम
रहे हो पूजनीय,
वंदनीय
पात-पात में तुम्हारी
देवताओं का
वास होता है
गात में तुम्हारी
प्रज्ञा का निवास
होता है
सिद्धार्थ को बुद्ध
तुमने बनाया
ज्ञान से परिचय कराया
तुम्हारी सघन जड़ें
धरती को फाड़कर
जा पंहुचती है
पाताल तक
आयु-यश -स्वास्थ्य की
कामना भी तुम
पूर्ण करते हो
तुम्हारी विस्तृत
छाया में जुड़ाते हैं

## झरोखा



दूर के विहग-पथिक
इतने उदार, महान
होने के बाद भी
क्यों एक कलंक से
छूट नहीं पाते तुम
क्यों किसी नन्हे पौधे को
तुम्हारी इस विशाल
छाया के तले
पनपने नहीं दे पाते तुम
क्यों अपनी इस
वृहदता में तने रहते हो
एक स्नेहिल बुजुर्ग की
भांति अपना हाथ
उस नन्हे पौधे पर रख
अपने अनुभवों को
क्यों साझा नहीं कर
पाते हो तुम
इससे तुम्हारी बुजुर्गियत
और बढ़ जाती
नन्हें पौधों की आस
तुम से और बढ़ जाती।



# राशिफल

**मेष**:- भावुकता वश संबंधों में भावनात्मक शोषण की आशंका है। पूर्वाग्रह वश अपने निकटस्थ सम्बन्धों के बारे में गलत धारणा पालना ठीक नहीं। सम्बन्धों की मधुरता हेतु आपस में विश्वास कायम करें।

**बृषभ**:- व्यावसायिक संबंध प्रगाड़ होंगे। परिश्रम से आर्थिक लाभ के योग हैं। अत्यधिक भावुकता से भावनात्मक शोषण की भी आशंका है। भौतिक जगत से प्रभावित मन भविष्य को लेकर चिन्तित होगा।

**मिथुन**:- किसी अचल सम्पत्ति क्रय हेतु प्रयत्न तीब्र। अपने भाग्य को कोसना छोड़ अपने समय का सकारात्मक दिशा में लगावें। मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि तो होगी परन्तु इससे अभिमानी न बनें।

**कर्क**:- समाजिक मान-सम्मान व वर्चस्व में बृद्धि होगी। व्यावसायिक क्षेत्र के प्रतिभा में निखार आयेगा। आपके स्थितियों में आकस्मिक सुधार के आसार बन रहें। कल्पनाएं साकार होती नजर आएंगी।

**सिंह**:- नये कार्य में पूंजी निवेश हेतु धनाभाव अवरोधक होगा। आपमें दूसरों को आकर्षित करने की अभूतपूर्व क्षमता है इसका भरपूर लाभ मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी।

**कन्या**:- रोजगार के क्षेत्र में किये गये कर्म का फल सफलता का आगाज कर रहा है। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिन्तित होगा।

**तुला**:- प्रणय सम्बन्ध में केन्द्रित मन प्रियतम से मिलने के लिऐ व्याकुल होगा। किसी खास मुद्दे को लेकर परिजनों के मतभेद का सामना करना पड़ेगा। प्रयासरत क्षेत्रों में सफलता प्राप्त होगी।

**वृश्चिक**:- अच्छे अवसरों का लाभ उठानें में सक्षम बनें। जीवन में नीरसता को कम करने के लिए मन को सकारात्मक दिशा देवें। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता से मन उत्साहित होगा।

**धनु**:- भावुकतावश किसी सम्बन्धी की बातें मन को कष्ट पहुचा सकती हैं। अपने अन्दर नए उर्जा की अनुभूति करेंगे। लेकिन बिगड़े हुए सम्बन्धों को सुधारने की चेष्ठा करें। कार्य क्षेत्र में नये आसारों से उत्साहित होंगे।

**मकर**:- उच्छृंखल व मजाकिया स्वभाव आस-पास के वातावरण में महत्ता तो बढ़ाएगा। रोजगार में अपनी स्थिति को लेकर मन में हीनता का वाश होगा। महत्वपूर्ण पारिवारिक दायित्वों के पूर्ति के आसार बनेंगे।

**कुंभ**:- परिवार में किसी की अस्वस्थता से मन चिन्तित होगा। परिवारिक जिम्मेदारियां मन को बोझिल करेंगी। कोई अवरोधित काम के प्रति मन विशेष रूप से चिन्तित होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में प्रयत्न सार्थक होगा।

**मीन**:- सरल व मिलनसार स्वभाव से संबंधों में लोकप्रिय होंगे। भौतिक सुख-साधनों की लालसा में व्यय के योग हैं। जीविका क्षेत्र में परिश्रम सार्थक होगा। भावना प्रधान मन जल्द ही दूसरों से प्रभावित हो जाता है।

# सत्ता और सामूहिक विपक्ष का टकराव

प्रेम शर्मा

भारतीय लोकतंत्र में यह दौर बहुत ही कठिनाई का प्रतीत हो रहा है। विपक्षी नेताओं पर ताबड़तोड सत्ता पक्ष के हमले से पूरा विपक्ष तिलमिला गया है। राहुलगांधी को सूरत कोर्ट से दो साल की सजा और संसद की सदस्यता समाप्त होने के बाद अप्रत्याशित रूप से इस मुद्दे में एकजुट होते विपक्ष ने भारतीय राजनीति में एक नई शुरूआत को जन्म दिया है। यॉ यू कहे कि देश की सबसे सर्वोच्च पार्टी के सबसे ताकतवर नेता के उपर सत्ता पक्ष द्वारा की गई कार्रवाई से चितिंत अन्य विरोधी दलों को यह महसूस हो गया है कि जब राहुलगांधी पर आज यह कार्रवाई हो सकती है तो कल उनकी बारी भी आ सकती है। यही कारण है कि अब तक सीबीआई, ईडी और अन्य जॉच एजेंसियों को लेकर अपनी अपनी तरह से अलग अलग विरोध करने वाली विपक्षी पार्टिया राहुल गांधी मामले के बाद सरकार पर हमलावर हो गई है। राहुल गांधी को सजा और सदस्यता समाप्ति के बाद भाजपा के केन्द्रीय मंत्री से लेकर मुख्यमंत्रियों द्वारा जिस तरह से राहुल गांधी पर बयानों का हमला किया जा रहा है वह इस बॉत का संकेत है कि इस मामले में कही न कही भाजपा से भी कुछ गल्तियॉ हुई है। सजा सुनाए जाने से पूर्व माफी न मांगने और तत्काल उच्च अदालत की शरण न लेने से यह तो जरूर आभास हो रहा है कि राहुल गांधी सत्ता पक्ष के इस निर्णय को अब जनता की अदालत में ले जा रहे है। यही नही पद यात्रा के दौरान राहुल गांधी को मिले समर्थन से लेकर देश में चल रहे महंगाई और बेरोजगारी को लेकर जनमानस में चल रहे द्वंद का आभास करके ही कांग्रेस अब सत्याग्रह का सहारा ले रही है। जनतंत्र की विशेषता यही है कि विजेता पार्टी सत्ता में शासन करती है, पर इसका मतलब यह नहीं हो सकता कि सत्ताधारी पार्टी के सभी निर्णय शत-प्रतिशत सही हों और बड़े समूह के लोगों के लिए लाभकारी भी हो। ऐसे में विपक्ष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है जो लिए गए निर्णयों को आम जनता के हितों से जोड़ कर देखता है और उचित संगठित विरोध करता है। किसी भी देश का शीर्ष नेतृत्व इस बात .से इंकार नहीं कर सकता है कि सत्ता सिर्फपक्ष से नहीं, विपक्ष से भी चलती है। विगत कुछ वर्षो में जिस तेजी से विपक्ष राज्य और केंद्र में कमजोर हुआ है, कहीं न कहीं, जनता का हित भी उतना ही प्रभावित हुआ है और हम ऐसी राह पर बढ़ते चले जा रहे हैं जहां शायद विरोध के लिए कोई जगह नहीं है। यही हाल राज्य सरकारों का भी है जहां सुशासन से अधिक अपने प्रतिद्वंद्वी पाटियों की गतिविधियों को रणनीति बनाकर नियंत्रित किया जा रहा है। आज अनेकों लोगों से बात करेंगे तो उनकी बात विचार व्यवहार में मीडिया की अभूतपूर्व भूमिका देखने को मिलेगी। कई मीडिया आज सरकारों के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने लगे हैं जबकि कभी इनका मुख्य काम जनता के हितों के लिए कार्य करना होता था। यानि कि दो अलग-अलग विचारधारा, कार्य प्रणाली आज एक हो चुकी है जिसका परिणाम लोगों पर पडना शुरू हो गया है। लोग आज सोचने, समझने और तर्क करने की क्षमता का भी प्रयोग नहीं करते हैं।



यह सच है कि हमेशा सत्ता पक्ष के सभी निर्णय शत-प्रतिशत सही हों यह जरूरी नहीं है पर विपक्ष का कमजोर होना, लिए गए निर्णयों में अपनी बात न रखना, स्वयं के कमजोर होने के साथ-साथ जनता को कमजोर करता है। सत्ताधारी पार्टी को 2019 लोकसभा चुनाव में 37.36 प्रतिशत (22.91 करोड़) वोट प्राप्त हुए थे। जबकि अन्य पार्टियों को 22.22 प्रतिशत (13.64 करोड़) कांग्रेस को 19.49 प्रतिशत (11.95 करोड़), वोट मिले थे। यानि कि सत्ताधारी पार्टी की तुलना में विपक्ष में कुल 62.64 प्रतिशत (38.44 करोड़) वोट मिले थे। ऐसे में जनता की आवश्यकता और मांग का मूल्यांकन कोई आसानी से नहीं कर सकता। वैसे भी राहुल गांधी पर हुई कार्रवाई के बाद विपक्ष के 14 दल सत्तारूढ़ भाजपा पर हमलावर हो गए है। सजा सुनाए जाने के 24 घंटे के अन्दर राहुल गांधी की सदस्यता समाप्ति के निर्णय भारतीय राजनीति के लिए एक नया उदाहरण बनकर सामने आया है। सबसे खास बॉत यह कि जिस कानून के तह्त राहुल गांधी की सदस्यता गई वह कानून 2013 में राहुल गाधी के हस्तक्षेप के बाद बना। आम नजरिये से देखा जाए तो अदालत ने सजा पर अमल करने से पहले राहुल को 30 दिन की मोहलत दी लेकिन लोकसभा सचिवालय ने सदस्यता रद्द करने में 24 घंटे का समय भी नही लगाया ? इस मामले में सत्ता पक्ष लगातार पिछड़ों के आपमान की बॉत कर रहा है इसका कांग्रेसी तर्क यह दे रहे है कि उन्होंने किसी जाति नही बल्कि एक सरनेमा का नाम लिया। उनके अनुसार राहुल गांधी का सवाल था कि मोदी सरनेम वाले ज्यादातर चोर है। हालांकि सत्ता पक्ष और विपक्ष के लगातार टकराव को लेकर जनमानस क्या सोच रहा है यह शतप्रतिशत कहना तो अतिश्योक्ति होगा लेकिन राहुल गांधी पर हुई इस कार्रवाई के बाद विपक्षी पार्टियों द्वारा राहुल को समर्थन मिलने से उनका पक्ष मजबूत जरूर हुआ है। इसके बाद कुछ सवाल जो अब तक अनुत्तरित है। क्या विपक्ष ये बात समझा पाएगा कि लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है। क्या भाजपा यह बताने में कामयाब रहेगी कि हम कार्रवाई कर रहे हैं, इसलिए विपक्ष एकजुट हो रहा है? यह सब संयोग है या एक राजनीतिक प्रयोग है? इसकी गूंज 2024 लोकसभा चुनाव तक सुनाई देगी? चुनाव करीब आ रहे है, तस्वीर बदल रही है। निश्चित तौर पर थोड़ा वक्त बीतने पर यह भी पता चलेगा कि जनता किसके साथ खड़ी हो रही है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# खीरी में देवी जागरण में देवी गीतों पर पूरी रात झूमे श्रोता

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

शहर के संकटा देवी मंदिर में शनिवार की देर रात जिला प्रशासन के तत्वावधान में देवी जागरण का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक सदर योगेश वर्मा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय सिंह ने पर्यटन सूचना अधिकारी सुचित्त कुमार चौधरी के साथ विधि विधान पूर्वक पूजन-अर्चन कर किया।

विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि चैत्र नवरात्रि के अवसर पर मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान के साथ पूजा की जाती है। वैदिक तथा पुराणों में चैत्र नवरात्र को विशेष महत्व दिया है। इससे आत्मशुद्धि और मुक्ति का आधार माना गया है। चैत्र नवरात्र में मां दुर्गा का पूजन

- विधायक व अफसरों ने किया शुभारंभ
- प्रशासन के तत्वावधान में संकटा देवी मंदिर में हुआ देवी जागरण, झांकियों ने मोहा सबका मन

करने से नकारात्मक ऊर्जा खत्म होती है और हमारे चारों ओर एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने श्रद्धालुओं को नवरात्रि की अनंत शुभकामनाएं दी। इस श्रद्धा और भक्ति का यह पावन-पुनीत अवसर उन्होंने जनपद की खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में मां दुर्गा की उपासना का अत्यधिक महत्व है। मां दुर्गा शक्ति



की अधिष्ठात्री देवी हैं। उनके अनंत रूप हैं, लेकिन प्रधान नौ रूपों में नवदुर्गा बनकर आदिशक्ति संपूर्ण पृथ्वीलोक पर अपनी करुणा की वर्षा करती हैं। मां भगवती भक्तों और साधकों में अपनी ही शक्ति का संचार करते हुए, करुणा एवं परोपकार के द्वारा संसार के प्राणियों का हित करती हैं।

इसके पश्चात देवी जागरण का शुरुआत मंदिर के पुरोहित ने देवी अराधना से की। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उप्र व संस्कृति विभाग उप्र में पंजीकृत प्रयास सांस्कृतिक दल के देवीजागरण प्रकल्प आर्केस्ट्रा एंड जागरण ग्रुप संचालक आनंद अग्निहोत्री के निर्देशन व संचालन में संस्था के कलाकार उदयभानु गुप्ता, गोविंद दीक्षित, सोनू शुक्ला, करूणा जोशी, नितिन बाजपेई, मनोज जायसवाल, विनोद जायसवाल सहित झांकी/अभिनय कलाकार अन्नू महाकाली, आदर्श दीक्षित, वाशु,बिट्टू बाजपेई, अभिषेक, विजय, अंशिका ,मानवी आदि कलाकारों ने ÷भुइयां माता मंदिर में देवी जागरण कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

गायक सोनू शुक्ला ने मैया का चोला है रंगला, ...मां के दरबार चलो....माता प्रकट हो दूर संकट हो..... गायिका करुणा जोशी की प्रस्तुतियाँ--- ओ मा तू कितनी अच्छी है. तू कितनी भोली है....तोहे मा का दर्श कराय दूँगी मेरो छोटो सो लांगुरिया....मा मुरादें पूरी कर दे हलवा बांटूंगी। गायक उदय भानु की प्रस्तुतिया....लाल चुनरिया ओढ़ के मैया आती पहाड़ो से....मैया को मनाने मै भी आया.....चलो बुलावा आया है .... ने सभी श्रद्धालुओं का मन मोहा। देवी जागरण के दौरान सांस्कृतिक दल द्वारा सजीव झांकी कि प्रस्तुतिया----,मा दुर्गाआवाहन, महाकाली लीला, शिव पार्वती लीला, शिव तांडव ने भी सभी को भक्ति से सराबोर करते हुए मंत्रमुग्ध कर दिया।

बताते चले कि प्रशासन द्वारा चिन्हित मंदिरों के साथ-साथ विकासखंड एवं ग्राम स्तर पर भी अधिकारी कर्मचारियो ने देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं के साथ पूजन अर्चन किया।

अफसरों ने जनपद की खुशहाली, सुख समृद्धि के लिए कामना की। सांस्कृतिक दलों ने ढोलक की थाप पर भजन कीर्तन प्रस्तुत करके सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजन मंडलियों ने दुर्गा सप्तशती पाठ का वाचन भी किया। अधिकारी, कर्मचारी, श्रद्धालुओं के साथ मंदिरों में भक्ति से सराबोर नजर आए।

## एक कॉल पर पशुओं के इलाज के लिए पहुंचेगी मोबाइल वेटरनरी यूनिट



- विधायक ने किया सेवा का शुभारंभ, दिखाई हरी झंडी, किया रवाना

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज। जनपद में पशुओं के इलाज के लिए अब पशुपालकों को भटकना नहीं पड़ेगा, बल्कि उनके दरवाजे पर ही पशुओं का इलाज होगा। जनपद में दो मोबाइल वेटरनरी यूनिट का संचालन रविवार से शुरू हुआ, जो घर-घर जाकर पशुओं का इलाज करेंगे। प्रदेश सरकार से जनपद को 12 एमवीयू यूनिट भेजी गई है।

रविवार को जनपद में दो मोबाइल वेटरनरी यूनिटों को कलेक्ट्रेट से विधायक योगेश वर्मा ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना। विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि सरकार की पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण को लेकर इस पहल से पशु पालकों को बेहद लाभ मिलेगा। उनके 1962 ट्रोल-फ्री नंबर पर कॉल करते ही ये एंबुलेंस मौके पर पहुंचेगी, जिससे पशुओं को समय पर उपचार मिल सकेगा। उप्र सरकार द्वारा देश में पहली बार विकेन्द्रीकृत मोबाइल वेटरनरी यूनिट संचालन किया जा रहा है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि 'पशु उपचार पशुपालक के द्वार' थीम के साथ जनपद में पशुपालकों को मेडिकल और स्वास्थ्य से संबंधित सभी सेवाएं निशुल्क उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मोबाइल वेटनरी यूनिट का संचालन शुरू किया गया है। सरकार ने खीरी जिले के लिए 12 मोबाइल वेटरनरी यूनिट उपलब्ध कराई हैं। जिन्हें रविवार को मुख्यमंत्री जी ने जनपद के लिए रवाना किया है। सीडीओ अनिल सिंह ने कहा कि भारत सरकार की ईएसवीएचडी स्कीम एवं पशु चिकित्सालय, पशु सेवा केंद्रों निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण योजना के तहत पशुपालकों के द्वार पर पशु चिकित्सा सेवाएं टोलफ्री नंबर 1962 के जरिए उपलब्ध कराई जायेगी, जो पशुपालकों के लिए वरदान साबित होगी। सीवीओ डॉ सोमदेव ने बताया कि प्रत्येक वाहन में एक पशु चिकित्सा अधिकारी, एक मल्टी टास्किंग स्टाफ एवं एक ड्राइवर नियुक्त रहेगा। उपरोक्त नियुक्ति पीपीपी मॉडल पर है।

उक्त वाहनों में से छह वाहन निर्धारित रूट पर अपनी सेवाएं आकस्मिक पशु चिकित्सा सेवाएं 1962 पर आई काल के आधार पर उपलब्ध कराएगी। छह वाहन बहुउद्देशीय कैंप के जरिए विभिन्न ग्रामों में पशुपालन से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराएंगे।

कॉल सेंटर पर प्राप्त कॉल को कॉल एग्जीक्यूटिव रिसीव करेगे, विश्लेषण उपरांत आकस्मिकता के आधार पर मोबाइल वेटनरी यूनिट भेजने की व्यवस्था करेगे।

## खबरें एक नजर में

### मानस मिश्रा ने जिले का मान बढ़ाया

सीतापुर, समृद्धि न्यूज। खेल मंत्रालय के निर्देशन पर जनपद के आर एम पी कालेज में खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था।जिसमे सेक्रेट हार्ट का छात्र मानस मिश्रा चयनित हुआ। लखनऊ के केजीएमयू परिसर के अटल बिहारी वाजपेयी कन्वेंशन सेंटर में वाई 20 के तहत ' 'हेल्थ वेल बींग एंड स्पोर्ट्स – एजेंडा फॉर यूथ'' की थीम पर परामर्श कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के उद्घाटन प्रदेश सरकार में अपर मुख्य सचिव युवा कल्याण नवनीत सहगल ने किया था वाई–20 के इस कार्यक्रम में कुल 6 देश,12 राज्य, उतर प्रदेश के हर जिले से प्रतियोगिता के बाद चुने हुये कुल 150 युवाओं सहित कुल 700 लोगों ने हिस्सा लिया। इसी कार्यक्रम में जनपद का प्रतिनिधित्व कर रहे छात्र मानस मिश्रा ने अपनी ऊर्जावान प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सम्मान प्राप्त करते हुए जनपद का मान बढ़ाया।

### रंग महोत्सव मेले में आकर भरपूर आनंद लें : राजेश



सीतापुर, समृद्धि न्यूज। राजा कॉलेज के मैदान में रंग महोत्सव मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बच्चों के झूलने के लिए झूले तथा शॉपिंग की दुकानें बाहर से मंगवा कर लगाई गई है वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन प्रतिदिन किया जा रहा है वही बच्चों के खाने पीने के लिए भी स्वादिष्ट व्यंजन की दुकानें लगी है जिस कार्यक्रम की आयोजक सुमति राज गुप्ता के द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम भी करवाए जा रहे हैं जिसमें मेला प्रबंधक राजेश राज गुप्ता ने सीतापुर के जनपद वासियों से अनुरोध किया है कि अपने बच्चों के साथ रंग महोत्सव मेले में आकर अपने बच्चों के साथ भरपूर आनंद ले और स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ मेले का आनंद उठाएं।

### घर से निकला किशोर लापता

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला श्याम नगर निवासी राजेंद्र सिंह पुत्र बलराम सिंह ने कोतवाली पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसका पुत्र जिसकी उम्र 17 वर्ष बीती 24 मार्च को घर से बाजार की कहकर कहीं निकल गया और लापता हो गया। उन लोगों ने बहुत खोजबीन की लेकिन किशोर का कहीं कोई पता नहीं चला। इस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी।

### मारपीट का मामला दर्ज

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज। माधोगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुरपतिपुरा निवासी विकास भदौरिया ने कोतवाली पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि गांव के ही विष्णु राजावत पुत्र उमेश प्रताप ने उसके पिता ऊदल सिंह के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। इस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### हत्या की रिपोर्ट दर्ज

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के ग्राम इटहिया निवासी गामा सिंह परिहार पुत्र रामसनेही ने चुर्खी थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि गांव के ही नारायण दीक्षित पुत्र केदारनाथ दीक्षित ने उसके पुत्र जंग बहादुर उम्र 35 वर्ष की हत्या कर दी है। इस पर पुलिस ने हत्या में मामला दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है।

### मारपीट मामले की एफआईआर दर्ज

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज। थाना के मोहल्ला अंबेडकर नगर निवासी राजेंद्र सिंह पुत्र किशोरी ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि विनीत पुत्र चच्चू निवासी मनसा देवी कस्बा कदौरा ने उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## कस्तूरबा विद्यालय में हुआ कन्या भोज, आकांक्षा चीफ ने परोसा भोजन

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय फूलबेहड़ में नवरात्र के पंचमी तिथि पर कन्या भोज का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यालय में उपस्थित 96 बालिकाओं को जिला आकांक्षा समिति अध्यक्ष अल्पना सिंह ने कन्या भोज कराया। उक्त अवसर पर बीएसए डॉ लक्ष्मीकांत पांडेय अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे।

कन्या भोज कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम की धर्मपत्नी, जिला आकांक्षा समिति अध्यक्ष अल्पना सिंह ने कहा कि मातृशक्ति की आराधना हमारे देश की संस्कृति है। मातृ शक्ति के प्रति सर्वोच्च सम्मान

- आकांक्षा अध्यक्ष ने किया कन्या पूजन, बोली, मातृशक्ति की आराधना हमारे देश की संस्कृति



व्यक्त करने के लिए इन आयोजनों के साथ जुड़ना चाहिए। शक्ति की उपासना का महापर्व नवरात्रि हमें सिखाता है कि नारी का सम्मान हमारी परम्परा, संस्कृति एवं हमारे मूल्यों का हिस्सा है, इन मूल्यों को जीवंत बनाए रखना हम सबकी महती जिम्मेदारी है। जय माता दी।

बीएसए डॉ लक्ष्मी कांत पांडेय ने कहा कि बेटी सचमुच में देवियां हैं, बेटी है तभी सृष्टि है, इसलिए परंपरा से बेटियों को देवी का दर्जा दिया गया है। इसलिए बेटी सुखी रहें, ये हम सब की जिम्मेदारी है। बेटियां घर आईं तो लगा खुशियां आ गईं। बहन, बेटियां खुश होंगी, तो देश, प्रदेश और जिला धन्य होगा। यही सृष्टि का आधार हैं। इनका सम्मान करें, आदर दें, यही मां जगदम्बे के प्रति सच्ची आस्था और श्रद्धा होगी।

बताते चले कि बीएसए डॉ लक्ष्मी कांत पांडेय के तत्वावधान मे फूलबेहड ब्लॉक में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में कन्याभोज का भव्य कार्यक्रम हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि आकांक्षा अध्यक्ष अल्पना सिंह ने समिति की अन्य महिला साथियों रश्मि, प्रतिमा, नमिता के साथ सभी नामांकित कन्याओं का पूजन करते हुए उन्हें स्वादिष्ट, लजीज भोजन, फल, मिष्ठान आदि परोसा। इस मौके पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कस्तूरबा विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।

कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम गुलौली में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कदौरा थाना क्षेत्र के गुलौली गांव निवासी सैय्यद खान की 30 वर्षीय पत्नी शायरा खातून ने शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। महिला की हालत बिगड़ती देख परिजनों में कोहराम मच गया और वह उसे उपचार के लिए मेडिकल कालेज ले गए। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतिका के मायके पक्ष के लोगों ने बताया कि उसकी शादी दस वर्ष पहले



गुलौली में हुई थी। तभी से ससुरालीजन उसे लगातार परेशान कर दस लाख रुपये की मांग कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि पैसे की मांग पूरी ना होने पर एकराय हुए ससुरालियों ने ही उसकी पुत्री को मौत के घाट उतार दिया। बताया कि मृतक महिला के दो पुत्री व एक पुत्र है। उसकी मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी।

### खेत में खड़ी लाही की फसल काटने पर रिपोर्ट दर्ज

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज। कस्बा व थाना सिरसा कलार थाना निवासी मान सिंह पुत्र कन्हैया पूर्व सैनिक ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि विपिन कुमार पुत्र अच्छेलाल, दिनेश कुमार दोनों भाई निवासी व कस्बा सिरसा कलार और लाला राम पुत्र देवीराम मोहल्ला नया रामनगर उरई तथा रिंकू पुत्र अमर सिंह शम्मी पत्नी अमर सिंह निवासी कस्बा सिरसा कलाल ने उसके खेत में खड़ी सरसों की फसल को चोरी कर लिया। जब उसने उसका उलाहना दिया तो आरोपी गाली गलौज करने लगे। इस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली।




## भाविप के डॉ. सीपी गुप्ता सर्वसम्मति से प्रांतीय अध्यक्ष बने

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।

रविवार को झांसी के सामने पर भारत विकास परिषद बुंदेलखंड प्रांत का वार्षिक चुनाव 2023-2024 संपन्न हुए जिसमें प्रांतीय अध्यक्ष पद पर डॉ. सीपी गुप्ता (एसआर ग्रुप चेयरमैन), आरपी गुप्ता प्रांतीय महासचिव, नरेंद्र मोदी प्रांतीय वित्त सचिव को निर्विरोध निर्वाचित हुए। डॉ. सीपी गुप्ता ने निर्वाचित होने के बाद सदन को आश्वस्त किया आपने जो विश्वास हममें दिखाया है उस विश्वास पर खरे उतरने की कोशिश करूंगा। भारत विकास परिषद बुंदेलखंड प्रांत में 16 शाखाएं हैं उनकी संख्या 20 करने की पूरी कोशिश करूंगा और सदस्य संख्या 600 से 800 करने की कोशिश करूंगा यह अस्वत किया है। इस कार्यक्रम में चुनाव पर्यवेक्षक पवन अग्रवाल क्षेत्रीय वित्त सचिव एनसीआर-2 इं. अजय इटोरिया क्षेत्रीय सचिव सम्पर्क एनसीआर-2,



संजय अग्रवाल वर्तमान अध्यक्ष नंद गोपाल अग्रवाल प्रांतीय वित्त सचिव, अजय महतेले प्रांतीय सचिव, जीवन राम गुप्ता राष्ट्रीय उप चेयरमैन समग्र ग्राम विकास, राजेश जैन क्षेत्रीय मीडिया, लखन लाल चदैया प्रांतीय उपाध्यक्ष, महावीर शरण सरावगी सचिव मैथिलीशरण गुप्त शाखा उरई, आशुतोष शर्मा कोषाध्यक्ष मैथिलीशरण गुप्त शाखा उरई, नवीन कुमार विश्वकर्मा अध्यक्ष, मुख्य शाखा उरई राजेश कुमार गुप्ता सचिव, प्रवीण कुमार गुप्ता कोषाध्यक्ष मुख्य शाखा उरई, प्रदीप कुमार गुप्ता सचिव विवेकानन्द शाखा उरई, झांसी ललितपुर कोंच, माधौगढ़, जालौन शाखाओं के अध्यक्ष, सचिव कोषाध्यक्ष की उपस्थिति में निर्वाचन निर्विरोध चुनाव सम्पन्न हुआ।

## परिवहन विभाग की कार्यवाही पर ऑटो चालकों ने की नारेबाजी

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।

परिवहन विभाग ने नियमों के विपरीत ऑटो चलाने का आरोप लगाते हुए नगर में संचालित हो रहे ऑटो के चालान काटे। चालान कटने से नाराज ऑटो चालकों ने औरैया मार्ग पर छत्रसाल मैदान में ऑटो खड़े कर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर ऑटो संचालन करने की अनुमति दिए जाने की मांग की।

रविवार को परिवहन विभाग द्वारा नगर में संचालित हो रहे ऑटो के खिलाफ कार्रवाई की गई। परिवहन विभाग के नियमों की अनदेखी करने आरोप में 10 ऑटो के चालान काट दिए। परिवहन विभाग की टीम द्वारा ऑटो चालक दीपू कुमार का 5000 रुपये, विकास 10000 रुपये, आमिर 15000 रुपये, सूर्य कुमार 15000 रुपये, सद्दाम हुसैन 20000 रुपये, पंकज 15300 रुपये, सुबराती 6000 रुपये, पवन कुमार 5000 रुपये का चालान काट दिया गया।

5000 रुपये से 20000 रुपये तक चालान काटने से ऑटो संचालक भड़क उठे। आधा सैंकड़ा से अधिक सीएनजी ऑटो चालकों ने औरैया मार्ग पर छत्रसाल इंटर कॉलेज के बगल में ऑटो खड़े कर दिए और परिवहन निगम की कार्रवाई का विरोध जताते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। ऑटो चालकों ने आरोप लगाया कि परिवहन विभाग की टीम उनका उत्पीड़न कर रहा है और मनमर्जी से चालान काट रहे हैं।

ऑटो चालकों ने प्रशासन से मांग की है कि वह ऑटो चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। ईएमआई पर ऑटो का पेमेंट कर रहे हैं। उसी में जो कुछ बचता है अपने परिवार का खर्च चला लेते हैं। ऐसे में 15-20 हजार रुपये का चालान वह कहां से भरेंगे।

ऑटो को चलाते समय सरकारी टैक्स जमा कर नियमों का पालन करते हैं। बस स्टैंड के आसपास अपने ऑटो को खड़े नहीं करते हैं निर्धारित संख्या में ही सवारियां बैठाते है। इसके बाद भी उनके खिलाफ उत्पीड़नात्मक कार्यवाही हो रही है। उन्होंने उत्पीड़नात्मक कार्यवाई को बंद कराने की मांग की है। वहीं, नगर में कोई ठोस आश्वासन न मिलने पर टैंपो संचालक उरई चले गए। इस मौके पर दिनेश कुमार, राकेश, शिवम, अशोक, सत्यनारायण, पप्पू मंसूरी, जाहर सिंह, अजय, संजय, नीरज, राजकिशोर, विजय, मंगल, सुधीर कुमार आदि मौजूद रहे।

## सर्व ब्राह्मण समाज ने मीटिंग में समाज की दुर्दशा पर किया आत्म चिंतन

जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।

रविवार को जालौन नगर में स्थित भगवान परशुराम मंदिर के पास सर्व ब्राह्मण समाज चिंतन बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत करने से पहले सर्वप्रथम भगवान परशुराम को फूल माला अर्पित कर उनके समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया, साथ ही सभी ने भगवान परशुराम के समक्ष पूजा अर्चना कर पुष्प अर्पित किए तत्पश्चात इस पूरे कार्यक्रम का संचालन आशुतोष द्विवेदी द्वारा किया गया। इस दौरान जनपद के कई सम्मानित ब्राह्मण जन उपस्थित रहे।

इस बैठक का मुख्य उद्देश्य ब्राह्मण समाज को एक सूत्र में बांधना एवं संगठित करना है इस समाज में फैली विसंगतियों को दूर करने एवं समाज के गरीब तबके के



लोगों को मजबूत करने एवं उन्हें सक्षम बनाने व उनके बच्चों की शिक्षा को लेकर विचार विमर्श किया गया इस दौरान समाज के गरीब कन्याओं के विवाह संबंधी योजनाओं को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस बैठक में उपस्थित नवेंद्र उपाध्याय ने समाज के गरीब बच्चों को उच्च शिक्षा हेतु सहयोग करने की बात कही तो वही राम त्रिपाठी ने भी ऐसे परिवारों एवं उनके बच्चों को शिक्षित करने में अपनी सहमति जताई साथ ही उन्होंने कहा समाज को सदैव एक रहना चाहिए किसी प्रकार का भी मतभेद अन्य लोगों को तोड़ने का अवसर प्रदान करता है हम सभी एक परिवार के सदस्य हैं और हमारी कोशिश होनी चाहिए कि हमारे परिवार का सदस्य किसी भी प्रकार से भ्रमित न हो और अपने परिवार का हमेशा भरोसेमंद साथी बना रहे। इसी प्रकार बैठक में उपस्थित सभी विप्र जनों ने संगठन को मजबूत करने एवं हर परिस्थितियों में एक साथ एकजुट बने रहने की बात कही। इस दौरान बैठक में कोंच ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष अलिकेश अवस्थी, राकेश उपाध्याय, अंकित शर्मा, डॉ अवनीश दीक्षित, डॉ संजय शुक्ला, अंशुमान दीक्षित एडवोकेट, नवेंद्र उपाध्याय, अजीत उपाध्याय, अनिरुद्ध द्विवेदी, कुलदीप मिश्रा, भास्कर दुबे, अभिषेक अवस्थी, राहुल दुबे, अनुराग तिवारी, प्रशांत तिगुनायक, अभय तिवारी, प्रवीण कुमार दीक्षित, आलोक दूरबार, नितिन मिश्रा, आशुतोष द्विवेदी, मनीष दीक्षित, रवि तिवारी, कंचन पांडे, रविंद्र दीक्षित, अतुल कुमार तिवारी, दीपक गुबरेले, अनूप दीक्षित, रामेंद्र त्रिपाठी, अनमोल मिश्रा, पुनीत, अखिल द्विवेदी, अंशुल शुक्ला, आदि दर्जनों ब्राह्मण जन उपस्थित रहे।

### चोरी गई हाईवे एंबुलेंस के साथ वाहन चोर गिरफ्तार

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज। कोतवाली पुलिस ने बीते गुरूवार की सुबह कालपी यमुना पुल से चोरी हुई हाईवे की एम्बुलेंस के साथ चोर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बता दें की बीते गुरूवार को कालपी यमुना पुल से हाइवे की एम्बुलेंस को चोर चोरी कर फरार हो गए थे। पुलिस ने मामला पंजीकृत करते हुए चोरों की कुंडली खंगालनी शुरू कर दी थी। क्षेत्राधिकारी देवेन्द्र पचौरी व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र कुमार सिंह के निर्देश पर बीती शनिवार की रात्रि उपनिरीक्षक दिलीप वर्मा, उपनिरीक्षक राजेश कुमार, सिपाही सुभम सिसौदिया, हरिओम समेत पुलिस टीम मामले की खोजबीन में लगी हुई थी। तभी मुखबिर की सूचना के आधार पर दबिश डालते हुए पुलिस टीम ने मगरौल रोड पर घेराबंदी करते हुए शातिर वाहन चोर गिरोह के सदस्य बल्लू पुत्र जयराम को गिरफ्तार कर लिया। इतना ही नहीं पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ करने के बाद उसकी निशानदेही पर चोरी गई हाईवे एंबुलेंस को भी बरामद कर लिया। पकड़े गए चोरों के विरुद्ध पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला पंजीकृत कर चालान कर दिया।

## पीएम के मन की बात में शामिल हुए पदाधिकारी

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।

पीएम नरेन्द्र मोदी देशवासियों के साथ मन की बात कार्यक्रम के तहत ऑर्गन डोनेशन (देह दाह) अंगदान पर देशवासियों का ध्यान आकर्षण किया। पीएम मोदी ने आज 88 हजार ऋषियों की तपोभूमि नैमिषारण्य से जुड़े महर्षि दधीचि को नमन करते हुए देवासुर संग्राम में देवताओं की रक्षा के लिए दिए गए देहदान की बात देशवासियों के सामने रखी। सीतापुर सांसद राजेश वर्मा ने आज बिसवां विधानसभा के बूथ संख्या 258 सकरन खुर्द में उपस्थित रहकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को सुना। इस दौरान सांसद राजेश वर्मा के साथ बिसवां बीजेपी



विधायक निर्मल वर्मा सहित बीजेपी नेता और पदाधिकारी भी मौजूद रहकर प्रधानमंत्री के मन की बात को सुना।

इसके साथ ही बीजेपी जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने बूथ संख्या 238 पर बूथ अध्यक्ष सूर्यकांत पांडेय के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात को सुना है। इसी क्रम में बूथ संख्या 253 मंडल सीतापुर 1 में जिला प्रभारी त्रयंबक त्रिपाठी ने बूथ अध्यक्ष संतोष महेंद्र की उपस्तिथि में बूथ समिति और पन्ना प्रमुखों के साथ मन की बात को सुना। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष आकाश अग्रवाल,जिला महामंत्री विश्राम सागर राठौर और जिला उपाध्यक्ष नैमिष रत्न तिवारी उपस्थित रहे।

पीएम मोदी ने इस दौरान पंजाब के एक सिख परिवार की कहानी को भी देशवासियों के सामने रखा जिसमे ऑर्गन डेनोशन कर अपनी बेटी की स्म्रतियों को संजोए हुए था। पीएम मोदी ने मन की बात में देशवासियों को सोलर लाइट और सोलर ऊर्जा की तरफ भी ध्यान आकर्षण किया। बीजेपी जिला मीडिया प्रभारी पवन सिंह शिल्पी ने बताया कि प्रत्येक बूथ पर जनपद के भाजपा के नेताओं ने मोदी जी के मन की बात हो सुना।

## सड़क हादसे में पिता-पुत्री की मौत, पत्नी व पुत्र घायल

उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।

शहर कोतवाली क्षेत्र के जालौन नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार बाइक कुकरगांव व बोहदपुरा के बीच नीलगाय से टकरा गई। जिससे बाइक पर सवार पिता, पुत्री की मौत हो गई। जबकि पत्नी व मासूम पुत्र समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जबकि घायल मां बेटे का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है।

कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम एकों निवासी जितेन्द्र सिंह 43 वर्ष पुत्र हाकिम सिंह अपनी पत्नी लक्ष्मी देवी 40 वर्ष, पुत्री राधा 11 बर्ष व दो बर्षीय पुत्र लव के साथ मोटर साइकिल पर सवार होकर किसी काम से उरई जा रहे थे। बताते है कि इसी दौरान जब वह नगर कोतवाली क्षेत्र के उरई जालौन मार्ग स्थित ग्राम कुकरगांव व बोहदपुरा के बीच पहुंचे। तभी अचानक वाइक के सामने नीलगाय आ गई। जिससे उनकी वाइक अनियंत्रित होकर नीलगाय से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाइक पर सवार मासूमो सहित सभी चारों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद वहा हड़कंप मच गया। मौजूद लोगों ने सड़क पर पड़े सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। जहां पर चिकित्सकों ने पुत्री राधा को म्रत घोषित कर दिया। वही जितेंद्र की हालत नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार देने के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जिसकी मेडिकल कॉलेज ले जाते समय रास्ते में मौत हो गयी। एक साथ हुई पिता पत्नी की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने राधा के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जबकि परिजन जितेंद्र सिंह के शव को बिना पोस्टमार्टम कराये ही घर लेकर चले गए। पिता पुत्री की मौत से परिवार वालों का रो रोकर बुरा हाल है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शन्नो देवी शुक्ला पत्नी चंद्र भान शुक्ला निवासिनी नहावा परसौरा ने सूर्यभान से प्रार्थनी की जमीन का बैनामा दिनांक 6.8.2013 को लिया था, जो बही सं. 01 वाल्युम नं. 13072 है को सब रजिस्ट्रार कार्यालय में पंजीकृत है। उक्त बैनामा की मूल प्रति होली में, मकान की साफ सफाई करते समय कहीं गायब हो गई, जो काफी खोजबीन के बावजूद भी नहीं मिली। उक्त आशय की प्राथमिकी नगर कोतवाली में दर्ज कराई है।

**कु. शांती देवी पुत्री ध्रुवचंद निवासी बूढ़ादेवर, (उपाध्याय नगर), जनपद गोण्डा।**

# आंधी पानी के साथ पड़े ओले, फसल हुई बर्बाद, किसानों की बढ़ी चिंता

**चोपन/ सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**



नगर में रविवार को दिन के बाद अचानक फिर से मौसम बदला करीब एक घंटे की तेज बारिश व हवा के साथ ओले गिरे। नगर सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में तेज बारिश व हवा के साथ ओले पड़ने के बाद किसानों की चिंता फिर से बढ़ गई। खेत में खड़ी फसल लगभग बारिश के कारण बर्बाद हो गई।

चोपन क्षेत्र के आसपास के इलाकों में मूसलाधार बारिश का जोर दिखा जिसमें करीब आधे घंटे से ज्यादा ओले के साथ तेज बारिश हुई। जिले में गेहूं की फसल कटने को तैयार है। इस समय बारिश व ओलावृष्टि ने किसानों को एक बार फिर से चिंता में डाल दिया।बारिश के बाद गेहूं की तैयार फसलें खेत में झुकी हुई नजर आई जहां ओलावृष्टि से फसल खराब होने की संभावना जताई जा रही है। गौरतलब हो कि सुबह अचानक मौसम में बदलाव आया और दोपहर बाद तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। जिससे किसानों की गेहूं की फसल गिर गई। गेहूं में बाली आई हुई और बारिश के साथ हवा फसल नुकसानदायक रही। इससे गेहूं की पैदावार कम हो सकती है। सरसों अरहर की फसल भी पककर तैयार है और बारिश के कारण उसके दाने गिर गए। इससे भी काफी नुकसान किसानों को हुआ है। बारिश के कारण आम के बौर में फफूंदी लगने का डर है और आम पर काफी बौर आने से उत्साहित किसानों के चेहरे पर उदासी आ गई है।

वहीं जिस आलू की अभी खोदाई नहीं हुई है, उसमें गलाव शुरू हो जाएगा। इसके अलावा हरी सब्जियों पर भी मौसम की मार से खासा असर पड़ा है जिससे तोरई , नेनूआ, लौकी, हरा साग व खीरा कोहंड़ा आदि की फसल भी बारिश के कारण प्रभावित हुई है। रविवार को मौसम सुबह से ठीक था, लेकिन दोपहर बाद करीब 3 बजे मूसलाधार बारिश होने से शाम को मौसम में ठंडक महसूस की गई।

# कारसेवक पुरम में आयोजित की गई गोष्ठी

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़**

कारसेवक पुरम में रविवार को पुनरुत्थान विद्यापीठ द्वारा एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय



स्वयंसेवक संघ के पूर्व सरकार्यवाह सुरेश भैया जी जोशी ने की।इस दौरान मंच पर पुनरुत्थान विद्यापीठ की कुलपति इंदुमति काटदरे,श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपतराय व हनुमत निवास के महंत मिथलेश नंदनी शरण उपस्थित थे।पुनरुत्थान विद्यापीठ के माध्यम से एक हजार इक्यावन ग्रंथों का प्रकाशन हुआ है जिसे प्रातःश्रीराम लला के चरणों में समर्पित भी किया गया।इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ प्रचारक मधुभाई कुलकर्णी,क्षेत्र प्रचारक अनिल जी,विपुल रावल,ट्रस्टी अनिल मिश्रा,विहिप के संयुक्त महामंत्री कोटेश्वर जी,केंद्रीय प्रबंध समिति सदस्यपुरुषोत्तम नारायण सिंह,शिवदास,शरद शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# उज्जवल सिंह ने उज्जवल किया अयोध्या का नाम : प्रमोद



**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़**

जिले की गोसाईगंज विधानसभा के ग्राम सभा बैंती निवासी आशीष सिंह के पुत्र उज्ज्वल सिंह ने गांव में ही रहकर बिना कोचिंग का सहारा लिए ही एनडीए की परीक्षा उत्तीर्ण कर वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर बनकर जिले का नाम उज्जवल कर दिया।इसकी सूचना मिलते ही अपना दल एस के वरिष्ठ नेता समाजसेवी प्रमोद सिंह ने इस सफलता को हासिल करने वाले उज्ज्वल सिंह के आवास पर पहुंच कर उसे मिठाई खिला कर बधाई दी।इसके साथ ही समाजसेवी श्री सिंह ने उज्ज्वल व उनके दादा दादी को सम्मानित किया।इस सम्मान से अभिभूत उज्जवल सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों,माता पिता और शुभ चिंतकों को दिया है।

# छोटी से छोटी बचत राष्ट्र निर्माण में करती है महत्वपूर्ण योगदान : दिव्या

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़**



कामता प्रसाद सुंदर लाल साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय संयुक्त विशेष शिविर के तृतीय दिवस पर गणपत राय सरस्वती विद्या मंदिर में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मैनेजर दिव्या श्रीवास्तव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर प्रथम सत्र का प्रारंभ किया।दिव्या श्रीवास्तव ने छात्र छात्राओं को छोटी से छोटी बचत कर बचत को बढ़ावा देने की बात कही।उन्होंने कहा कि आप की बचत किस स्थान पर और कब और कैसे मददगार साबित होती है,आप इसका अंदाजा भी नहीं लगा सकते है। छोटी छोटी बचत के द्वारा आप अपनी इच्छाओं की भी पूर्ति कर सकते हैं।इसलिए गुल्लक बचत का एक माध्यम तो है लेकिन बैंक के खाते,उस बचत में ब्याज सहित वृद्धि करते रहते हैं।आज आपकी छोटी से छोटी बचत राष्ट्र निर्माण महत्वपूर्ण योगदान देती है।द्वितीय सत्र में विधि विभाग के प्रो0अशोक कुमार राय ने अपने उद्बोधन में कहा की शिक्षा तब तक पूर्ण नहीं होती,जब तक उसमे मानवीय मूल्य न हो।युवा सही दिशा में चलेगा तभी राष्ट्र की प्रगति होगी।हमआदर्श विद्यार्थी तभी बनेंगे जब सभी कार्य को पूरे मनोयोग से संपादित करेंगे।गांधी शताब्दी स्मारक पीजी कॉलेज , कोयलसा,आजमगढ़ के प्राचार्य प्रो अशोक कुमार मिश्र ने अपने उद्बोधन में कहा सकारात्मक सोच रखते हुए आलोचना से सदैव दूर रहेंगे,तभी आगे बढ़ सकते हैं। महाविद्यालय के कैप्टन डॉ मनीष कुमार सिंह ने स्वयंसेवक स्वयं सेविकाओं का मार्गदर्शन कर उनका उत्साहवर्धन किया।शिविर के तृतीय दिवस पर स्वय सेविका श्रीजा सिंह,अंजलि पटेल,अर्पिता पांडेय व प्रज्ञाद्विवेदी द्वारा सरस्वती वंदना तथा रुचि,नंदनी मौर्या व निहारिका द्विवेदी ने स्वगत गीत प्रस्तुत किया।मंच का संचालन अरूणिमा मिश्रा ने किया।राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के अवसर पर सभी कार्यक्रम अधिकारी डॉ आशुतोष त्रिपाठी,डा आलोक कुमार सिंह डा बाल गोविंद,डा रीता सिंह डा रीमा व डा शशी सिंह उपस्थित रहे।

# रमजान की साप्ताहिक बाजार में उमड़ी खरीददारों की भीड़

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**



रमजान माह की साप्ताहिक बाजार रविवार को जमकर हुई भीड बिस्कुट फल लच्छे खुजूर रूह अफजा अचार पकौड़ी की खूब हुयी बिक्री। रोजा रखकर रोजदारों खरीदने रहे अफतार सहरी की तमाम सामग्री। ज्ञात

होकि मुकद्दस माह माहे रमजान को लेकर बाजारों की रौनक में काफी निखार आ गया है। विभिन्न प्रकार के खाने पीने की तमाम दुकानें रविवार की साप्ताहिक बाजार में लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती नजर आयी। जहां एक तरफ अल्लाह की रजा के लिये मोहल्ला छोटा इमामबाडा निवासी आमिना हसन फरमान हीना मुशकान हुसैन अरमान सुगरा मरयम अली मोहम्मद सहित तमाम छोटे छोटे मासूम बच्चे रोजा रखकर देश दुनियां में अमन एक्ता की दुआ मांग रहे है। वहीं महिलाओं सहित बुढे जवान माहे रमजान में रोजा रखकर तिलावत इबादत में मशरूफ नजर आ रहे है। बताते चले कि बरकतों रहमतों के इस माह में एक साथ एक दस्तरखान पर रोजादारों के लिए तमाम नेयमतें मुहय्या रहती है जो साल के किसी भी माह में नही हो सकती है।

साथ ही जो सवाब इस माह में मिलता है। उसकी बात ही अलग है। अल्लाह रब्बुल इज्जत इस माह में रहमत का दरवाजा खोलकर बरकत में अपने बन्दों को सराबोर कर देते है। इफतार के समय मांगी तमाम दुआएं कुबूल होती है। इस माह में शयातीन कैद कर दिये जाते है। मस्जिदों मे नमाजियों की तादाद अधिक होती है।

# सांसद पुलिया निर्माण का विधिवत पूजन कर किया शुभारंभ

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**



लोकसभा क्षेत्र के विकास खण्ड हरख के ग्राम तीरगांव में सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने जरमापुर -तीरगांव मार्ग के किलोमीटर 10 पर क्षतिग्रस्त पुलिया के स्थान पर तीन मीटर आर.सी.सी पुलिया के निर्माण कार्य का शुभारंभ विधिवत पूजन अर्चन व भूमि पूजन कर किया। पुलिया का निर्माण 16.42 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। इसके पश्चात सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने सतरिख-तीरगांव मार्ग का नवीनीकरण व मरम्मत के कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण की दौरान जो भी कमियां नजर आयी। उनको विभागीय अधिकारी एन. के गौतम व मंगल यादव को सुधारने के दिशानिर्देश दिए। इस अवसर पर समर सिंह रावत, आशीष कुमार पांडेय, हरिनाम रावत, डॉ के.के भट्ट , राम मनोहर रावत, शिव प्रसाद , रामराज पाल, प्रवेश कुमार यादव, राम सनेही, गोविंद प्रसाद शाहू, राम सुमिरन, राम राज पाल,मास्टर श्याम लाल, आशुतोष अवस्थी, शिवकुमार शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी गण उपस्थित रहे।

# ओम की काव्य रचनाओं में राष्ट्र भक्ति की दिखती है प्रबल भावना

## गीत गगन काव्य पुस्तक के विमोचन में जुटे साहित्यकार, पत्रकार, समाजसेवी

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**



तत्कालीन समाज की परिस्थितियों का प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से परिदृश्य प्रस्तुत करने वाली रचना ही सफल रचना मानी जाती है, काव्य संग्रह गीत गगन ऐसी ही कृति है। ओपी वर्मा ओम की रचनाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना प्रबल दिखती है।

यह बात बतौर मुख्य अतिथि साहित्यकार एवं मुख्य कर अधिकारी झांसी डी.एम. कटियार ने रविवार को कवि ओपी वर्मा ओम की पुस्तक गीत गगन के विमोचन समारोह में कही। साहित्यकार समिति एवं यूनिक सोशल वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में पुस्तक का विमोचन समारोह डिस्ट्रिक्ट को-आपरेटिव बैंक के सभागार में सम्पन्न हुआ। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ कथाकार महेन्द्र भीष्म ने कहा कि गीत गगन पुस्तक गागर में सागर है। इसमें हासिये के लोग है तो धर्म, साहित्य, किसान, लव जिहाद जैसे विषयों को भी शामिल किया है। कवि की खासियत है कि वह समुद्र को एक बूंद बना देता है। श्री ओम ने जो देखा, सुना, भोगा और परखा उसे गीत गगन में लिखा है। प्रोफेसर छत्रसाल सिंह ने कहा कि कोई घटना बाद में घटित होती है, पहले वह वैचारिक रूप में जन्म लेती है और विचार को जन्म देने का काम कवि करता है। श्री ओम की रचनाएं पाठकों को गांव से जोड़ने का कार्य करती हैं। प्रोफेसर शार्दूल विक्रम सिंह ने कहा कि श्री ओम ने बैंकअधिकारी के रूप में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में रहकर कार्य किया है, इसलिए श्री ओम की रचनाओं में आम जनमानस की पीड़ा समाहित है। उनकी रचनाएं देश व समाज को संदेश देती हैं। मुख्य वक्ता समालोचक डॉ. श्यामसुंदर दीक्षित ने कहा कि कवि श्री ओम की कविताएं प्रभवित करती हैं। गीत गगन को तीन खण्डों में इस प्रकार रखा जा सकता है, जिसमें राष्ट्रप्रेम है, अध्यात्म एवं समाज विद्यमान है।

# बिजली विभाग की लापरवाही, दो बीघा गन्ने की फसल जलकर राख

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

बिजली विभाग की लापरवाही के चलते गन्ने के खेत में आग लग जाने से 2 बीघा खेत में खड़ी गन्ने की फसल जलकर राख हो गई। सूचना पाकर पहुंचे ग्रामीणों एवं अग्निशमन कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया जिसके चलते बड़ा नुकसान होते होते बच गया।

क्षेत्र के फतेहगंज गांव निवासी मनीराम यादव पुत्र रामखेलावन के खेत थानपुर गांव में स्थित है। खेत की मेड पर ही बिजली विभाग ने ट्रांसफार्मर लगा रखा था आज दोपहर लगभग साढ़े 12 बजे खेत के बगल से दौड़ते हुए निकली नीलगाय ट्रांसफार्मर के तारों से टकरा गई जिसके चलते ट्रांसफार्मर में आग लग गई। ट्रांसफर में लगी आग ने देखते ही देखते गन्ने के खेत को अपने आगोश में ले लिया, इसी दरमियान गन्ने के खेत में आग लगी देखकर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और आग पर काबू पाना शुरू कर दिया साथ ही इसकी सूचना कांग्रेस नेता पवन कुमार यादव द्वारा उपजिलाधिकारी को दी गई जिसके बाद मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी पहुंच गई और अन्य खेतों में आग फैलने के पहले ही आग पर काबू पा लिया गया।



# तुम्हे देखकर अच्छा लगा छोटे भाई, तुम्हारी वापसी का इंतजार है : हरभजन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सड़क दुर्घटना में घायल हुए भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत धीर-धीरे रिकवरी कर रहे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर कई बार इसको लेकर जानकारी शेयर की थी। वहीं, अब उनसे भारतीय टीम के पूर्व खिलाड़ियों के मिलने का सिलसिला चल पड़ा है। रविवार को सुरेश रैना, हरभजन सिंह और श्रीसंत ने ऋषभ पंत से मुलाकात की। पूर्व स्टार स्पिनर हरभजन सिंह ने ट्वीट कर लिखा, ÷जीत की कहानी, भरोसा करें और जानें कि आपके अंदर कुछ ऐसा है जो किसी से भी बड़ा है, आप मुश्किलों का सामना करते हैं..आपको देखकर अच्छा लगा छोटे भाई। आपकी वापसी का इंतजार कर रहे हैं। वहीं, पूर्व बाएं हाथ के बल्लेबाज रैना ने ट्वीट किया, ÷भाईचारा ही सब कुछ है..जहां परिवार है वहां हमारा दिल है..अपने भाई ऋषभ पंत को जल्द ठीक होने के लिए अपनी शुभकामनाएं देते हैं। श्रीसंत ने इंस्टाग्राम पर लिखा, ऋषभ पंत , मेरे भाई, मैं तुमसे प्यार करता हूं- खुद पर भरोसा और विश्वास रखो।

# प्रभागीय वनाधिकारी ने किया निरीक्षण

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** मुख्य वन संरक्षक कार्य योजना के0 इलांगु एवं प्रभागीय वन अधिकारी डॉ एनके सिंह द्वारा हैदरगढ़ रेंज में स्थित थलवारा व सदर पौधशाला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य वन संरक्षक द्वारा कर्मचारियों को पौधशाला को और बेहतर बनाने का सुझाव दिया गया। उन्होंने थलवारा पौधशाला की रखरखाव पौधों की गुणवत्ता की प्रसंशा भी की।इस मौके पर वन क्षेत्राधिकारी राकेश कुमार तिवारी वन दरोगा अभय कुमार गौतम अनुज कुमार सिंह वनरक्षक शैलेंद्र सिंह सतीश मिश्रा रामविलास सिंह आदि वन कर्मी मौजूद रहे।

# ओम क्लासेज का शुभारंभ

**सिद्धौर बाराबंकी।** क्षेत्र के आलमपुर धर्मकांटे पर खुले ओम क्लासेज का रविवार को समाजसेवी महेश प्रसाद यादव ने शुभारंभ किया। संस्था के संचालक सचिन पटेल ने बताया कि कम शुल्क में गुणात्मक शिक्षा देना संस्था का उद्देश्य है ।संस्था प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कराएगी ।इस मौके पर आरिफ जैदी रमेश यादव और दिनेश यादव समेत क्षेत्र के तमाम लोग मौजूद रहे।


# प्रेस क्लब सिद्धौर की बैठक में पत्रकार हितों की हुई चर्चा

**सिद्धौर बाराबंकी।** रविवार को कस्बा सिद्धौर स्थित सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में माथा टेक भोले शिव का आशीर्वाद प्राप्त कर पत्रकारों ने सिद्धौर पत्रकार कार्यालय पर बैठक की जिसमें पत्रकारों के हितकारी विभिन्न मुद्दो को लेकर चर्चा हुई पत्रकारों कि एकता के प्रति जोर दिया गया। प्रेस क्लब सिद्धौर के संरक्षक,अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, मंत्री, सचिव, कोषाध्यक्ष, प्रचार मंत्री सहित सभी वरिष्ठ सम्मानित पत्रकार बंधुओं की उपस्थिति में संरक्षक सेर बहादुर सेरा व अध्यक्ष राजेश सिंह की अध्यक्षता में सिद्धौर कस्बा स्थित मील चौराहा पत्रकार कार्यालय पर आयोजित बैठक में प्रेस क्लब अध्यक्ष ने कहा कि मजबूती बनाए रखने के लिए सभी को पत्रकारों का एकजुट रहना जरुरी है इसलिए सभी पत्रकार बंधु आपस में मिलजुल कर रहे जिससे संगठन मजबूत हो इसके अलावा संरक्षक ने कहा यदि किसी भी पत्रकार बन्धु की कोई समस्या संज्ञान में आती हैं तो गंभीरता से विचार करने के पश्चात निस्तारण किया जाएगा किसी भी पत्रकार का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा कन्धे से कन्धा जोड़कर हर कदम पर डटकर साथ और सहयोग किया जाएगा प्रेस क्लब के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय शंकर मिश्र , उपाध्यक्ष रामअकबाल, उपाध्यक्ष मोहित सिंह , उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, महामंत्री धीरेंद्र सिंह पटेल, कोषाध्यक्ष विकास द्विवेदी, संगठन मंत्री गोविंद, मीडिया प्रभारी अजमल सिद्दीकी , रजी जैदी,पत्रकार संतोष कुमार, शिव प्रकाश, राना यादव, मेवालाल, गोविन्द, साहेब शरन, आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# भाकियू ने ने आयोजित किया होली मिलन समारोह

**सिद्धौर बाराबंकी।** क्षेत्र के असंद्रा गांव में भाकियू (अराजनैतिक) के तत्वाधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। गांव के माताफेर के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में बोलते हुए भाकियू अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष रामबरन वर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन से लोगों में आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट रहकर संगठन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस मौके पर कुंवर बहादुर सिंह रणविजय सिंह राहुल कप्तान सिंह महेश प्रसाद नीरज संतोष और फूलचंद आदि लोग मौजूद रहे।

# 6 साल की आरफा और 7 साल के जीशान ने रखा रोजा



**उरुवा/धुरियापार/गोरखपुर।** मुस्लिम समाज के पवित्र माह रमजान में रोजा रखने वालों पर अल्लाह की रहमत की बारिश होती है।माना जाता है कि रमजान माह में अल्लाह हर एक नेकी के बदले कई गुना नेकियों का शबाब आता करते हैं। रमजान का रोजा बड़ों के साथ-साथ मासूम बच्चे भी रख रहे हैं। गोरखपुर जिला के उरुवा क्षेत्र के देवराजपर गाँव निवासी हाजी हकीक खान की 6 साल की बेटी आरफा और उनके छोटे भाई मुशीर खान के बेटा जीशान ने शुक्रवार को इस रमजान का पहला रोजा के साथ अपने इस उम्र का पहला रोजा रखा।

**हर नेकी के बदले 70 नेकियों का सबाब अता करते हैं अल्लाह** : 6 साल की आरफा और 7 साल के जीशान ने बताया की रोजा रखने से अल्लाह खुश होते हैं। इसलिए मैंने रोजा रखा है। आरफा ने बताया की रमजान के माह में रोजा रखने से अल्लाह हर एक नेकी के बदले 70 नेकियों का सवाब मिलता है। इसलिए मैंने रोजा रखा है। आरफा और जीशान ने बताया की इफ्तार के समय घरवालों के साथ इफ्तार करना अच्छा लगता है। आरफा और जीशान से बात करने पर उन्होंने छोटी उम्र में बड़ी-बड़ी बातें बताई और आरफा और जीशान ने बताया की इफ्तार के समय की दुआ कबूल होती है।

**दोनों बच्चों के जिद के आगे झुके घरवाले :** घरवालों ने बताया की मौसम को देखते हुए हम लोगों ने दोनों बच्चों को और बड़े होने पर रोजा रखने की सलाह दिया। लेकिन दोनों ने जिद कर ली कि उन्हें रोजा रखना है। दोनों बच्चों की जिद के बाद घर वाले भी रोजा रखने की बात मान गए और वह इस बात को लेकर बेहद खुश भी हैं।

**बच्चों के दादा ने बताएं उनकी खास बात :** आरफा और जीशान के दादा रिटायर सब इंस्पेक्टर हाजी रसिक खान ने बताया कि बच्चे पिछले ही रमजान से रोजा रखने की जिद कर रहे थे। पिछली बार समझाने पर वह मान गए। लेकिन इस बार दोनों बच्चे जिद पर अड़ गए कि हम भी रोजा रखेंगे। और उन्होंने इस रमजान का पहला रोजा रखा।

# जॉनसन चार्ल्स ने ठोकी वेस्टइंडीज की तरफ से सबसे तेज टी-20 सेंचुरी

**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टी-20 इंटरनेशनल मैच में जॉनसन चार्ल्स ने बल्ले से जमकर तबाही मचाई है। चार्ल्स ने कैरेबियाई टीम की ओर से टी-20 इंटरनेशनल में सबसे तेज शतक ठोक डाला है। 256 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए चार्ल्स ने साउथ अफ्रीका के बॉलिंग अटैक को मजाक बनाकर रख दिया और महज 46 गेंदों में 118 रन कूट डाले। चार्ल्स ने अपनी पारी का तूफानी अंदाज में आगाज किया और चौके-छक्कों की जमकर बरसात की। चार्ल्स ने अपना शतक पूरा करने के लिए महज 39 गेंदों का सामना किया और मैदान के चारों कोने में शॉट्स लगाए। वेस्टइंडीज की तरफ से टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में अब सबसे तेज सेंचुरी जमाने का रिकॉर्ड भी चार्ल्स के नाम हो गया है। कैरेबिाई बल्लेबाज ने क्रिस गेल के रिकॉर्ड को धराशायी कर दिया है। वेस्टइंडीज की तरफ से सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड इससे पहले गेल के नाम था, जिन्होंने इस फॉर्मेट में सेंचुरी जमाने के लिए 47 गेदों का सामना किया था। चार्ल्स ने क्रिस गेल के मुकाबले शतक ठोकने के लिए 8 गेंदें कम खेलीं। चार्ल्स ने अपनी तूफानी पारी के दौरान 10 बार गेंद को बाउंड्री लाइन के पार पहुंचाया, तो 11 बार गेंद को हवाई यात्रा पर भी भेजा।

# एनएसएस शिविर का इंटरनेट की जागरूकता के साथ हुआ समापन

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**



सीतादेवी महाविद्यालय द्वारा राजकीय इण्टर कॉलेज सिरौलीगौसपुर में चलाए जा रहे राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का रविवार को समापन किया गया। सात दिवसीय शिविर के अंतिम दिवस के प्रथम सत्र में भारत सरकार द्वारा चलाए गए डिजिटल इंडिया मिशन के ध्येय ÷ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट और ब्रॉडबैंड कनेक्शन को बढ़ाना÷ को सार्थक करने के उद्देश्य से स्वयंसेवकों ने ग्राम सिरौलीगौसपुर में रैली निकाल कर ग्राम वासियों से व्यक्तिगत चर्चा तथा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उन्हें डिजिटाइजेशन जैसे जटिल विषय के महत्व को सरलता से समझाने का सफल प्रयास किया। साथ ही साथ साइबर धोखाधड़ी को कम करने के उद्देश्य से जन सामान्य से चर्चा की गई। शिविर के समापन सत्र का प्रारंभ सांस्कृतिक कार्यक्रम रामचरितमानस के सुंदरकांड पाठ से किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सीता देवी महाविद्यालय पारिजात धाम बरोलिया के निर्देशक अभिषेक शुक्ला विशिष्ट अतिथि कॉलेज की प्राचार्या डॉ अर्चना त्रिपाठी व कृपा शंकर मिश्र लिपिक राजकीय इण्टर कॉलेज सिरौलीगौसपुर मौजूद रहे । सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत सीता देवी पीजी कॉलेज के निर्देशक अभिषेक शुक्ला द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना का उद्देश्य और महत्व को बता कर किया गया । साथ ही उन्होंने ने स्वयंसेवकों का आगे के कार्यों के लिए मार्गदर्शन भी किया। प्राचार्य डॉ. अर्चना त्रिपाठी द्वारा स्वयंसेवकों को उनके सामाजिक दायित्वों और सेवा योजना के हेतु को एक बार पुनः स्मरण करवाया गया। साथ ही आपने स्वामसेवकों को अपने आशीर्वचनों से अनुग्रहित किया। इसी क्रम में शिविर के पिछले सप्त दिवसीय कार्यक्रमों का विवरण कॉलेज की बीए प्रथम सेमेस्टर की छात्रा परी द्वारा अत्यंत ही सरल शब्दों में प्रस्तुत किया गया । राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के कार्यक्रम संचालक सुधांशु सिंह द्वारा कार्यक्रम को सार्थकता प्रदान करते हुए सभी अतिथि गणों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम संचालक रमाकांत ने भी स्वयंसेवकों को अपने आशीर्वाद रूपी वचनों से संबोधित किया ।समापन सत्र में बी. एड. विभागाध्यक्ष ललित चतुर्वेदी, समाजशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक पंकज तिवारी, बी. एड विभाग के सहायक प्राध्यापक देवेंद्र वर्मा शारीरिक शिक्षा विभाग के सहायक प्राध्यापक राहुल अवस्थी व महाविद्यालय के अन्य स्टाफ की उपस्थिति ने समापन समापन किया गया। कार्यक्रम का संचालन बीएड प्रथम वर्ष की छात्रा रोली वर्मा द्वारा किया गया। समापन काल में स्वयंसेवकों द्वारा भोज का आयोजन भी किया गया।

# स्वच्छता के क्षेत्र में काम करने वाली महिलाओं को किया गया सम्मानित

इटावा। समृद्धि न्यूज



**नवरात्रि** के दौरान शासन के निर्देशन में स्वच्छ भारत मिशन द्वारा अधिशाषी अधिकारी विनय मणि त्रिपाठी की देख रेख मे जनपद की समस्त नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत की स्वच्छता के क्षेत्र मे कार्य करने वाली महिलाओं को निम्न श्रेणी स्वयं सहायता समूह , वेस्ट टू वेल्थ, अपशिष्ट प्रबंधन मे उद्यमी, मास्टर ट्रेनर, नवाचार, सामुदायिक खाद्य, निकाय की स्थित में परिवर्तन, सामुदायिक जागरूकता के क्षेत्र मे जनपद की समाज सेवी महिलाओ को स्वच्छ भारत मिशन द्वारा नगर पालिका परिषद हॉल में सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह के संयोजक के रूप में उपस्थित स्वच्छ भारत मिशन के डीसी हिमांशू यादव ने जानकारी देते हुए कहा कि चयनित महिलाओ में से द्वितीय चरण मे 2 महिलाओं को मंडल स्तर पर तथा तृतीय चरण मे एक महिला को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाना तय है। रजनी, आशा रानी, कु. सरिता शाक्य, लाली देवी, नन्ही देवी, संतोषी देवी, कु. रीना शाक्य, सीमा देवी, सुधा कुमारी, सीमा राजपूत, प्रतिभा राजपूत, मीरा पुरवार, माण्डवी मिश्रा, गायत्री देवी, मन्जू , मीना गोयल, गुजंन वर्मा, सीता भदौरिया, आंकिता, कु. प्रियंका राजपूत, कु. नदिंता तिवारी, कु. गीतिका तिवारी, नीरजा वर्मा, डॉक्टर प्रीति पाण्डे, कु. श्रुति पटेल, रीना देवी, शैल कुमारी, सुनीता सिंह, ज्योति को स्वच्छता के क्षेत्र में सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप मे महामहिम राज्यपाल द्वारा सम्मानित हरीशंकर पटेल ब्राण्ड एम्बेसडर नगरीय स्वच्छ भारत मिशन एवं सुनील कुमार डीपाएम नगरीय स्वच्छ भारत मिशन उपस्थित रहे। सम्मान समारोह को सफल बनाने में स्वच्छ भारत मिशन के कम्पयूटर आपरेटर अनुपम कुमार विशेष योगदान रहा।

## व्यापार मण्डल ने किया चकरनगर में नगर एवं युवा इकाई का गठन

**इटावा।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल उ.प्र. ने जनपद के चकरनगर कस्बे में व्यापारियों की समस्याओ का निस्तारण कराने एवं अनैतिक उत्पीड़न को रोकने के लिये नगर एवं युवा इकाई का गठन आयोजित भव्य कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित, जिला कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी की मौजूदगी में किया गया। जिसमें नगर अध्यक्ष राहुल उर्फ छोटू मिरैया एवं युवा नगर अध्यक्ष रितिक यादव को नियुक्ति किया गया। कमेटियों की घोषणा में संरक्षक सतीन यादव को बनाया गया , नगर अध्यक्ष एंव युवा नगर अध्यक्ष ने नगर इकाई का उपाध्यक्ष सोनू दिवाकर, महामंत्री आलोक उर्फ सनी, कोषाध्यक्ष लालू भदौरिया, मंत्री अभिलाख यादव, सहवीर यादव, संगठन मंत्री देवेंद्र त्रिपाठी, बृजलाल एंव रोहित यादव को बनाया गया। युवा नगर अध्यक्ष नें चीकू गुप्ता को उपाध्यक्ष, लल्लू दी क्षित को महामंत्री बनाया, जिला पदाधिकारियो ने नव मनोनीत पदाधिकारियो को फूल माला पहनाकर एवं मनोनयन पत्र देकर सम्मानित किया।

# महिला सशक्तिकरण रैली विधायक एसएसपी और सीडीओ ने किया रवाना

इटावा। समृद्धि न्यूज



**पुलिस** मुख्यालय उत्तर प्रदेश के निदेशानुसार शक्ति की उपासना के पर्व चैत्र नवरात्रि में आयोजित महिला पुलिस कर्मियों द्वारा निर्दिष्ट मार्ग पर दुपहिया वाहनों से महिला सशक्तिकरण रैली का संपूर्ण प्रदेश में चैत्र नवरात्रि को विंध्याचल धाम जनपद मिर्जापुर से प्रारंभ होकर अष्टमी चैत्र नवरात्रि समापन जनपद गौतमबुद्ध नगर तक आयोजन किया गया है ।

उक्त रैली को अग्रिम गंतव्य पर जनपद आगरा को प्रस्थान कराने के लिए पुलिस लाइन इटावा परेड ग्राउंड से सदर विधायक सरिता भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या द्वारा हरी झंडी दिखाकर भव्य तरीके से सुसज्जित कर अगले गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

उक्त रैली को रवाना करने से पूर्व सफर के दौरान आवश्यक समस्त सुविधाओं को उपलब्ध कराकर रैली की समस्त प्रतिभागियों को जलपान कराया गया । साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा महोदय द्वारा उपस्थित सभी को महिला सशक्तिकरण के बारे में सम्बोधित कर जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, अपर पुलिस अधीक्षक नगर, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध, जिला विकास अधिकारी, एसडीएम सैफई, एसडीएम जसवंतनगर, एसडीएम न्यायिक सदर, एसडीएम सदर, जिला प्रोवेसन अधिकारी क्षेत्राधिकारी नगर, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक, निरीक्षक अंजलि यादव, प्रभारी महिला बाल सुरक्षा संगठन, उपनिरीक्षक प्रीति सेंगर प्रभारी 1090, थानाध्यक्ष महिला थाना रजनी सिंह एवं शहर की सम्मानित महिलाएं, स्थानीय जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

## साइबर फ्रॉड से निकाले गये रुपये पुलिस ने कराये वापस

**इटावा।** जनपद में साइबर फ्रॉड की रोकथाम के संबंध में कार्यवाही करने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अपराध तथा क्षेत्राधिकारी अपराध के मार्गदर्शन में साइबर सेल इटावा द्वारा साइबर फ्रॉड के माध्यम से निकाले गये पीडित के 10,000 रुपयें पर त्वरित कार्यवाही करते हुए वापस कराये। पीड़ित गौरव कुमार पुत्र बादशाह निवासी शिवनगर सूत मिल के सामने, थाना सिविल लाइन द्वारा अपने साथ 28 फरवरी 2023 को स्वयं के खाते से किसी अंजान व्यक्ति द्वारा साइबर फ्रॉड के 10,000 रुपये निकाल लेने के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया था। जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा साइबर सैल को घटना का संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

## नित्यानंद विद्या निकेतन लखना में छात्र-छात्राओं को मेडल देकर किया गया सम्मानित

इटावा। समृद्धि न्यूज




**नित्यानंद** विद्या निकेतन, लखना में विशुद्ध रूप से शैक्षणिक गतिविधियों पर केन्द्रित प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर किया गया।

इस दौरान सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राओं की खुशी देखते ही बन रही थी । सम्मान समारोह में शामिल छात्र-छात्राएं अपने अभिभावकों के साथ सेल्फी लेकर अपनी खुशी का इजहार किया। विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. समीर प्रकाश त्रिपाठी, प्रबंधक सौरभ प्रकाश त्रिपाठी एवं प्रधानाचार्या सोनिका छाबड़ा ने सभी बच्चों को आशीर्वचन देते हुए कहा आप सभी बच्चों ने उत्तम स्थान पाकर अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को गौरवान्वित किया है। इसी प्रकार मेहनत करके सफलता प्राप्त करते रहें। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी अध्यापक/अध्यापिकाओं ने सहयोग दिया।

# पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में हुआ माता रानी के भंडारे का आयोजन

इटावा। समृद्धि न्यूज





पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल मानिकपुर मोड़ पर भारत विकास परिषद इटावा तुलसी एवं विद्यालय परिवार के सहयोग से चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष में विद्यालय के सभी बच्चों एवं स्टाफ सहित अन्य गणमान्य नागरिकों को माता रानी का प्रसाद वितरण कार्यक्रम आज पंचमी तिथि मे हर्षोल्लास के साथ आपसी प्रेम व सद्भाव बढ़ाने के उद्देश्य आयोजित किया गया इस भंडारे के वितरण के समय पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ.कैलाश यादव, रश्मि यादव, अनीता सिंह, सचिव नीलिमा चौधरी, अरुण कुमार, पंकज कुमार सिंह चौहान सहित अन्य तुलसी सदस्यों एवं विद्यालय परिवार का सराहनीय सहयोग रहा। समापन अवसर पर सभी आगंतुकों का आभार अध्यक्ष अंजू चौधरी ने व्यक्त किया।

## खबरें एक नजर में

### राष्ट्रीय रेबीज नियंत्रण के तहत हुआ प्रशिक्षण का आयोजन

**इटावा।** राष्ट्रीय रेबीज नियंत्रण कार्यक्रम के तहत मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के आयुष्मान सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण सत्र आयोजित हुआ। इसका शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ गीता राम द्वारा किया गया। डीसीपीपीएम प्रभात बाजपेई ने बताया कि इस प्रशिक्षण के जरिए रेबीज से बचाव के लिए टीकाकरण के तरीके और रिपोर्टिंग व फीडिंग की जानकारी दी गई। डीसीपीएम ने बताया कि कुत्तों व बंदरों के काटने व बढ़ते हमले और इससे होने वाली मौतों को रोकने के लिए यह प्रोग्राम शुरू किया है। इसके लिए अब तैयार पोर्टल पर जिला अस्पताल से लेकर सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर पोर्टल पर जानकारी विस्तृत रूप में विवरण के साथ दर्ज की जाएगी। इससे कुत्ता को काटने की घटनाओं की वास्तविक जानकारी मिलेगी। उन्होंने बताया कि ऐसे प्रशिक्षण के जरिए स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित कर एक विशेष कार्य योजना तैयार की गई है। प्रोग्राम का लक्ष्य वर्ष 2030 तक रेबीज से मृत्यु दर को शून्य करना है। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ शिवचरण, एसीएमओ डॉ. श्रीनिवास, जिला डाटामैनेजर अनुज बाजपेई व प्रशिक्षण में उपस्थित सभी फार्मेसिस्ट और नर्स से उपस्थित रहे।

### शिक्षा सत्र में गरीब, बेसहारा बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान की जायेगी

**इटावा।** आदर्श प्राथमिक विद्यालय एवं इंडियन एकेडमी मोहल्ला कायस्थान इकदिल में आगामी एक अप्रैल से शुरू होने जा रहे शिक्षा सत्र में गरीब व बेसहारा बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान की जायेगी। उक्त जानकारी देते हुए आदर्श प्राथमिक विद्यालय एवं इंडियन एकेडमी इकदिल के प्रबन्धक राम अवतार तिवारी व प्रधानाचार्य डॉ.सुशील सम्राट ने बताया कि विद्यालय की संस्थापिका स्व. श्रीमती शकुन्तला तिवारी की पुण्य स्मृति में 10 गरीब व बेसहारा बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जायेगी द्य उन्होंने बताया कि कक्षा 1 से 5 तक की सभी कक्षाओं में दो-दो बच्चों का निशुल्क प्रवेश के साथ ही पूरे सत्र का शुल्क भी माफ रहेगा और पाठ्य पुस्तकें आदि सामग्री भी निशुल्क उपलब्ध करायी जायेगी।

### बूथ में कार्यकर्ताओं संग विधायक ने सुनी 'मन की बात'

**नरैनी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम का 99वां एपिसोड विधायक ने गांव के बूथ में सुना। जनसुनवाई कर समस्याओं का निस्तारण भी कराया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रत्येक माह के आखिरी रविवार को मन की बात कार्यक्रम के रेडियो एवं प्रसारण द्वारा देशवासियों को संबोधित करते हैं। कार्यक्रम के 99वें एपिसोड को विधायक ओम मणी वर्मा ने अपनी विधानसभा क्षेत्र के देवरार गांव पहुंचकर क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं के साथ टेलीविजन पर सीधे प्रसारण को सुना। विधायक ने कार्यक्रम की समाप्ति के बाद ग्रामीणों की समस्याओं का दूरभाष एवं पत्र द्वारा निस्तारण भी कराया । इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता ओमप्रकाश पाण्डेय, उमेश विश्वकर्मा, शुशील राजपूत, संतराम शिवहरे, सिंह साहब, संजय सहित लगभग डेढ़ सैकड़ा कार्यकर्ता और ग्रामवासी महिला पुरुष मौजूद रहे।

### युवती समेत दो लोगों ने फांसी लगाकर जान दी

**बांदा।** सूने घर में युवती ने कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। खेत से घर लौटे परिजनों ने देखा तो उसका शव फंदे पर लटक रहा था। शव देखते ही घरवालों में चीखपुकार मच गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से पूछतांछ करने के बाद शव को कब्जे में ले लिया। वहीं नशे में पत्नी से विवाद होने पर युवक ने कमरे के अंदर पंखे की हुक पर रस्सी से फांसी लगा ली। इससे उसकी भी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मटौंध थाना क्षेत्र के अछरौड़ गांव निवासी गिरजा उर्फ गुड़िया (35) पत्नी ठाकुर प्रसाद खंगार ने शनिवार की शाम कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। शाम को खेत से घर पहुंचे ससुर छुट्टन ने देखा तो उसका शव फंदे पर लटक रहा था। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतार लिया। मृतका के पड़ोस में रहने वाले जेठ मुन्नीलाल ने बताया कि गुड़िया की शादी करीब छह वर्ष पहले हुई थी। उसके दो बच्चे हैं। घटना के समय उसका पति मजदूरी करने चला गया था। ससुर खेत की फसल काटने के लिए चला गया था। सूना मौका पाकर उसने फांसी लगा ली। फांसी लगाने का कारण अज्ञात है। वहीं गिरवां थाना क्षेत्र के नेवादा मलेहरा निवासी संदीप कुमार (26) पुत्र मदन वर्मा शहर के मंडी समिति के समीप किराए का कमरा लेकर पत्नी मनोरमा के साथ रहता था। वह सब्जी का धंधा करता था।

## कैसपार माइक्रो क्रेडिट संस्था ने किया जागरूकता गोष्ठी का आयोजन



महोबा। समृद्धि न्यूज

**जनपद** महोबा के कस्बा जैतपुर में शुक्ला मैरिज हॉल में कैसपार माइक्रो क्रेडिट संस्था द्वारा अपनी सभी सदस्यों को गोष्ठी कर जागरूक किया। इसमें सदस्यों के हितों पर ब्याज दर लोन पर लगने वाले खर्चों पर चर्चा हुई आचार संहिता एवं शिकायत निवारक प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए आर,बी,आई द्वारा जारी नए दिशा निर्देश के बारे में विस्तार से बताया बी,एम अनिल तिवारी ने अपने गोष्ठी में बताया कि कैसपार हमेशा से ही गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले कैसपार के सदस्यों को वित्तीय सहायता के साथ स्वास्थ्य एवं शिक्षा की सुविधाएं भी प्रदान करती हैं जिससे सदस्यों की आर्थिक स्थिति को सुधारने के साथ साथ वह अपने परिवार की शिक्षा व स्वास्थ्य पर ध्यान दे सकें और अपने जीवन स्तर को ऊपर उठा सकें कैस्पर प्रतिवर्ष ऐसे कार्यशाला का आयोजन करता रहता है इस आयोजन के मुख्य अतिथि एस,आई ,दिनेश सिंह चंदेल साथ में सी,एच,बी अनिल त्रिपाठी ए,बी,एम नाजरीन, जितेंद्र सिंह मधु शर्मा राहुल साहिन सहित कैसपार के सभी सदस्य मौजूद रहे।

# रामनवमी शोभायात्रा को सफल बनाने के लिए शहर में निकाली गई जनजागरण स्कूटी रैली





महोबा। समृद्धि न्यूज

रामनवमी उत्सव समिति के तत्वावधान में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव इस बार धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा को सफल बनाने के लिए आज शहर में जनजागरण स्कूटी रैली निकाली गई। जनजागरण स्कूटी रैली तहसील स्थित हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुई। जो मुख्य बाजार, ऊदल चौक, आल्हा चौक, रोडवेज बस स्टैंड होते हुए तहसील चौराहा में हुई। स्कूटी रैली में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं नारंगी व पगड़ी पहने चलतीं रहीं। डीजे व ढोल नगाड़ों की धुन पर युवा थिरकते रहे।

रैली के दौरान जय श्रीराम के जयकारे गूंजते रहे। समिति के संयोजक नीरज रावत ने बताया कि 30 मार्च को रामनवमी पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। नवीन गल्ला मंडी स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर से शोभायात्रा शुरू होगी। स्कूटी रैली में इंदिरा पुरवार अंजलि पचौरी अंजू गुप्ता उपासना त्रिवेदी वंदना शुक्ला अंकिता गुप्ता प्रियंका गुप्ता पिंकी सोनी छाया तिवारी निधि रावत विनीता गोयल प्रज्ञा द्विवेदी रुचि रिछारिया प्रियांशी आर्य श्रद्धा रावत समेत बडी संख्या में मातृशक्ति शामिल रही।

# हर बूथ पर सुना गया प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम

- महोबा के शक्ति केंद्र गांधी नगर पर सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल तथा सदर विधायक राकेश गोस्वामी भी हुए शामिल
- चरखारी नगर में एम एल सी जितेंद्र सिंह सेंगर तथा श्रीनगर में जिला प्रभारी रामनरेश तिवारी रहे मौजूद



महोबा। समृद्धि न्यूज

**भारतीय** जनता पार्टी महोबा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लोकप्रिय कार्यक्रम ÷मन की बात÷ बूथ स्तर पर संपन्न हुआ, जिसमें गांधीनगर शक्तिकेंद्र के बूथ संख्या 113 पर काशी प्रसाद गया प्रसाद पेट्रोल पंप पर सांसद कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल एवं विधायक राकेश गोस्वामी ने बूथ समिति एवं पार्टी पदाधिकारियों के साथ एलईडी स्क्रीन पर कार्यक्रम को सुना व देखा, कार्यक्रम उपरांत अपने उद्बोधन में सांसद जी ने बताया कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिर्फ हमारे नहीं बल्कि विश्व के सर्वमान्य नेता है, जिनको देश में नहीं बल्कि विदेशों में भी लोग पसंद करते हैं, उनकी कहीं एक एक बात का हम कार्यकर्ताओं को स्मरण करना चाहिए अपने जीवन में उतारना चाहिए! सदर विधायक ने कहा कि मोदी जी मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से पूरे देश के लोगों को एक सूत्र में पिरोने का काम करते हैं, मात्र 30 मिनट के कार्यक्रम में वह कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक नार्थ ईस्ट से लेकर गुजरात तक हर अनछुए आवश्यक पहलुओं को छूते हैं एवं उस पर चर्चा करते हैं, आयोजक जिला मीडिया प्रभारी शशांक गुप्ता ने आए हुए सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया! उक्त कार्यक्रम एमएलसी विधायक जितेंद्र सिंह सेंगर द्वारा चरखारी नगर के बूथ में, जिला प्रभारी रामनरेश तिवारी द्वारा श्रीनगर के बूथ में सुना गया।

# कृष्ण जन्म होते ही मथुरा में हर्ष का माहौल

**किशनी।** नगर पंचायत के वार्ड हरीसिंहपुर में चल रहे मद भागवत सप्ताह में रोजाना धार्मिक प्रवचन सुनने वालों की भीड़ उमड़ रही है।रविवार को पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य भी समर्थकों सहित भागवत कथा सुनने पंडाल में पहुँचे। कथा पंडाल में व्यास जी ने रविवार को कृष्ण जन्म की कथा सुनाई जिसे सुनकर श्रोता भावविभोर हो गए।महिलाओं ने कथा पंडाल में झूम झूम कर नृत्य किया भक्तों ने फूलों की वर्षा की।कथा व्यास ने कृष्ण जन्म की कथा सुनाते हुए कहा कि कंस अपनी बहन देवकी का विवाह मथुरा के राजा वासुदेव के साथ करने के बाद उसे प्रेम के साथ उसकी ससुराल भेजने स्वयं जाता है।उसी समय आकाशवाणी होती है कि हे कंस जिस बहन देवकी को तू इतने प्रेम के साथ बिदाई करके भेजने जा रहा उसी का आठवीं सन्तान तेरा काल होगा।आकाशवाणी सुनते ही कंस अपने हाथों में तलवार लेकर बहन को ललकारते हुए उसे मारने के लिए आता है तो वासुदेव वचन देते है कि उसकी हर सन्तान वह उसे सौपेंगे।जसके बाद कंस देवकी व वासुदेव को जेल में डाल देता है।जेल में ही कृष्ण का जन्म होता है जिसे रात में ही गोकुल भेज दिया जाता हूं।सुबह जैसे ही जानकारी होती है कि मथुरा में कृष्ण का जन्म हो गया है यशोदा के घर बधाई पड़ती है।भागवत में अपने समर्थकों सहित पधारे पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य ने व्यास जी ललित नारायण त्रिवेदी व परीक्षित सूबेदार रामेश्वर सिंह राजावत का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने अपने संक्षिप्त सम्बोधन में भारतीय संस्कृति, राष्ट्रीय मानबिन्दुओं की रक्षक व धर्म स्थलों और महापुरुषों को उचित सम्मान देने वाली केन्द्र व प्रदेश सरकार की मुक्त कण्ठ से प्रसंशा की।


## कार्यालय ग्राम पंचायत फतेहपुर परिउली वि0ख0 नवाबगंज, फरु0

पत्रांकः ग्रा0पं0/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2022-2023 दिनांक 26/03/2023

### अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत फतेहपुर परिउली द्वारा कराये जाने वाले निर्माण सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में दिनांक 27/03/2023 से 02/04/2023 तक अपरान्ह 2 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 02/04/2023 को अपरान्ह 3 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत प्राकलन के अनुसार (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | मनीराम के दरवाजे से वीरपाल के दरवाजे तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 3.21 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते–** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान सचिव
ग्राम पंचायत फतेहपुर परिउली विकास खण्ड नवाबगंज, फर्रुखाबाद।

## कार्यालय ग्राम पंचायत भावन वि0ख0 राजेपुर, फरु0

पत्रांकः-मीमो/ग्रा0पं0/मनरेगा टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2022-23 दिनांक 26/03/2023

### अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में ग्राम पंचायत भावन की स्वीकृत कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 27/03/2023 से दिनांक 02/04/2023 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 02/04/2023 सायं 4 बजे निर्माण समिति द्वारा निविदा खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | मद | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डामर रोड से विपिन कुमार के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | मनरेगा | 2,98304 | 2 प्रतिशत | 500 | 5 दिन |
| 2 | डामर रोड से सुरेन्द्र के घर तक इंटरलाकिग कार्य | मनरेगा | 3,84677 | 2 प्रतिशत | 500 | 5 दिन |
| 3 | प्रा0विद्यालय रुलापुर में वाउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य | मनरेगा | 3,98175 | 2 प्रतिशत | 500 | 5 दिन |
| 4 | प्रा0पा0 भावन में वाउन्ड्रीवाल निर्माण कार्य | मनरेगा | 1,58311 | 2 प्रतिशत | 500 | 5 दिन |

**नियम व शर्तेः-** निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

(अनिल कुमार) ग्राम प्रधान- भावन, राजेपुर
(मुनीष कुमार) सचिव-भावन, राजेपुर

# एएसपी ने फोर्स के साथ शहर में किया पैदल गश्त

- व्यापारियों, दुकानदारों, शापिंग कॉम्प्लेक्स रेस्टोरेंट संचालकों से की वार्ता दिलाया सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**पुलिस** अधीक्षक के निर्देशन में नवरात्रि एवं रमजान पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए जिले की पुलिस अलर्ट है। अराजकतत्वों पर नजर रखने के लिए जगह-जगह पर पुलिसकर्मी तैनात किये गये हैं। रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक, सीओ सदर, व सदर कोतवाली पुलिस फोर्स के साथ शहर में पैदल गश्त कर लोगों से संवाद कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। रविवार की शाम लगभग सात बजे अपर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार शहर में कानून व्यवस्था का जायजा लेने के लिए सीओ प्रियंका वाजपेई एवं सदर कोतवाली प्रभारी राजकुमार सिंह पुलिस फोर्स के साथ शहर की सड़कों पर निकले। एएसपी ने पैदल गश्त के दौरान लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। राहगीरों और दुकानदारों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि कहीं भी कोई समस्या हो तो वह पुलिस को सूचना दें। अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखता है तो उसके लिए तत्काल पुलिस को बताये। आगामी त्यौहार पर शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए आमजन से वार्ता की। उन्हें सुरक्षा व्यवस्था के प्रति अवगत कराया। जिला मुख्यालय के मकरंदनगर स्थित शापिंग कॉम्प्लेक्स के निकट एक रेस्टोरेंट में जब अपर पुलिस अधीक्षक पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे तो भारी पुलिस फोर्स को देखकर वहां अफरा तफरी का माहौल बन गया। कई मनचलों ने मौके से निकल लेने में ही भलाई समझी। पुलिस अधिकारियों ने रेस्टोरेंट के मैनेजर से सीसीटीवी कैमरे आदि लगे होने के बारे में जानकारी ली। साथ ही उन्होंने यहां अन्य व्यापारियों से सुरक्षा व्यवस्था संबंधी पूछताछ करते हुए कानून व्यवस्था का भरोसा दिलाया। उन्होंने रेस्टोरेंट के बाहर लगे स्टालों के संचालकों से सुरक्षा संबंधी जानकारी कर सुरक्षा व्यवस्था परखी।



शापिंग कॉम्प्लेक्स के बाहर पूछताछ करती पुलिस टीम — समृद्धि न्यूज

# युवक का शव प्राथमिक विद्यालय परिसर में मिला, सनसनी

- परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, पुलिस जांच पड़ताल में जुटी

कन्नौज, समृद्धि न्यूज

**कोतवाली छिबरामऊ** क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में युवक का शव मिलने से स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घटनास्थल पर जांच पड़ताल की और परिजनों व ग्रामीणों से पूछताछ की। मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी है। मृतक युवक मानसिक रुप से बीमार बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर निवासी जगदीश शर्मा का 26 वर्षीय पुत्र देवेन्द्र शनिवार की शाम घर से खाना खाकर गया था, जो वापस नही लौटा, परिजनों को चिन्ता हुई तो उन्होने खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं पता नही चला। रविवार की सुबह परिजनों व ग्रामीणों ने देवेन्द्र की खोजबीन शुरु की, तभी गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में उक्त युवक के शव मिलने की जानकारी ग्रामीणों ने दी, जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे। युवक के शव को देखकर परिजनों व ग्रामीणों में हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर जांच पड़ताल की और ग्रामीणों व परिजनों से पूछताछ की। परिजनों ने युवक की हत्या किए जाने की आंशका जताई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है। वहीं पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है ।



परिजनों से घटना की जानकारी करती पुलिस टीम

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

- प्रतियोगी परीक्षाओं से युवाओं में क्षमता का आंकलन होता है: अशोक कुमार

गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज

**राजकुमारी** मेवाराम इंटर कॉलेज डम्मरपुरवा अमोलर में जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे सैकड़ों छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विद्यालय के प्रबंधक अशोक कुमार ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं से छात्र-छात्राओं की प्रतिभा में निखार आता है।

रविवार को राजकुमारी मेवाराम इंटर कॉलेज में आयोजित जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में जिलेभर के सैकड़ों छात्र छात्राओं ने भाग लिया। विद्यालय के प्रबंधक अशोक कुमार यादव ने बताया कि प्रथम पाली में जूनियर सेक्शन के बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जूनियर सेक्शन के 270 बच्चों ने भाग लिया। द्वितीय पाली में सीनियर सेक्शन के 210 बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विद्यालय का मुख्य उद्देश्य बच्चों को उच्च स्तरीय शिक्षा देकर उनके भविष्य को सुधारना है। इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य दीपक यादव ने बताया कि सामान्य ज्ञान परीक्षा में भाग लेने वाले बच्चों में जो प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करेंगे। उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रबंधक अशोक कुमार यादव, संचालक दीपक यादव, व्यवस्थापक जीतू यादव, सुनील, विपिन, मूलचंद, प्रियंका आदि सहित तमाम अध्यापक गण मौजूद रहे।



सामान्य ज्ञान परीक्षा में भाग लेते बच्चे — समृद्धि न्यूज

# पंचम दिवस की कथा सुनकर भक्तिमय हुआ सम्पूर्ण पांडाल

गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज

**रामचरितमानस एक** बहुत प्यारा ग्रंथ है। रामायण में दो चरित्रों को आप याद कीजिए। उन दो चरित्रों पर टिका है पूरा रामचरितमानस। एक है दशरथ एक है दशानन। दशरथ जिसने अपनी दसों इंद्रियों को अपने बस में कर रखा है। उसके घर में राम पैदा होते हैं और दशानन जिसने अपनी दसों इंद्रियों को खोल रखा है। लोगों के लिए उसका बध राम जी जाकर करते है। भोग कभी भोगे नहीं जाते अपितु यह भोग हमें भोग रहे हैं। इसे हम चाहे माने या ना माने।

उक्त विचार नगर के तिर्वा रोड स्थित श्री बिहारी जी कांप्लेक्स में चल रही श्री राम कथा के पंचम दिवस पर डाकोर गुजरात से पधारे आचार्य प्रवर डॉ. देवकीनंदन दास उर्फरामायणी जी ने कहे। कहा कि विषयों से कभी बैराग नहीं होता। पूरा जीवन मेरा प्रभु की भक्ति के बिना व्यतीत हो रहा है। जब इस तरह का बैराग मन में आए तो फिर इंतजार नहीं करना चाहिए। क्योंकि बैराग आसानी से नहीं आता है। कभी-कभी जब भगवान कृपा करें तब बैराग होता है। बैराग किसी ठोकर लगने के बाद ही होता है। किसी घटना के बाद बैराग होता है कोई ना कोई घटना घटती है। जब हम बैरागी होते हैं बहुत से लोग कहते हैं कि हम यह सब छोड़ देंगे। हमारे दुख का कारण ही यह है कि हम छोड़ना चाहते हैं। इस मौके पर कथा परीक्षित दिनेश चंद गुप्ता, बिमलेश गुप्ता, बृजेश गुप्ता रामू, विजय मिश्र, अवधेश गुप्ता, राजेश गुप्ता, नीरज मिश्रा, रवी गुप्ता, रामबाबू गुप्ता, प्रियम गुप्ता, सौरभ गुप्ता, गौरव गुप्ता, अमरनाथ मिश्रा, संतोष चतुर्वेदी आदि लोग मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## पति-पत्नी के विवाद में पड़ोसी ने मारपीट कर किया घायल

**सौरिख,समृद्धि न्यूज।** पति-पत्नी के विवाद को लेकर पड़ोसी ने पति के साथ मारपीट कर दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया पत्नी ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार क्षेत्र की खरीदी चौकी के गांव फूल राजपुर निवासिनी रीना देवी पत्नी नेत्रपाल ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया 24 मार्च की शाम 10:00 बजे 99 मेरे पति नेत्रपाल के साथ कहासुनी हो रही थी इसी बात को लेकर मेरे पड़ोसी सुखदेव विदिश अर्चना दरवाजे आए और गाली गलौज देने लगे जब मेरे पति नेत्रपाल ने गाली देने से मना किया तो लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे शोरगुल सुनकर मोहल्ले के लोग दौड़े तो जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए पुलिस ने महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर घायल को डॉक्टरी परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया।

## अवैध खनन की शिकायत पर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल

**सौरिख,समृद्धि न्यूज।** ग्राम प्रधान की शिकायत पर उप जिलाधिकारी के आदेश के बाद लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर अवैध खनन को रुकवाया। अवैध खनन की शिकायत पर क्षेत्रीय लेखपाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच पैमाईश कर जमीन को सुरक्षित करते हुए अवैध खनन करने से रुकवाया सौरिख विकास खण्ड की ग्राम पंचायत अलीपुर की ग्राम प्रधान शारदा देवी ने ग्राम समाज की जमीन पर गांव के ही लोगों द्वारा अवैध खनन किए जाने शिकायतउपजिलाधिकारी से की थी।जिसके आधार पर क्षेत्रीय लेखपाल गौरव कुमार कस्बा इंचार्ज संजीव कुमार कांस्टेबल दौलतराम ,दिलीप चौहान ने मौके पर पहुंच कर उक्त जमीन की पैमाईश कर चिन्हित करते हुए अवैध रूप से हो रहे खनन रुकवाया ।इस दौरान सुभाष पुत्र सत्यदीन,कन्हैया पुत्र सुभाष प्रधान प्रतिनिधि शिवकांत यादव पुत्र सियाराम कल्लू सहित दर्जनों ग्रामीण रहे मौजूद।

## अवैध मात्रा में शराब सहित दो को पकड़ा

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।** शनिवार की शाम हमराह सिपाहियों के साथ गश्त कर रहे कोतवाली के उपनिरीक्षक पंजाब सिंह ने मुखबिर की सूचना पर जसोदा रेलवे क्रॉसिंग के निकट किशवापुर रोड पर छापेमारी कर दो युवकों के पास से 30 क्वार्टर ठेका देसी शराब बरामद करते हुए हिरासत में ले लिया। पुलिस हिरासत में आरोपी युवकों ने अपना नाम रामपाल एवं हरीनाथ निवासी ग्राम सगरा बताया है। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

## 29 मार्च को होगा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के ग्राम पाल नगर ज्ञानपुर निवासी राधा चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि 29 मार्च को श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व विशाल कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। विशाल कलश यात्रा भ्रमण के उपरांत पंडित सुभाष चंद्र वेदी के मुखारविंद से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन कराया जाएगा। कहा कि उन्होंने श्रद्धालुओं से कलश यात्रा में पहुंचने की अपील की है।

# रमजान के पाक महीना सब्र का होता है: आसिफ जमाल

- युवा समाजसेवी नें रोजेदारों को दी माहे रमजान की मुबारकबाद

गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज

**युवा** समाजसेवी आसिफ जमाल खॉन उर्फ पप्पी ने रोजेदारों को माहे रमजान की मुबारकबाद देने के उपरान्त कहा कि रमजान के पाक महीने में सभी मुसलमान भाईयों को अल्लाह की इबादत करनी चाहिये, क्योंकि यह महीना सब्र का होता है।

रविवार को नगर के जीटी रोड स्थित प्रतिष्ठान कार्यालय पर युवा समाजसेवी आसिफ जमाल खॉन उर्फ पप्पी ने कहा कि रमजान के महीने में रोजा रखकर और अल्लाह की इबादत कर इंसान अपने आप को अल्लाह के करीब पाता है। इस पाक महीने में ऐसा करने पर इंसान अल्लाह से अपने किये गये गुनाहों के लिए तौबा मांग सकता है। कहा कि रमजान का पवित्र महीना समाज के गरीब और जरूरतमंद बंदों के साथ हमदर्दी करने का महीना है। इस महीने में किसी रोजादार को इफ्तार कराने वाले शख्स के गुनाह माफ हो जाते हैं। ये महीना दिल से सारे विकारों को दूर निकाल कर अपनी आत्मा को पाक साफ करने के लिये होता है। आपको हर तरह की बुराई, ऐब और गलत ख्याल से दूर रहने का हुक्म देता है ये महीना मन की शुद्धि के लिए होता है।



आसिफजमाल का फाईल फोटो

# नमामि गंगे देहरादून की टीम ने महादेवी गंगा घाट का किया विजिट

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**भारत** सरकार के नमामि गंगे मिशन को गति देने और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के उद्देश्यों को सुनीश्चित करने हेतु भारतीय वन्य जीव संस्थान देहरादून के निर्देश पर कन्नौज के महादेवी गंगाघाट पर नमामि गंगे की तीन सदस्यीय टीम दो दिवसीय विजिट करने आयी।

टीम में नमामि गंगे परियोजना सहायक पवन कुमार तथा राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की लाईवहुड एक्सपर्ट संध्या जोशी व पारिस्थितिकी तंत्र विकास अधिकारी हेमलता खंडूरी ने नमामि गंगे मिशन के जलज कस्तूरी कार्यक्रम, सोशल अवयर्नेश व सामुदायिक सहभागिता व स्वच्छता आदि विषयों के अंर्तगत लोगो को स्वावलंबी बनाना आदि के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन गंगा ज्ञान केंद्र पर किया गया जिसमे क्षेत्र के गांवो की कई बालिकाये व युवक और महिलाओ व आदि लोगो ने तथा समस्त गंगा प्रहरी शावान खान, विवेक सैनी, विकास कुशवाहा, रमा तिवारी, रावेंद्र कुमार, केपी सिंह, अरशद, प्रताप ,माधव व नमामि गंगे की टीम ने कार्यक्रम मे समिलित होकर घाट पर हाट लगवाने आजीविका प्रशिक्षण हेतू बात की और जल्दी ही ट्रेनिंग की बात हुई तथा लोगो को साफसफाई व जागरूक करने की बात पर विचार विमर्श हुआ टीम ने मडहरपुर गॉव मे दरगाह के पास स्थित गंगा नर्सरी को देखा और गंगा प्रहरी शावान खान की सराहना की वही दुसरे दिन टीम ने कन्नौज कछोहा गाँव पहुंचकर इत्र निर्माण की गतिविधियों विषय पर किसानों से वार्ता की और फूलों की खेती की जानकारी ली तथा किसानों को स्वावलंबी बनाने के लिए हवन सामग्री निर्माण के प्रशिक्षण हेतू किसानो से वार्ता की टीम ने कन्नौज म्युजियम का भी भ्रमण किया वही शनिवार की देर शाम को नमामि गंगे प्रकल्प व नमामि गंगे सेवा समिति के द्वारा माँ गंगा की आरती का अयोजन किया गया जिसमे भाजपा नेत्री गीता पाठक व निर्मला तिवारी ने मां गंगा की आरती उतारी इस अवसर पर अनिल द्विवेदी मनीषी,राकेश कटियार, गुड्डू दुबे कमलकिशोर,मदन,हेमंत व साधु संत आदि लोग मौजूद रहे।



ग्रामीणों को सम्बोधित करते नमामि गंगे टीम की लाईवहुड एक्सपर्ट संध्या जोशी — समृद्धि न्यूज

# चैत्र नवरात्र नवमी पर लगने बाले मेले की तैयारियां जोरों पर

- सजने लगी दुकानें,लगने लगे झूले
- 30 मार्च को नवमी पर लगेगा विशाल मेला

अनूप चौरसिया

**जलालाबाद।** ऐतिहासिक सिद्धपीठ माँ शीतला देवी मंदिर की महिमा अपरम्पार है। इनकी महिमा का गुणगान क्षेत्र में ही नहीं बल्कि प्रदेश के कई जनपदों में है। सिद्धपीठ माँ शीतला देवी धाम में चैत्र नवरात्रि पर लगने वाला मेला सप्तमी से दशमी तक चलता है। इस मेले में फर्रुखाबाद,हरदोई,कानपुर आदि जनपदों से श्रद्धालु भारी संख्या में पहुंचते हैं। जिसके लिए तैयारियां चल रही है। कस्वा जलालाबाद के ग्राम सियरमऊ स्थित माँ शीतला देवी मंदिर लगभग 1000 साल पुराना मन्दिर है। जो कि आल्हा ऊदल के जमाने से है। आज तक परम्परागत तरीके से चला आ रहा है। मां शक्ति के सात शक्तिपीठों में से एक सिद्धपीठ माँ शीतला देवी पर हर वर्ष चैत्र नवरात्र पर सप्तमी से दशमी तक मेला लगता है। यहां पर हजारों की संख्या में मेलार्थी व श्रद्धालु मेला घूमने और मां शीतला देवी के दर्शन पूजन के विभिन्न जनपदों से आते है। मेला के आयोजक श्यामू तिवारी ने बताया कि 22 मार्च से शुरू हुए चैत्र नवरात्र के नवमी पर लगने वाला मेला की तैयारियां जोरों से चल रही है। नवरात्र के दिनों देवी मां की विशेष कृपा बरसती है। बड़ी संख्या में भक्त उपवास रखकर देवी मां के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना करते है। नौवें दिन भक्त दुर्गा माता की पूजा कर कन्या भोज के साथ हवन-पूजन भी करते हैं। इसी दिन रामनवमी भी मनाई जाती है। मेले में झूले लगने लगे है। दुकानें भी बड़ी साज सज्जा के साथ लोग लगाने में जुट गए है। नवरात्र को देखते हुए तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मेले में लगने वाले आकर्षक झूले व अन्य मनोरंजन के साधन दर्शनार्थियों को खूब लुभाते हैं। उन्होनें बताया कि मेले का आयोजन 28 से 31 मार्च तक होगा। जिसमें 30 मार्च नवमी पर विशाल मेला लगता है। जिसमें इस मेले में लोगो के मनोरंजन के लिए आकर्षक झूले व महिलाओं के लिए घरेलू उपयोग में आने वाली वस्तुओं की दुकानें बच्चों के मनोरंजन के लिए खिलौने की दुकानें व तरह-तरह के स्वादिष्ट व्यंजनों की दुकानें लगती है।





सिद्ध पीठ मां शीतला देवी धाम व मेले में लगे झूले — समृद्धि न्यूज

### 'सिद्धपीठ माँ शीतला देवी का महत्व'

माँ शीतला देवी मंदिर अपने अलौकिक इतिहास को समेटे है। ये ऐतिहासिक मंदिर इत्र और इतिहास की नगरी कन्नौज जनपद में जलालाबाद ब्लॉक के गांव सियरमऊ में स्थित है। मंदिर हजारों सालों से भक्तों के आस्था व विश्वास का केन्द्र है। यहां साल में एक बार चैत्र नवरात्र पर विशेष उत्सव के साथ मेला लगा रहता है। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं।

### 'बच्चों के मुंडन संस्कार के लिए प्रसिद्ध है सिद्धपीठ धाम'

माँ शीतला देवी मंदिर में बच्चों का मुंडन संस्कार कराने के लिए काफी संख्या में लोग पहुँचते है। मंदिर परिसर में बच्चों के मुंडन संस्कार की प्रथा काफी अर्से से चली आ रही है। मान्यता है कि माता की कृपा से जिन माताओं की गोंद भर जाती है। वह यहां आकर अपने बच्चों का मुंडन कराते हैं।

# आठ वर्षीय ईशान नें पहला रोजा मुकम्मल किया

- परिजनों नें बच्चे का फूल मालाओं से स्वागत किया

गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज

**माहे रमजान** के पवित्र महीने के पहले रोजे को 8 वर्षीय ईशान पुत्र मोहम्मद नफीस सभासद प्रतिनिधि पटेल नगर ने अपना पहला रोजा मुकम्मल किया। परिजनों ने इतनी कम उम्र में रोजा मुकम्मल करने पर खुशी का इजहार किया।

नगर के मोहल्ला गांधी नगर निवासी सभासद प्रतिनिधि मोहम्मद नफीस के 8 वर्षीय पुत्र ईशान द्वारा रोजा रखकर मुल्क के अमन चैन एवं आपसी भाईचारा मजबूत करने की दुआ मांगी। इस मौके पर सभासद अंजुम बेगम ने खुशी का इजहार किया और अल्लाह का शुक्रिया अदा करने के उपरांत कहा कि रोजा हमें एक दूसरे की मदद करने सहित खुदा की इबादत करने का संदेश देता है। परिजनों जैनुलआब्दीन (दादा), इकबाल हुसैन सिद्दीकी (फूफा), शमीम खान, नसीम खान, रियाज खान, सलीम आब्दीन मोनिस आब्दीन, कलीम, गुफरान, अजीज सिददकी, अजीम सिददकी, कामरान, शारिक, साहिल, अदनान, अबुल कैस ने मोहम्मद ईशान को फूला मालायें पहनाकर सम्मानित करते हुये मुबारकबाद दी।



रोजा रखकर इबादत करता ईशान व सम्मनित करते परिजन

# रेलवे प्लेटफार्म पर नवाज पढ़ने को लेकर हिन्दू संगठनों में आक्रोश

▸ मुकदमा न दर्ज हुआ तो सामूहिक हनुमान चालीसा का करेंगे पाठ



हिन्दूवादी नेता विमलेश मिश्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन प्लेट फार्म पर नवाज पढ़े जाने को लेकर हिन्दूवादी संगठनों में तीखी प्रतिक्रिया हुई है।

हिन्दू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष युवा विमलेश मिश्रा ने कहा कि नवाज पढ़ने वाले अज्ञात लोगों के विरुद्ध यदि मुकदमा नहीं लिखा गया तो वे मंगलवार को रेलवे प्लेट फार्म पर हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ करेंगे। इस बात को लेकर अपने करीब आधा सैकड़ा कार्यकर्ताओं के साथ वे रेलवे स्टेशन पर पहुंचे और आरपीएफ व जीआरपी थाने में जाकर मुकदमा दर्ज कराकर कार्यवाही की मांग की और कहा कि यदि प्लेट फार्म पर नवाज पढ़ने वाले लोगों के विरुद्ध कार्यवाही नहीं हुई तो हम हिन्दूवादी नेता मंगलवार को सामूहिक रुप से हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। मालूम हो कि विगत दिवस प्लेट फार्म नम्बर 04 पर मुस्लिम रोजेदारों ने नवाज पढ़े जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। जिसे देखकर हिन्दूवादी संगठन हरकत में आ गये और तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

रविवार को युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष आरपीएफ व जीआरपी थाने पहुंच गये। उन्होंने मुकदमा लिखने में टालमटोल का आरोप लगाते हुए कहा कि आरपीएफ और जीआरपी पुलिस मुकदमा नहीं लिखना चाहती है, लेकिन हिन्दूवादी संगठन मुकदमा लिखवायेंगे, अगर मुकदमा नहीं लिखा गया तो अग्रिम करेंगे। फिलहाल इस घटना को लेकर हिन्दूवादी नेताओं में रोष देखा जा रहा है।

# मां गंगा सेवा समिति ने घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान



स्वच्छता अभियान चलाते मां गंगा सेवा समिति के पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मां गंगा सेवा समिति फतेहगढ़ के साप्ताहिक गंगा स्वच्छता पर्यावरण सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत बरगादिया घाट गंगा तट पर गंगा स्वच्छता एवं जन जागरूकता की अलख जगाई गई। स्वयं सेवकों द्वारा घाट पर झाड़ू एवम फावड़े की सहायता से कूड़े कचरे को एकत्र कर भू विसर्जित किया। सभी के सामूहिक श्रमदान के अंतर्गत ऊबड़ खाबड़ एवम घास, पतेल युक्त जमीन का समतलीकरण और फावड़े और खुरपी के साथ गुड़ाई की गई और उसके पश्चात तुलसी माता के पौधों का रोपण मौजूद सभी ने किया।

# रामनवमी शोभायात्रा की बनी रुपरेखा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फतेहगढ़ में श्री रामलीला परिषद की ओर से रामनवमी पर निकलने वाली शोभा यात्रा को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक परिषद के अध्यक्ष रवीश द्विवेदी एडवोकेट के आवास पर हुई। जिसमें सभी पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बैठक में बारी बारी से सभी पदाधिकारियों ने अपने अपने विचार रखे। इस दौरान अध्यक्ष रवीश द्विवेदी ने बताया आगामी 30 मार्च को रामनवमी का त्यौहार बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसके लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। 30 मार्च को सुबह फतेहगढ़ पुरानी सब्जी मंडी स्थित रामनिवास मंदिर पर हवन पूजन का कार्यक्रम किया जाएगा, तो वही सायंकाल नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न तथा दुर्गा माता की भव्य झांकी का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में परिषद के संरक्षक ने अपना प्रस्ताव रखते हुए कहा फतेहगढ़ नगर की आबादी अब काफी बढ़ गई है। जिसको देखते हुए इस बार रामनवमी का शोभा यात्रा का आयोजन छोटी जेल चौराहे से होना चाहिए। इस पर सभी पदाधिकारियों ने सहमति जताते हुए नगर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी के द्वारा प्रशासन से अनुमति दिलाए जाने की बात कही। बैठक में मुन्नालाल वार्ष्णेय, नारायण त्रिवेदी, टल्ल मास्टर, पंकज अग्रवाल, पंकज प्रकाश, चमन टंडन, रविंद्र वैश्य, श्रवण कुमार, विपिन अग्रवाल, अतुल गुप्ता, दीपक दुबे, अंजुम दुबे, अवनींद्र सक्सेना, शानू दुबे, अभिषेक श्रीवास्तव, मोनू ठाकुर, श्याम मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।



बैठक के दौरान मौजूद श्री रामलीला परिषद के पदाधिकारी

# सभासद की मांग पर नगर पालिका ने लगवाया ट्यूबवेल



ट्यूबवेल निर्माण के दौरान मौजूद सभासद व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** निवर्तमान सभासद धर्मेंद्र कनौजिया की पहल के चलते वॉर्ड नंबर 5 में नये ट्यूबवेल का निर्माण शुरु हो गया है। धर्मेंद्र कनौजिया ने बताया कि क्षेत्रीय लोगों की पानी की समस्या काफी दिनों से चल रही थी। जिसको लेकर गम्भीरता से बोर्ड की मीटिंग में बात रखी गयी। स्वीकृति मिलने के बाद कार्य को शुरु कराया गया। ट्यूबवेल की बोरिंग के दौरान सभासद धर्मेंद्र कनौजिया ने ठेकेदार के साथ पहुंचकर पूजन कराया और स्थानीय लोगों के सहयोग से नव निर्मित ट्यूबवेल की बोरिंग शुरु की गयी। अंडियाना में ट्यूबवेल लगने से क्रिश्चियन फील्ड के पीछे रहने वाले लोग व अंडियान एवं डिग्गीताल व श्याम नगर तक के लोगों को काफी फायदा मिलेगा और उन्हें गर्मी के मौसम में पानी के इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा।

# महिलाओं का सम्मान बहुत जरुरी: अनीता द्विवेदी



महिलाओं को सम्मानित करते सांसद मुकेश राजपूत व अनीता द्विवेदी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम नेहरु युवा केंद्र के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। साथ ही महिला सम्मेलन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत ने नेहरु युवा केंद्र के प्रतिभागी युवा स्वयंसेवकों एवं सदस्यो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही नमामि गंगे के आचार्य अखिलेश शुक्ला को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन वैभव सोमवंशी ने किया। युवा कल्याण अधिकारी ने पहुंचकर प्रशस्ति पत्र बांटे। नेहरु युवा केंद्र की निहारिका पटेल की देखरेख में छात्राओं व युवाओं ने सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये और नमामि गंगे पर नाटक प्रस्तुत किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में नेहरु युवा केंद्र व युवाओं ने प्रतिभाग किया। फर्रुखाबाद महोत्सव में दोपहर को महिला सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम मे पहुंचीं सदर विधायक की पत्नी अनीता द्विवेदी ने कहा महिलाओं का सम्मान बहुत जरुरी है। इस सरकार में महिलाओं का सम्मान है। कई योजनायें चलायी गयी हैं। बबिता पाठक, प्राचार्या शशीकिरण सिंह, मीरा सिंह ने विचार रखे। इस मौके पर रमला राठौर, किरन सिंह, नेमा कुमारी, रीता दुबे, चित्रा अग्निहोत्री, मदीना बेगम आदि को सम्मानित किया गया। देर शाम अल्हा गायक मुन्नालाल राठौर ने अपनी प्रस्तुत दी।

▸ फर्रुखाबाद महोत्सव में हुआ महिला सम्मेलन

# वोट की महत्ता भारतीय चुनाव प्रणाली का अह्म अंग है: डॉ0 अनुपम अवस्थी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दुर्गा नारायण पीजी महाविद्यालय फतेहगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सप्तम दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस का शुभारंभ मान्यवर काशीराम राजकीय महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रो0 डॉ0 अनुपम अवस्थी व विद्यालय के प्राचार्य डॉ0 मनोज गर्ग ने सरस्वती प्रतिमा के माल्यार्पण के साथ शुभारंभ किया। प्रथम सत्र का प्रारम्भ एनएसएस के लक्ष्य गीत व संकल्प गीत के साथ हुआ। एनएसएस कैंप के लिए चयन की गयी मलिन बस्ती ग्वालटोली में स्वयं सेवकों द्वारा मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। महाविद्यालय से ग्वालटोली तक मतदाा जागरुकता अभियान के तहत रैली निकाली गयी। स्वयं सेवकों द्वारा बस्ती में औपचारिक शिक्षा रोजगार के अलावा मतदाताओं को जागरुक किया गया। मुख्य अतिथि डॉ0 अनुपम अवस्थी ने कहा वोट की महत्ता भारतीय चुनाव प्रणाली का अंग है। हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ0 सतेंद्र मिश्रा स्वयं मतदान करने हेतु स्वयं सेवकों को प्रेरित किया। समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ0 प्रज्ञा त्रिपाठी ने मतदाता जागरुकता हेतु प्रेरित करते हुए आमजन को मताधिकार के अधिकार बताये। प्राचार्य डॉ0 मनोज गर्ग ने स्वयं सेवकों को मतदान में भाग व लेने वाली हानि के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी वाणिज्य विभाग के असिस्टेंट प्रो0 डॉ0 अजहर जुनैद आलम ने मतदाता जागरुकता अभियान विषय पर स्वयं सेवकों के बीच क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया। राष्ट्रीयगान के साथ सत्र का समापन हुआ। संचालन डॉ0 मोहम्मद अमीन ने किया। इस मौके पर डॉ0 पंचम कुमार, डॉ0 आशुतोष त्रिपाठी, विनय कुमार बाथम, प्रियांशु सिन्हा, सरस पाठक, वीरभान सिंह व राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े सभी सदस्य, कर्मचार, स्वयंसेवक, छात्र-छात्रायें आदि ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।



लोगों को जागरुक करते एनएसएस के स्वयंसेवक

## आम आदमी के सम्मेलन में पंचायत चुनाव की रुपरेखा पर चर्चा

### दस वार्ड प्रभारियों की हुई नियुक्तियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत कंपिल में हुए आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में वार्ड प्रभारियों की नियुक्तियां दी गई और संगठन को मजबूत बनाने की बात कही गई।

सम्मेलन की अध्यक्षता केंद्रीय प्रभारी अदनान शाह ने की एवं उन्होंने आने वाले नगर पंचायत के चुनावों के लिए जोर शोर से तैयारी करने के निर्देश दिये। नियुक्त किये गये वार्ड प्रभारियों के साथ बैठकर प्रत्याशियों के बारे में गहनता से विचार विमर्श हुआ व रुपरेखा तैयार की गई। इस अवसर पर नदीम शाह, अमित शाक्य, अजीम खान, जितेंद्र जाटव, जमालुद्दीन अली, जयवीर यादव, साजिद अली, मोहम्मद मुन्ना, हरीश कठेरिया, अरविंद कठेरिया, दीपक पाठक, सुमित श्रीवास्तव, अनुज राजपूत आदि दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम ने महोत्सव में बाधा समा



महोत्सव में सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत करती नृत्यांगना व मौजूद लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फर्रुखाबाद महोत्सव में तृतीय दिन पुरस्कार वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। देर रात तक चले कार्यक्रम में सांस्कृतिक विभाग से आयी टीम द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका रवींद्र कुमार की देखरेख में सम्पन्न हुए कार्यक्रम में श्रोताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सांस्कृतिक विभाग से आयीं नृत्यांगना ने अपना नृत्य प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध किया। इस मौके पर संजय गर्ग, इंद्रा पाण्डेय, गरिमा पाण्डे, प्रीती तिवारी, भारती मिश्रा, अनिल प्रताप सिंह, महेश पाल सिंह उपकारी, बृजकिशोर सिंह किशोर, निहारिका पटेल, पुष्पा सिंह, संजय गर्ग, राहुल वर्मा, भूपेंद्र प्रताप सिंह, वैभव सोमवंशी, दिलीप कश्यप, अमित सक्सेना, राजगौरव पाण्डेय, निमिष टंडन, ज्योति स्वरुप अग्निहोत्री, गीता भारद्वाज, रेजीनी सहर के अलावा सांसद प्रतिनिधि अनूप मिश्रा मौजूद रहे। सांसद मुकेश राजपूत ने सभी मंचासीन प्रतिभागियों एवं अतिथियों को समृति चिंह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# अपनों के ही बीच बेगानी होतीं विश्व साहित्य में पहचान बनाने वाली महादेवी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** वे मुस्काते फूल नहीं जिनको आता है मुरझाना वे तारों के दीप नहीं, जिनकों भाता है बुझ जाना। आधुनिक मीरा महीयसी महादेवी वर्मा का जन्म 26 मार्च 1907 को फर्रुखाबाद में हुआ था। उनकी कालजयी रचनाओं ने हिन्दी साहित्य को अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। आप पर फर्रुखाबाद को गर्व ही नहीं गुमान भी है। इसके बाद भी आपकी यादों को अगर यह शहर नहीं सहज पाया तो इसके जिम्मेदार हम सब है। आपने जब अबला शीर्षक से कविता लिखते हुए इन पंक्तियों की रचना की थी। आता है अब ध्यान कभी हम भी थी देवी, उन्नति गौरव रहे हमारे ही पद सेवी। अधिकृत हमारे शक्तियां सारी दैवी पाती थी, हम मान बनी वसुधा की देवी। शोभित हमसे हुई भूमि भारत की पावन, सुरभित हमसे हुआ प्रकृति उद्यान सुहावन। नलिनि सब हम रहीं विश्व सर बीच लुभावन। मंडित हमने किया मातृ का सुंदर आनन, तो यह अहसास किसी को नहीं था कि अबला को सवला के रुप में प्रतिस्थापित करने वाली अद्वितीय कवियत्री को भूल रहे है।



डा0 शालिनी, प्राचार्या

मान्यवर काशीराम महाविद्यालय की प्राचार्या हिन्दी विभागाध्यक्ष डा0 शालिनी ने बताया कि हिन्दी की आधुनिक मीरा के कृतित्व पर चर्चा बिना उनका नाम अधूरा है। महादेवी वर्मा स्त्री विमर्श की इस चेतना के स्वर वर्षों पूर्व महीयसी की लेखनी से निकले थे। छायावाद युग की प्रणेता महादेवी वर्मा आधुनिक हिन्दी कविता में एक शक्ति के रुप में उभरी। खड़ी बोली को हिन्दी की मधुरता और कोमलता से सुसज्जित किया। हम उन्हें जयंती पर याद करते है।



भूपेन्द्र प्रताप सिंह

अभिव्यंजना संस्था के समन्वयक समाजसेवी भूपेन्द्र प्रताप सिंह वैसे तो एलआईसी विभाग में अधिकारी है, लेकिन हिन्दी के प्रति प्रेम, महादेवी वर्मा के प्रति समर्पित स्नेह और गंगा स्वच्छता को मन से निर्मल बनाने के लिए अग्रसर रहने वाले भूपेन्द्र प्रताप किसी परिचय के मोहताज नहीं। उन्होंने राजकीय बालिका इंटर कालेज को महीयसी महादेवी वर्मा का नाम दिलवाने में अहम योगदान दिया। उनकी जयंती पर दुख की बदली नीर भरी को वह नमन करते है।



अध्यापक योगेन्द्र कुमार

मदारपुर प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक योगेन्द्र कुमार ने बताया कि फर्रुखाबाद की धरती महादेवी वर्मा के नाम से प्रख्यात हुई है। उन्होंने कहा कि छायावाद युग की इस युवांतकारी कवियत्री के लिए सब कुछ करने को तैयार है। कन्नौज में गंगा घाट का नाम महादेवी घाट रख दिया गया और जनपद के साहित्यकार चमचा वाली गली के निकट स्थित महादेवी के पैतृक मकान को बहुत कोशिशों के बाद भी महादेवी का स्मारक बनाने में नाकाम रहे।

# बिना राम के इस भारत में भारत वर्ष कहां है...........



फर्रुखाबाद महोत्सव में काव्य पाठ करते कवि पवन बाथम

▸ फर्रुखाबाद महोत्सव में बही काव्य की धारा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** क्रिश्चियन कालेज मैदान में फर्रुखाबाद महोत्सव के मंच पर साहित्य समागम का कवि सम्मेलन वरिष्ठ कवि पवन बाथम की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। देर रात हुए कवि सम्मेलन का मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत ने दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। श्री राजपूत ने कहा कि जनपद की प्रतिभाओं को मैंने सुना व देखा तो महसूस किया कि महादेवी वर्मा की नगरी में साहित्य की दीपशिखा ही नहीं जल रही, बल्कि चांद और सितारे जगमगा रहे हैं। स्थानीय युवाओं को साहित्यकारों के साहित्य को समझना चाहिए। सभी कवियों को मैं धन्यवाद देता हूं। औरैया से आई प्रिया श्रीवास्तव दिव्याम ने श्रंगार रस की रचना पढ़ी-हर तमन्ना जवान हो जाय, जब कोई मेहरबान हो जाय। कार्यक्रम संयोजक डॉ0 शिवओम अम्बर ने रचना पढ़ी-बिना राम के आदर्शों का चरमोत्कर्ष कहां है, बिना राम के इस भारत में भारतवर्ष कहां है। बाराबंकी से पधारे गीतकार प्रियांशु गजेंद्र ने गीत पढ़ा-जैसे जैसे उमर बिताई, मैने तेरे प्यार में। घिरौर मैनपुरी से पधारे ओज के कवि मनोज चौहान ने क्रांतकारी रचना पढ़ी-आजादी के हवन कुण्ड में आहुति दे दी प्राणों की, अर्जुन जैसा वीर कि चिन्ता जिसे नहीं थी बाणो की। कानपुर से आए अतिथि कवि डाक्टर सुरेश अवस्थी ने रचना पढ़ी- जैसे हो वैसे दिखो, पहनो नहीं नकाब, कांटो को भी गुलाब मिले, बनकर खिलो गुलाब। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ कवि पवन बाथम ने गीत पढ़ा, आओ मिलकर गाए वन्दे मातरम। युवा रचनाकारों में उत्कर्ष अग्निहोत्री, वैभव सोमवंशी, दिलीप कश्यप, निमिष टंडन, स्मृति अग्निहोत्री ने भी अपनी रचनाएं पढ़ी। इसके अलावा डा भानुदत्त शर्मा, ज्योति स्वरूप अग्निहोत्री, ब्रजकिशोर सिंह किशोर, रामशंकर अवस्थी, रामौतार शर्मा इंदू, संतोष पाण्डेय, किशन साध, नलिन श्रीवास्तव, रवि शुक्ल नटखट, महेश पाल सिंह उपकारी, उपकार मणि, मधु गौड़, भारती मिश्रा, प्रीती तिवारी, डॉ0 रेजीना शहर, डॉ0 गरिमा पांडे, गीता पांडे, रामआसरे दीक्षित निराला राही, सत्यपाल सिंह सोमवंशी प्रगल्भ, डॉ0 रामकृष्ण राजपूत सहित 22 स्थानीय कवियों को मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत ने शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर पर्यटन अधिकारी चित्रगुप्त श्रीवास्तव, सुरेंद्र पांडेय, भूपेंद्र सिंह, अनिल प्रताप सिंह, प्रभात अवस्थी सहित सैकड़ों श्रोता मौजूद रहे।

## पीआरडी जवान धर्मेन्द्र हुए सम्मानित



सम्मानित होते पीआरडी जवान धर्मेन्द्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पीआरडी जवान धर्मेन्द्र सिंह यादव को क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी जीतू सिंह द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस 2023 पर पीआरडी में रहते हुए सहासिक कार्य करने को लेकर प्रशस्ति पत्र द्वारा उन्हें सम्मानित किया जाना था। किसी कारणवश वह बाहर थे। शनिवार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। धर्मेंद्र यादव ने बताया कि ऐसे मौकों पर सम्मान पाना गौरव की बात है। मैं विभाग को धन्यवाद देता हूँ।

# पेंटिंग प्रतियोगिता में कनिष्का वर्धन ने बाजी मारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फर्रुखाबाद महोत्सव में तृतीय दिन क्रिश्चियन इंटर कालेज के मैदान पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। ईट राईट मिल्ट मेला 2023 के तहत प्रतियोगिता में 14 स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। मुख्य खाद्य सुरक्षाधिकारी आशुतोष राय, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एस0एच0 आबिदी व बृजेन्द्र कुमार, आशुतोष कुमार वर्मा, शैलेन्द्र रावत, अरुण मिश्रा की देखरेख में परीक्षा सम्पन्न हुई। 14 विद्यालयों के 56 बच्चों ने पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। निर्णायक मण्डल की भूमिका नाजिया आरिफ, ममता यादव, बृजेन्द्र कुमार, आफरीन जायरा ने निभाई। बच्चों ने पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रकृति संबंधी सुंदर रंग भरकर चित्र उकेरे। निर्णायकों के अवलोकन के बाद पेंटिंग प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें रोजी पब्लिक स्कूल की कनिष्का वर्धन प्रथम रहीं। द्वितीय नम्बर पर सेंट एन्थोनी स्कूल की आर्बिया रही। तीसरे नम्बर पर सिटी गर्ल्स इंटर कालेज की छात्रा वैष्णवी व आर्मी पब्लिक स्कूल की आसी एवं राजकीय इंटर कालेज फतेहगढ़ के आशुतोष मिश्रा रहे।

सांत्वना पुरस्कार के रुप में रोजी पब्लिक स्कूल की शिप्रा अर्जुन एवं सिटी गर्ल्स इंटर कालेज की नंदनी, महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कालेज की छात्रा रिया शाक्य व राजकीय बालक इंटर कालेज के अभिषेक सिंह वर्मा एवं सेंट एन्थोनी स्कूल की छात्रा आराध्या ने पेंटिंग प्रतियोगिता में सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। सभी विजय प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर फर्रुखाबाद महोत्सव में सम्मानित किया गया। काफी देर तक छात्रायें महोत्सव में मौजूद रहने के चलते भूख प्यास से तड़पती रही। सही से पानी तक की व्यवस्था तक नहीं थी।



पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र






# कर्ज में डूबे वृद्ध ने फांसी लगाकर दी जान

- ट्रैक्टर खरीदने के लिए बेटे के नाम बैंक से लिया था लोन

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** कर्ज में डूबे वृद्ध किसान ने शीशम के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम करनपुर दत्त के मौजा मोकुलपुर निवासी 65 वर्षीय कल्याण कुशवाहा पुत्र प्रयाग कुशवाहा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक संत प्रकाश पटेल पुलिस बल के साथ पहुंच गये और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक की पत्नी छोटी बिटिया ने बताया कि उसके पति कल्याण सिंह ने एक साल पहले पुराना ट्रैक्टर खरीदा था। अपने छोटे पुत्र के नाम पुराने ट्रैक्टर पर एक फाइनेंस कंपनी से लोन करवाया था। किस्ते ना दे पाने के कारण फाइनेंस कंपनी एजेंट पैसा वापस करने का दबाव बना रहे थे। शनिवार को कंपनी के एजेंट द्वारा मृतक कल्याण सिंह के घर पर आकर किस्तें जमा करने के लिए धमकाया था। आर्थिक तंगी से परेशान व फाइनेंस किस्तों को जमा न कर पाने के कारण कल्याण सिंह रविवार सुबह शौच करने के बहाने रामकुमार निवासी करनपुर दत्त की बगिया में लगे शीशम के पेड़ पर धोती से लटककर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर मृतक के पुत्र रामबाबू, प्रमोद, विजेंदर, रामरहीस, सोनू आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक संत प्रकाश पटेल ने पहुंचकर जांच पड़ताल की और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।





गुमशुम बैठे मृतक के परिजन व मृतक का फाइल फोटो

# स्कंदमाता की पूजा अर्चना कर भक्तों ने मंदिरों में टेंका माथा

- शाम को गुरगांव देवी मंदिर में हुआ डांडिया का कार्यक्रम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** चैत्र नवदुर्गा के पांचवें दिवस नगर के देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ती रही। भक्तों ने मंदिर में पहुंचकर दुर्गा देवी के पंचम स्वरुप स्कंदमाता का पूजन किया। लोगों ने उपवास रखकर मां की उपासना की। सुरक्षा की दृष्टि से मंदिरों पर महिला व पुरुष पुलिस तैनात रही।

नवरात्रि में पांचवें दिन स्कंदमाता की उपासना का दिन होता है। मोक्ष के द्वार खोलने वाली माता परम सुखदायी हैं। माँ अपने भक्तों की समस्त इच्छाओं की पूर्ति करती हैं। इस देवी की चार भुजाएँ हैं। यह दायीं तरफ की ऊपर वाली भुजा से स्कन्द को गोद में पकड़े हुए हैं। नीचे वाली भुजा में कमल का पुष्प है। बायीं तरफ ऊपर वाली भुजा में वरदमुद्रा में हैं और नीचे वाली भुजा में कमल पुष्प है। उनकी पूजा से मोक्ष का मार्ग सुलभ होता है। यह देवी विद्वानों और सेवकों को पैदा करने वाली शक्ति है। यानी चेतना का निर्माण करने वालीं। कहते हैं कालिदास द्वारा रचित रघुवंशम महाकाव्य और मेघदूत रचनाएँ स्कन्दमाता की कृपा से ही संभव हुईं। पूजन करने के लिए देवी मंदिरों पर सुबह से लेकर शाम तक भक्तों का आना-जाना लगा रहा। पल्ला मठिया, गुरगांव देवी मंदिर, महाकाल मंदिर, काली देवी मंदिर मऊदरवाजा, बढ़पुर स्थित शीतला देवी मंदिर, संतोषी माता मंदिर, भोलेपुर स्थित वैष्णोदेवी मंदिर, फतेहगढ़ के कालीबाड़ी मंदिर सहित नगर के कई छोटे-बड़े सभी मंदिरों में पहुंचकर भक्तों ने माथा टेंका और सर्वमंगल की कामना की। सुरक्षा की दृष्टि से मंदिरों पर पुलिस तैनात रही। शाम के समय व्रत रखे महिलाओं ने माता के भजन कीर्तन किये।



गुरगांव देवी मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्तगण

# डा0 ऋषि की टीम छह विकेट से विजयी

- डॉ0 युवराज सिंह को मैन ऑफ द मैच
- शिखर सक्सेना बेस्ट बॉलर चुना गया
- मैच के दौरान उत्साह व मनोरंजन का संगम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** स्व0 ब्रह्मदत्त स्टेडियम में चिकित्सकों का मैत्री क्रिकेट मैच हुआ। जिसमें प्रमुख चिकित्सकों ने भाग लेकर अपने-अपने खेल के जौहर दिखाये। मैच डा0 विपुल अग्रवाल इलेविन व डा0 ऋषिकांत जैन इलेविन के बीच हुआ। जिसमें ऋषिकान्त जैन टीम ने जीत हासिल की। मैन ऑफ द मैच डा0 युवराज सिंह को चुना गया। सर्वोत्तम गेंदबाज के रुप में डा0 शिखर सक्सेना चयनित हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा0 रविन्द्र यादव ने खिलाड़ियों को ट्राफी देकर सम्मानित किया और ऐसे आयोजनों को जब तक कराते रहने पर बल दिया।

मैच के निर्धारित 14 ओवरों में डा0 विपुल अग्रवाल इलेविन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 95 रन का स्कोर खड़ा किया। जबाव में बल्लेबाजी के लिए उतरी डा0 ऋषिकान्त इलेविन के खिलाड़ियों ने 9 ओवर मे 4 विकेट पर 96 रन बनाकर 6 विकेट से जीत हासिल कर ली। विजयी टीम में डा0 ऋषिकान्त जैन, डा0 विशाल अग्रवाल, डा0 युवराज सिंह, डा0 केजी बाथम, डा0 एसके अग्रवाल, डा0 छोटू चतुर्वेदी, डा0 इमरान अली शामिल रहे। वहीं डा0 विपुल अग्रवाल इलेविन में डा0 विपुल के अलावा डा0 मनोज चतुर्वेदी, डा0 रवि गुप्ता, डा0 पुष्पेन्द्र बुंदेला, डा0 अंकुर सक्सेना, शिखर सक्सेना, डा0 सुरेन्द्र सिंह शामिल रहे। इस मौके पर डा0 ममता अग्रवाल, डा0 विनीत अग्रवाल, डा0 अल्का आदि अतिथि के रुप में मौजूद रही।



खिलाड़ियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि डॉ0 रविन्द्र यादव

# विधायक व डीएम ने मोबाइल वेटनरी वैन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

- जनपद के 6 लाख पशुओं के सापेक्ष संचालित होंगे आधा दर्जन वाहन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पशु स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत कलेक्ट्रेट से विधायक व अधिकारियों ने मोबाइल वेटनरी वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जिसके माध्यम से पशुओं की आकस्मिक चिकित्सा सेवायें शुरु करायी जायेगी। इस संदर्भ में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी नीरज कुमार गौतम ने बताया कि प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ईएसबी के अन्तर्गत मोबाइल वेटनरी यूनिट का संचालन किया जा रहा है। जिले में पशुओं की तादात 6 लाख होने के दृष्टिगत रखते हुए 6 मोबाइल वेटनरी यूनिट संचालित की जायेगी। 3 यूनिट निर्धारित रुट पर संचालित रहकर चिकित्सा करेगी व तीन वाहन आकस्मिक चिकित्सा के लिए उपलब्ध रहेगे। वाहन प्रातः 8 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक उपलब्ध हो सकेगे। वेटनरी वैन सुबह 10बजे से लेकर रात्रि 8 बजे तक उपलब्ध रहेगी। टोल फ्री नम्बर 1962 पर सम्पर्क करें। रात्रि 8 बजे के बाद कॉल सेंटर पर कॉल रिकार्ड कर ली जायेगी और अगले दिवस सेवा उपलब्ध करायी जायेगी। पंजीकरण शुल्क के अलावा अन्य कोई शुल्क नहीं लिया जायेगा। इस अवसर पर विधायक सदर मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, विधायक भोजपुर नागेन्द्र सिंह, जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी नीरज कुमार गौतम ने मोबाइल वेटनरी यूनिट को हरी झण्डी दिखायी। डा0 मनोज शर्मा, डा0 देवेन्द्र चौधरी, डा0 अनुज दुबे, डा0 सतेन्द्र यादव के अलावा सभी पशु चिकित्साधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर पशुधन प्रसार अधिकारी कौशलेन्द्र यादव भी उपस्थित रहे।



मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते जनप्रतिनिधि व डीएम

# खबरें चलते-चलते

## पानी के विवाद में दबंगों ने भाई-बहन को पीटा

**कमालगंज (सं.)।** पानी भरने को लेकर हुए विवाद में दबंगों ने भाई-बहन के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर निवासी निदा पत्नी हलीम ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि 26 मार्च को सुबह 11 बजे पानी भरने को जेठानी मीना पत्नी कमर के साथ विवाद हो रहा था। उसी समय वहां आए आले हसन पुत्र नामालूम एवं आले हसन का पुत्र बल्लू ने गाली-गलौज किया। विरोध करने पर उक्त लोगों ने भाई इमरान के साथ मारपीट कर दी। बचाने पहुंची मैं तो दबंगों ने मुझे भी मारापीटा। पुलिस ने जांच पड़ताल कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## कोचिंग पढ़ने गयी छात्रा की स्कूटी चोरी, मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद (सं.)।** कोचिंग पढ़ने गई छात्रा की स्कूटी को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। छात्रा के पिता ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी। जानकारी के अनुसार दी गई तहरीर में पीड़ित छात्रा के पिता राजेश कुमार शिवानी पुत्र रुपचन्द्र शिवानी निवासी नवाब ढिलावरजंग ने दर्शाया कि उसकी पुत्री कुमकुम शिवानी बेवर रोड भोलेपुर स्थित एक कोचिंग में स्कूटी से पढ़ने जाती है। 23 मार्च को वह अपनी स्कूटी संख्या यूपी 76एएल/5444 से कोचिंग पढ़ने गयी और स्कूटी को खड़ा कर दिया। वह पढ़कर बाहर निकली तो स्कूटी वहां पर नहीं मिली। कुमकुम ने मुझे सूचना दी तब मैं मौके पर पहुंचा, सभी जगह ढूंडा, लेकिन स्कूटी नहीं मिली। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

## दबंगों ने महिला को पीटा, शिकायत पुलिस से

**नवाबगंज (सं.)।** थाना क्षेत्र के ग्राम फतनपुर नगला जाटव निवासी विशन देवी पत्नी महेंद्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि गांव के दबंग अनिल कुमार एवं विनोद कुमार पुत्र रमेश सिंह आए दिन मेरे साथ मारपीट करते हैं। 25 मार्च की शाम 6 बजे आरोपियों ने गाली-गलौज किया। पीड़िता ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने विनोद, अनिल कुमार को डांट फटकार आगे झगड़ा न करने की हिदायत देकर चली गई। 26 मार्च की प्रातः फिर आरोपियों ने गाली-गलौज किया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## तीन वारंटी गिरफ्तार व चार का शांतिभंग में चालान

**फर्रुखाबाद (सं)।** पुलिस ने अलग-अलग जगह से तीन वारंटी व चार लोगों को अशांति फैलाने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना जहानगंज पुलिस ने वारंटी महेश यादव पुत्र मिट्टू यादव निवासी ग्राम विपिन, राम तीरथ पुत्र रामनिवास निवासी ग्राम मजगामा, राकेश पुत्र रामसनेही निवासी ग्राम कांझना को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वहीं पुलिस ने अशांति फैलाने के आरोप में कृपाराम पुत्र श्रीकृष्ण निवासी ग्राम हिसामपुर, सर्वजीत पुत्र कृपाराम निवासी ग्राम हिसामपुर, हाशिम पुत्र शामिल हुसैन, आमिर पुत्र शामिल हुसैन निवासी ग्राम भडोसा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## अवकाश प्राप्त एसो0 की कार्यकारिणी गठित

**फर्रुखाबाद (सं.)।** उत्तर प्रदेश अवकाश प्राप्त माध्यमिक शिक्षक एसोसिएशन की बैठक ज्योतिस्वरुप अग्निहोत्री की अध्यक्षता में शिशु मंदिर पर हुई। इस मौके पर पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया और नई कार्यकारिणी का चुनाव हुआ। यह जानकारी देते हुए चुने गये अध्यक्ष राममुरारी शुक्ला ने बताया कि ज्योतिस्वरुप अग्निहोत्री को एसोसिएशन का संरक्षक बनाया गया है। वहीं मुन्नू सिंह तोमर को महामंत्री व गिरिश चन्द्र बाथम को कोषाध्यक्ष मनोनित किया गया। इसके अलावा चार उपाध्यक्ष, चार मंत्री बनाये गये। ऑडिटर राजेश कुमार शर्मा को मनोनित किया गया। संचालन बृजकिशोर सिंह किशोर ने किया। बृजेन्द्र कुमार श्रीमाली ने व्यवस्था देखी।

# ऐतिहासिक गुरुगांव देवी मंदिर में नवधा भक्ति रस हुआ प्रवाहित



गरवा में भाग लेते भक्तगण व संस्कार भारती के पदाधिकारी



गुरगांव देवी मंदिर में पूजा अर्चना करते सांसद

- प्रशासन और संस्कार भारती के संयुक्त आयोजन में बही भक्ति की धारा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला प्रशासन एवं संस्कार भारती के सहयोग से लोक एवं जनजाति कला एवं संस्कृति संस्थान लखनऊ संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित (नवधा) भक्ति रस पर आधारित कार्यक्रम नवधा का आयोजन किया गया।

रविवार को शहर के ऐतिहासिक महाभारत कालीन गुरूगांव देवी मंदिर में नवधा भक्ति रस गीत कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद मुकेश राजपूत ने मंगला माता का पूजन व आरती कर किया। उन्होंने कहा कि पाश्चात्य सभ्यता ने देश को बहुत नुकसान पहुंचाया है। संस्कार भारती कला संगीत साहित्य से जन-जन में संस्कार रोपित कर रही है। प्रदेश सरकार कला साहित्य और संगीत के लिए बहुत से कार्य कर रही है। कलाकरों को प्रोत्साहित करना सरकार का उद्देश्य है। लखनऊ से आई मंजू नारायण एवं स्थानीय कलाकर लोक गायिका आस्तिकी मिश्रा, स्नेह सक्सेना, मंजू शर्मा, गीता सक्सेना आदि ने देवी गीतों की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में जयकारे गूंजते रहे। ढोलक पर योगेश पाण्डेय, आर्गन चंद्रेश पाण्डेय, पैड वादन विवेक कुमार, हार्मोनियम पर बबलू ने संगत की। कार्यक्रम में प्रांतीय महामंत्री सुरेंद्र पाण्डेय, अध्यक्ष दीपक रंजन सक्सेना, सचिव अरविंद दीक्षित, संयोजिका नेहा सक्सेना, रजनी लौंगवानी, आदेश अवस्थी, अनिता द्विवेदी, स्वदेश दुबे, शमरेंद्र शुक्ल, आदेश अवस्थी, संजय गर्ग, अर्पण शाक्य, दिलीप कश्यप, अनुभव सारस्वत, प्रीति गुप्ता, अमित सक्सेना, चित्रा अग्निहोत्री आदि लोग उपस्थित रहे।

इसके बाद महिलाओं ने गरवा नृत्य प्रस्तुत करके गुजराती संस्कृति को जीवंत कर दिया। बताते चले कि गरवा नृत्य गुजरात में धार्मिक कार्यक्रमों का मुख्य अंग होता है।

## कार चोरी के मामले में पुलिस ने नहीं की कार्यवाही

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कार खरीदने के नाम पर ठगी कर लेने का मुकदमा दर्ज करने के लिए नगला प्रीतम भोलेपुर निवासी अरविन्द कुमार पुत्र देवी सिंह ने कोतवाली फतेहगढ़ में तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगायी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की है। दी गई तहरीर में अरविन्द कुमार ने दर्शाया कि न्यू लोको कालोनी निवासी उदय प्रताप सिंह व ऋषभ, आदित्य कुमार निवासी देवरामपुर पीड़ित के पास आये। उदय प्रताप ने कहा कि उनके कोई परिजन बीमार है।रुपये की आवश्यकता है वह अपनी कार बेंचना चाहता है। 4.80 लाख रुपये में सौदा तय हुआ और पीड़ित ने उदय प्रताप सिंह और ऋषभ को दो लाख रुपये एडवांस दे दिये। तब ऋषभ ने बताया कि कार उसके बहनोई आदित्य निवासी ढिलावल के नाम पंजीकृत है। पीड़ित ने कार के कागजात व चाबियां ले ली। 22 मार्च को गली में कार खड़ी नहीं देखी तो चोरी हो जाने का अंदेशा हुआ। सीसीटीवी कैमरे में ऋषभ और उदय दूसरी चाबी से कार ले जाते दिख रहे है। जब उनसे बात की तो उन्होंने धमकी दी कि शिकायत की तो जान से मार दूंगा। अरविन्द ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट लिखकर कार्यवाही करने की मांग की। पुलिस ने अभी तक कार्यवाही नहीं की है।

## लड़की भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज


**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव किता नगला निवासी पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उनकी मेरी पुत्री शनिवार दोपहर 12 बजे घर से सब्जी लेने नारायणपुर गढ़िया गई थी, लेकिन वह शाम तक वापस नहीं आई। तब उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला। पीड़ित ने पिंकू पुत्र पंकज निवासी रामपुर मझगांव पर शक जताते हुए कहा कि चार वर्ष पूर्व आरोपी शादी करने की धमकी दे चुका था और पुत्री को भगा ले जाने की धमकी दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पिंकू के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

# रमजान में रोजा हर बुराई से बचाता है.............

- रोजेदोरों ने नवाज अदा कर रखे रोजे, पढ़ी तरावीह

**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रमजान का पवित्र महीना रहमतों व बरकतों का है। रमजान के 30 रोजे तरावीह व पांच वक्त की नवाज से रोजदार की हर तरह से इस्लाह होती है। रोजा सिर्फ अल्लाह के लिए है और वहीं इसका ईनाम देने वाला है। रोजे पर नगर में जगह-जगह रोजा इफ्तार व रोजा कुशाई का सिलसिला बदस्तूर जारी है। रमजानुल पवित्र माह में रोजदार सिलसिलेवार रोजे व नमाज के एहतमाम के साथ मशगूल है। हर छोटा बड़ा बालिग इस मुकद्दस व बरकतों वाले दिनों में अधिक-अधिक से शबाव हासिल करने के प्रयास में लगा है। समाजसेवी व मुस्लिम जकात फाउंडेशन के अध्यक्ष मजहर मोहम्मद खान का कहना है। कि रोजा सिर्फ अल्लाह की रजा के लिए है। अल्लाह इसकी जजा देने वाला है। रोजे के दौरान नवाज कुरान की तिलावत व गुफ्तगूं जरूरी है। उन्होंने कहा कि रोजे के दौरान अपने मुंह से किसी को बुरा भी नहीं कहा जाता है। अमेठी जदीद निवासी पूर्व प्रधान पति इदरीश खान का कहना है, रोजे से समान्यता भाई चारा एवं आपसी प्रेम का वातावरण बनता है। साल के इस विशेष महीने में सभी मुसलमानों को चाहें वह निर्धन हो या धनवान रोजा रखने वाले सभी रोजदारों को निधारित समय तक रोजा रखना फिर तयशुदा समय तक खाते पीते रहना होता है। इसलिए समाज को समान्यता एवं सूत्र में बांधता है।

मुखत्यार अहमद टेनी ने बताया अल्लाह की राह में जितनी इबादत की जाये उनका अज्र अल्लाह कई गुना देता है। रमजान के महीने में रोजदार द्वारा खाना पीना छोड़ने से ही रोजा पूरा नहीं हो जाता है, बल्कि रोजेदारों को गुनाह बेहयाही एवं बुरे कार्य को छोड़ना जरूरी है। इसके बाद ही अल्लाह से दुआ की जाती है कि अल्लाह हमें हमेशा रहमतों के साये में रखे, रोजा एक ऐसी रूहानी इबादत है कि इन्सान को हर बुरे कार्यों से बचाकर उसे ऊंचे स्थान पर पहुंचाता है।



महजर मोहम्मद खां



इदरीश खान



मुखत्यार अहमद टेनी

## अवैध खनन कर रहे बुलडोजर व ट्रैक्टर ट्राली सीज

**मेरापुर, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने अवैध खनन कर रहे बुलडोजर तथा ट्रैक्टर को सीज कर दिया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव नगला मटीला में अवैध खनन की सूचना पर संकिसा चौकी प्रभारी अच्छेलाल पाल ने मौके पर पहुंचकर अवैध खनन कर रहे बुलडोजर व ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ लिया। पुलिस ने चालकों से खनन करने का अनुमति पत्र व दोनों वाहनों के कागज दिखाने को कहा तो चालक नहीं दिखा सके। पुलिस बुलडोजर व ट्रैक्टर ट्राली को चालकों से चलवाकर थाने ले गई और दोनों वाहनों को धारा 207 एमवी एक्ट के तहत सीज कर दिया। संकिसा चौकी प्रभारी ने बताया कि इस सम्बन्ध में खनन विभाग को सूचना भेजकर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। बताते चलें कि क्षेत्र में अवैध खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। लोगों का कहना है कि पुलिस की मिलीभगत से खनन होता है।

# सरकारी जमीन बेचने के मामले में छह पर मुकदमा दर्ज

- लेखपाल की तहरीर पर हुई कार्यवाही

**मेरापुर, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज तहसील के गांव कुरार क्षेत्र के लेखपाल सौरभ कुमार ने अवैध रुप से सरकारी जमीन बिक्री कर दिए जाने के मामले में छ लोंगो के विरुद्ध सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम की धारा 3 के तहत मुकदमा दर्ज कराया है।

थाना मेरापुर तहसील कायमगंज के गांव कुरार क्षेत्र के लेखपाल सौरभ कुमार ने नगर कायमगंज निवासी शिवरतन सिंह यादव की पत्नी रामायन श्री व 452/5 छेनी रोड़ अपोजिट सरदार नगर नवयार बडोदरा गुजरात निवासी विमलेन्द्र सिंह यादव पुत्र महावीर तथा थाना मेरापुर क्षेत्र के गांव कुरार के मौजा गनेशपुर निवासी सोबरन सिंह, द्रुगपाल पुत्रगण जगन्नाथ, पुष्पेंद्र सिंह यादव पुत्र सोबरन सिंह, राजकुमार पुत्र सियाराम के विरुद्ध सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार ग्राम पंचायत कुरार की गाटा संख्या 295 मि0 जो कि राजस्व अभिलेखों में ऊसर के नाम दर्ज है। गाटा संख्या 295 के कुछ भाग पर सोबरन सिंह व द्रुगपाल ने झोपड़ी रखकर अवैध कब्जा किया था। 3 नबम्बर को उक्त अवैध कब्जे वाली भूमि 2200 रुपये प्रति वर्ग मी0 की दर से 523.125 वर्ग मी0 भूमि उक्त रामायनश्री व विमलेन्द्र सिंह यादव को अवैध ढंग से विक्रय कर दी। जिसमें पुष्पेंद्र सिंह यादव व राजकुमार साक्षी हैं। उक्त सभी आरोपितों ने यह कार्य जानबूझकर किया है। पुलिस ने गांव कुरार क्षेत्र के लेखपाल सौरभ कुमार की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच उपनिरीक्षक लव कुमार के सुपुर्द कर दी।